# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

शुक्रवार, 06 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 36, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 504 अंकों की गिरावट

शेयर बाजारों के कमजोर रुख के बीच सेंसेक्स कारोबार के अंत में 503.76 अंक की गिरावट के साथ 83,313.93 अंक पर बंद हुआ। } 14

## भारत भी कुछ वस्तुओं पर घटायेगा आयात शुल्क

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका मार्च के मध्य तक बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। } 16



### संक्षेप

## अमेरिका ने जब्त किये 200 वेबसाइट डोमेन

न्यूयार्क। अमेरिकी संघीय अधिकारियों ने भारत स्थित एक अंतरराष्ट्रीय अपराध संगठन से जुड़े 200 से अधिक वेबसाइट डोमेन जब्त किए हैं। ये अवैध ऑनलाइन फ़ार्मेसियां कम से कम छह लोगों की मौत और चार लोगों के गंभीर दवा सेवन की वजह बनी हैं। अमेरिका की मादक पदार्थ रोधी एजेंसी डीईए ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि देशभर में उसके कार्यालयों द्वारा की गई कई कार्वाइयों में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। डीईए ने न्यूयॉर्क के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के सहयोग से बताया कि ऑपरेशन मेल्टडाउन के तहत अमेरिका में सक्रिय भारत स्थित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठनों (टीसीओ) से जुड़े 200 से अधिक वेबसाइट डोमेन जब्त किए गए हैं।

## सड़क हादसे में चार की मौत, तीन घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। कोतवाली क्षेत्र के गोला-लखीमपुर रोड स्थित जलालपुर मोड़ के पास गुरुवार सुबह वेगनआर कार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। हादसे में दंपति सहित चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल और फिर लखनऊ रेफर किया गया। बहराइच जनपद के धर्मकुंडा निवासी सुनील सिंह (30), उनकी पत्नी सुधा सिंह (25), पुत्री मानवी (2), सुनील के साले संतोष सिंह (30), संतोष के भाई मुकेश सिंह (25) और गरेठी निवासी प्रवेश सिंह (25) दिल्ली के राजौरी गार्डन में डेकोरेशन का काम करते थे। संतोष सिंह की बहन का गुरुवार को तिलक कार्यक्रम होना था, इसी कारण सभी लोग कार से घर लौट रहे थे। वाहन संतोष सिंह चला रहे थे। लखीमपुर रोड पर जलालपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन से टक्कर में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस से सभी को सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने सुनील सिंह, सुधा सिंह और संतोष सिंह को मृत घोषित कर दिया।

## बाराबंकी : शिव मंदिर में 25 लाख की चोरी

बाराबंकी। जिले के हैदरगढ़ थाना क्षेत्र में मशहूर अवसानेश्वर महादेव शिव मंदिर से अज्ञात चोरों ने चांदी के गहने, नकदी और सीसीटीवी उपकरण सहित करीब 25 लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरि ने बताया कि चोर मंकी कैप पहने थे और मंगलवार तड़के करीब तीन बजे मंदिर के पीछे के मुख्य गेट का ताला तोड़कर परिसर में घुसे थे। गिरी ने बताया कि चोरों ने शिवलिंग के ऊपर लगी चांदी की छतरी, उसके चारों ओर लगी चांदी की परत और अन्य चांदी के गहने चुरा लिए, साथ ही दान पेटी में रखे पैसे भी ले गए। पहचान से बचने के लिए चोर सीसीटीवी रिकॉर्डिंग भी अपने साथ ले गए।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 23.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 12.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- ललितपुर और नोएडा बनेंगे ग्लोबल फार्मा हब (पृष्ठ-02)
- यूपी में चलेगा दिव्यांगजन रोजगार अभियान (पृष्ठ-02)
- रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 90.33 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- छतरियों पर लगा 100 रुपये का आयात मूल्य (पृष्ठ-14)
- सोने, चांदी के भाव में 10 प्रतिशत की गिरावट(पृष्ठ-14)


## बीसीसीआई की गतिविधि में भाग लेने को अनुराग ठाकुर स्वतंत्र

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष अनुराग ठाकुर को बृहस्पतिवार को राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने जनवरी 2017 के उस आदेश में संशोधन कर दिया, जिसमें उन्हें बोर्ड के मामलों से प्रतिबंधित किया गया था। इसके साथ ही, न्यायालय ने बोर्ड के साथ उनके जुड़ाव के लिए रास्ता साफ कर दिया।

न्यायालय ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर, नियमों और विनियमों के अनुरूप बीसीसीआई से संबंधित मामलों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र हैं। शीर्ष अदालत ने दो जनवरी, 2017 को बीसीसीआई के तत्कालीन अध्यक्ष ठाकुर को निर्देश दिया था कि वह तुरंत बोर्ड के कामकाज से खुद को अलग कर लें और उससे किसी भी तरह का संबंध न रखें। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने 2017 के आदेश में संशोधन संबंधी ठाकुर की याचिका पर सुनवाई करते हुए आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करते हुए बृहस्पतिवार को संबंधित आदेश ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राज्यसभा में विपक्ष पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री मोदी

- भारत के प्रति बढ़ा दुनिया का आकर्षण
- दुनिया की चुनौतियों को समाधान दे रहा भारत

एजेंसी



नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जवाब दिया। विपक्ष की ओर से जोरदार नारेबाजी के बीच उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा, धन्यवाद प्रस्ताव पर समर्थन के लिए इस सदन में अपनी भावनाओं को व्यक्त करना मैं अपना सौभाग्य मानता हूं। देश आज तेज प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे की उम्र को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, मेरी एक प्रार्थना है। आदरणीय खरगे जी की उम्र को देखते हुए, अगर वे बैठकर भी नारे लगाना चाहें तो लगा सकते हैं। पीछे कई सारे युवा नेता हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति के अभिभाषण में देश के मध्यम वर्ग, निम्न-मध्यम वर्ग, गरीब, गांव, किसान, महिलाएं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, बहुत ही विस्तार से भारत के प्रगति का एक स्वर संसद में गूंजा है। देश के नौजवान भारत के सामर्थ्य के कैसे आगे बढ़ा रहे हैं, इस पर भी विस्तार से चर्चा की गई है। राष्ट्रपति ने भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति भी भरोसा जताया है। यह हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा, देश का हर व्यक्ति यह महसूस कर रहा है कि एक अहम पड़ाव पर हम पहुंच चुके हैं। न हमें रुकना है, न हमें पीछे मुड़कर देखना है। हम आगे ही आगे देखना है और लक्ष्य को प्राप्त करके ही हमें सांस लेनी है। उस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने आगे कहा, भारत के भाग्य के लिए अनेक संयोग एक साथ हमें नसीब हुए हैं। ये अपने आप में बहुत ही उत्तम संयोग है। सबसे बड़ी बात है कि विश्व के समृद्ध से समृद्ध देश भी बुजुर्ग होते जा रहे हैं। वहां की आबादी उम्र के उस पड़ाव पर पहुंची है, जिन्हें हम बुजुर्ग के रूप में जानते हैं। हमारा देश ऐसा है, जो विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है, वैसे ही देश हमारा युवा होता जा रहा है। युवा आबादी वाला देश बनता जा रहा है। उन्होंने कहा, दूसरी तरफ मैं देख रहा हूं जिस प्रकार विश्व का भारत के प्रति आकर्षण बढ़ा है। विश्व भारत के प्रतिभा (टैलेंट) का अहमियत समझ रहा है। हमारे पास आज दुनिया का बहुत ही अहम टैलेंट पूल है। युवा टैलेंट पूल है, जिसके पास सपने, संकल्प और सामर्थ्य है। यानी शक्ति का आशीर्वाद हमारे साथ है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज विश्व में जो चुनौतियां पैदा हो रही हैं, भारत उनका समाधान देने, आशा की किरण देने वाला देश बना हुआ है। हम समाधान दे रहे हैं। आज अहम अर्थव्यवस्थाओं ...शेष पृष्ठ 14 पर

# चीनी मांझे से मौत पर अब चलेगा हत्या का मुकदमा

### चाइनीज मांझे से हो रही दुर्घटनाओं पर मुख्यमंत्री योगी का कड़ा रुख, राज्यव्यापी अभियान चलाकर छापेमारी के निर्देश



विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को चीनी मांझे से होने वाली मौत को हत्या की श्रेणी में रखते हुए दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट जारी बताया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चीनी मांझे से होने वाली मौतों को हत्या की श्रेणी में रखते हुए दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पोस्ट के मुताबिक मुख्यमंत्री ने चीनी मांझे से हो रही दुर्घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए प्रदेश में इसके खिलाफ सख्त कार्वाई करने और प्रदेशव्यापी अभियान चलाकर इसकी उच्चस्तरीय समीक्षा के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनजीवन की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

राजधानी के बाजारखाला में चीनी मांझे से एक युवक की मौत के बाद प्रदेश की योगी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। उनका कहना है कि किसी व्यक्ति की चाइनीज मांझे की वजह से होने वाली मृत्यु हत्या की तरह है। इस तरह के मामलों में संबंधित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि चाइनीज मांझा पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसके बावजूद इसकी उपलब्धता गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने पुलिस को प्रदेशव्यापी सघन छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान चाइनीज मांझे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## किसानों को अब पांच मिनट में मिलेगा ऋण : योगी

विशेष संवाददाता




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस ने उत्तर प्रदेश में ऋण स्वीकृति की तस्वीर ही बदल दी है। अन्नदाता किसान जब पहले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण लेने जाता था, तो 25 दिन से लेकर एक महीने तक इंतजार करना पड़ता था, लेकिन आज वही किसान ई-केसीसी के माध्यम से मात्र पांच मिनट में ऋण सुविधा प्राप्त कर रहा है। वर्ष 2026-27 के लिए जो हमारा कृषि ऋण 3 लाख करोड़

## सहकारी कैब सेवा भारत टैक्सी की हुई शुरुआत

नयी दिल्ली। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को देश के पहले सहकारिता-आधारित टैक्सी सेवा मंच भारत टैक्सी की शुरुआत की। दो महीने के सफल पायलट परीक्षण के बाद शुरू की गई यह टैक्सी सेवा फिलहाल दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में शुरू की गई है। इस मंच के उद्घाटन अवसर पर शाह ने कहा, अगले तीन वर्षों में भारत टैक्सी सेवा को कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से कामाख्या तक देशभर में चालू कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस ऑनलाइन टैक्सी सेवा मंच से होने वाला लाभ इससे जुड़े ड्राइवरों के साथ साझा किया जाएगा। इस टैक्सी सेवा के तहत ग्राहक आवागमन के लिए कार के साथ तिपहिया और दोपहिया वाहनों की भी बुकिंग कर सकेंगे। फिलहाल देश के ऑनलाइन टैक्सी बाजार पर उबर, ओला और रैपिडो जैसी कुछ चुनिंदा कंपनियों का वर्चस्व है। बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत भारत टैक्सी मंच की स्थापना छह जून, 2025 को की गई थी। इस मंच पर न तो किसी कमीशन का प्रावधान है और न ही व्यस्त समय में किसी तरह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संत परंपरा से सशक्त होती है राष्ट्र चेतना

### हरिद्वार में हुआ विराट संत सम्मेलन का भव्य आयोजन



प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि संत परंपरा भारतीय सभ्यता की आत्मा और राष्ट्र चेतना की मूल आधारशिला है। हरिद्वार के सप्तऋषि आश्रम मैदान में मां गंगा के पावन तट पर आयोजित विराट संत सम्मेलन में उन्होंने कहा कि संत समाज ने सदैव भारत को सांस्कृतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय रूप से एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ब्रह्मगिरी महाराज का जीवन इस बात का सशक्त उदाहरण है कि आध्यात्म केवल साधना तक सीमित नहीं होता, बल्कि जब वह सेवा और करुणा से जुड़ता है, तो समाज को दिशा देता है। भारत माता मंदिर की स्थापना कर उन्होंने राष्ट्रभक्ति और सनातन मूल्यों को जनमानस तक पहुंचाया, जो आज भी करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का केन्द्र है। वर्ष 1998 के कुंभ मेले में आचार्य महामंडलेश्वर बनाये जाने के बाद उन्होंने व्यापक स्तर पर नागा साधु परंपरा को सुदृढ़ किया और लाखों साधुओं को दीक्षा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रह्मगिरी महाराज की प्रतिमा स्थापना भावी पीढ़ी को आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने का माध्यम बनेगी। संत... शेष पृष्ठ 14 पर

## मेघालय : अवैध कोयला खदान में विस्फोट, 16 की मौत

- कई अन्य फंसे
- प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख
- अनुग्रह राशि की घोषणा

एजेंसी




शिलांग। मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में बृहस्पतिवार को अवैध कोयला खदान में विस्फोट होने से कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य के फंसे होने की आशंका है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आई नोंगरंग ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में कोयला खदान में हुए विस्फोट के कारण कम से कम 16 मजदूरों की मौत होने पर शोक जताया और मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर एक पोस्ट में मोदी के हवाले से कहा ईस्ट जयंतिया हिल्स, मेघालय में हुई दुर्घटना के बारे में जानकर दुख हुआ। अपने प्रियजन को खोने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायल व्यक्ति के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। डीजीपी ने बताया कि यह घटना थांगस्कू इलाके में हुई और बचाव दल तलाशी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा हमने अब तक 16 शव बरामद किए हैं, लेकिन विस्फोट के समय खदान के अंदर मौजूद लोगों की संख्या के बारे में सटीक जानकारी नहीं है। कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। ईस्ट जयंतिया हिल्स के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि घटना में घायल एक व्यक्ति को एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे राज्य की राजधानी शिलांग रेफर कर दिया गया। शक है कि यह विस्फोट उस जगह पर कोयला खनन की गतिविधियों के दौरान हुआ, जिसे एक गैर-कानूनी काम माना जा रहा है। जब पूछा गया कि क्या खदान अवैध रूप से संचालित ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** द्विपक्षीय संबंधों में नये दौर की होगी शुरुआत : जयशंकर

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अंतिम चरण में

एजेंसी





नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद कहा कि भारत-अमेरिका के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौता अंतिम चरण में है और इसके विवरण को बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

वाशिंगटन डीसी में जयशंकर और रुबियो के बीच यह वार्ता, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ फोन पर हुई बातचीत के बाद व्यापार समझौते के तहत भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा के तीन दिन बाद हुई। जयशंकर ने कहा कि यह व्यापार समझौता दोनों देशों के संबंधों में एक नया अध्याय खोलेगा। रूस से कच्चे तेल की खरीद पर वाशिंगटन द्वारा भारत पर लगाये गए 25 प्रतिशत शुल्क को हटाने सहित अमेरिकी टैरिफ में कमी की पुष्टि को छोड़कर, व्यापार समझौते के बारे में अब तक कोई ठोस विवरण सामने नहीं आया है। जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में, अपनी अमेरिका यात्रा को सार्थक और सकारात्मक बताया। उन्होंने कहा, भारत-अमेरिका के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौता आखिरी चरण में है और इसके विवरण को जल्द अंतिम रूप दे दिया जाएगा। यह हमारे द्विपक्षीय संबंधों में एक नये दौर की शुरूआत करता है, जिससे (दोनों देशों के बीच) संबंध के लिए अपार संभावनाएं खुलती हैं। विदेश मंत्री ने कहा महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित हमारा सहयोग भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में रणनीतिक मुद्दों, रक्षा और ऊर्जा पर सहयोग की उम्मीद है। उन्होंने कहा कुल मिलाकर, एक मजबूत गति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। जयशंकर महत्वपूर्ण खनिजों पर अमेरिका के नेतृत्व में आयोजित मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी की यात्रा पर हैं। भारत-अमेरिका संबंध उस समय से असहज है जब ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ को दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिया, जिसमें भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। टैरिफ के अलावा, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी की फिल्म सिटी में शुरू हुई शूटिंग

### फिल्म मॉम-2 के सेट के लिए शुरू हुई लैंड मैपिंग, 20 दिन में तैयार होगा सेटअप

विशेष संवाददाता




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी ने अब जमीनी रफ्तार पकड़ ली है। गौतमबुद्ध नगर के जेवर क्षेत्र में विकसित की जा रही उत्तर प्रदेश की इस पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में पहली फिल्म शूटिंग के रूप में मॉम-2 का फिल्मांकन होने जा रहा है। फिल्म सिटी परिसर में शूटिंग को लेकर प्रारंभिक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। परियोजना का निर्माण कर रहे बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के ज्वाइंट वेंचर ह्यबेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड ने जमीन की मैपिंग का कार्य शुरू कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, मैपिंग पूरी होने के बाद करीब 20 दिनों के भीतर शूटिंग सेट तैयार कर लिया जाएगा, जिसके बाद फिल्म की शूटिंग शुरू होने की संभावना है। गौरतलब है कि इंटरनेशनल फिल्म सिटी प्रोजेक्ट का कार्य बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक बोनी कपूर व भूटानी ग्रुप को संयुक्त रूप से मिला है। इस कंपनी ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास... शेष पृष्ठ 14 पर

# ललितपुर और नोएडा बनेंगे ग्लोबल फार्मा हब

## फार्मा पार्क के विस्तार को हरी झंडी, 2,000 एकड़ जमीन पर विकसित होंगे अत्याधुनिक पार्क

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 में देश-दुनिया के दिग्गज दवा निमार्ताओं, नीति-निर्धारकों और निवेशकों ने राज्य के औद्योगिक भविष्य का रोडमैप तैयार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंडस्ट्री लीडर्स के साथ कॉन्क्लेव का उद्घाटन करते हुए यूपी को फार्मा विनिर्माण और हेल्थकेयर नवाचार का नया केंद्र घोषित किया। मंथन के दौरान विशेषज्ञों ने माना कि बेहतर कानून-व्यवस्था, सुदृढ़ शासन और प्रगतिशील नीतियों के दम पर उत्तर प्रदेश अब निवेशकों के लिए सबसे अनुकूल और 'बिजनेस-फ्रेंडली' राज्य बनकर उभरा है। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य राज्य को दवाओं के विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनाकर वैश्विक पटल पर स्थापित करना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फार्मा कॉन्क्लेव के सुझावों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए स्पष्ट किया कि रेड और ऑरेंज श्रेणी की बल्क ड्रग मैन्युफैक्चरिंग इकाइयां अब नोएडा के साथ ललितपुर में उपलब्ध विशाल भूमि का लाभ उठा सकेंगी।

राज्य सरकार यूपीसीडा के माध्यम से ललितपुर में एक 'फ्यूचर-रेडी' फार्मा इकोसिस्टम विकसित कर रही है। इसके प्रथम चरण में 352.91 एकड़ क्षेत्र में फॉर्मुलेशन इकाइयों, बल्क ड्रग्स और कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर का काम युद्धस्तर पर जारी है। वहीं, द्वितीय चरण के तहत 1,465 एकड़ के विकास के लिए 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' पहले ही जारी किया जा चूका है। लगभग 8,000 एकड़ के विशाल लैंड बैंक के साथ उत्तर प्रदेश अब फार्मा निवेश के लिए दुनिया के सामने एक प्रमुख रणनीतिक गंतव्य के रूप में उभर रहा है। इसी इकोसिस्टम को मजबूती देते हुए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) सेक्टर-28 में 350 एकड़ में मौजूदा मेडिकल डिवाइस पार्क के साथ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट सेक्टर-7 में 250 एकड़ में एक और फार्मा फॉर्मुलेशन पार्क प्रस्तावित है, जो बेहतर निर्यात कनेक्टिविटी के साथ उत्तर प्रदेश को उत्तर भारत के प्रमुख हेल्थकेयर मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करेगा। यहाँ की सबसे बड़ी विशेषता उन्नत परीक्षण प्रयोगशालाएं और 'अनुरूपता मूल्यांकन' के लिए एएससीए प्रमाणन सुविधा होगी। इससे भारतीय फार्मा उद्यमियों को अब गुणवत्ता परीक्षण के लिए विदेशों का रुख नहीं करना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 की एक प्रमुख उपलब्धि के रूप में लगभग 10,000 करोड़ रुपये के निवेश आशयों की घोषणा की गई, साथ ही फार्मास्यूटिकल एवं मेडिकल डिवाइस क्षेत्र में 11 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ। इन प्रस्तावों से मैन्युफैक्चरिंग क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि, रोजगार सृजन तथा स्वास्थ्य आपूर्ति श्रृंखलाओं के मजबूत होने की उम्मीद है, जिससे राज्य के फार्मा क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 ने मजबूत रिसर्च एवं इनोवेशन बैकबोन के निर्माण के महत्व को प्रभावी रूप से रेखांकित किया। अग्रणी वैज्ञानिकों और संस्थागत प्रतिनिधियों जिनमें डॉ. राधा रंगराजन (सीडीआरआई), प्रो. शुभिनी ए. सराफ (नाइपर रायबरेली), डॉ. नीमा मिश्रा (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोलॉजिकल्स) तथा डॉ. सीमा पाई (आईएससीआर) सम्मिलित थीं, ने राज्य में वैज्ञानिक क्षमताओं को सुदृढ़ करने संबंधी महत्वपूर्ण विचार साझा किए। प्रमुख उद्योग संघों नमित जोशी (फार्मेक्सिल), सुदर्शन जैन (आईपीए), डॉ. विरंची शाह (आईडीएमए), ए. पी. रामेश्वर राव (बीडीएमएआई), अनिल मताई (ओप्पी), तथा ममता शर्मा (सीआईआई), ने नियामकीय सरलीकरण, शीघ्र अनुमोदनों, निर्यात सुविधा और नवाचार वित्तपोषण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्लस्टर-आधारित मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम और स्थिर नीतिगत रूपरेखा बहुराष्ट्रीय निवेश आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आदित्य बर्मन ने बायोफार्मा और आयुष क्षेत्र में प्रमाणन रूपरेखा तथा साक्ष्य-आधारित अनुसंधान के महत्व को रेखांकित किया।

# प्राथमिक कक्षाओं में मोबाइल पर लगे रोक : डॉ. बबीता

विशेष संवाददाता (vol)



- राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने जिलाधिकारियों को लिखा पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने जनपद गाजियाबाद में तीन सगी बहनों के आत्महत्या की घटना को गम्भीरता से संज्ञान में लेते हुए प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने बच्चों, विशेषकर बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर मोबाइल फोन एवं डिजिटल माध्यमों के दुष्प्रभावों पर गहरी चिन्ता व्यक्त करते हुए प्राथमिक कक्षाओं में मोबाइल-आधारित शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

बबिता सिंह चौहान ने पत्र में बताया कि प्रथम दृष्ट्या उपलब्ध तथ्यों के अनुसार उक्त घटना की पृष्ठभूमि में मोबाइल फोन पर गेम खेलने की लत तथा पिता की ओर से इसके विरोध को प्रमुख कारण बताया गया है। यह घटना न केवल एक परिवार की अपूरणीय क्षति है, बल्कि समाज एवं शैक्षणिक व्यवस्था के लिये गम्भीर चेतावनी भी है। यह निर्विवाद तथ्य है कि कोरोना काल में लॉकडाउन की अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण स्कूलों की ओर से मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षण की व्यवस्था की गई थी। मगर वर्तमान में सामान्य परिस्थितियां होने के उपरान्त भी कई स्कूलों की ओर से बच्चों के होमवर्क, असाइनमेंट एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियां अनिवार्य रूप से व्हाट्सएप ग्रुप अथवा अन्य डिजिटल माध्यमों से मोबाइल फोन पर भेजी जा रही हैं। इसके फलस्वरूप बच्चों के हाथ में निरन्तर मोबाइल उपलब्ध रहने की स्थिति बन गई है। यह स्थिति अत्यन्त चिन्ताजनक है कि अल्पायु के बच्चे मोबाइल फोन के प्रति मानसिक, भावनात्मक एवं व्यवहारिक रूप से आसक्त होते जा रहे हैं। मोबाइल पर अनियंत्रित गेमिंग, सोशल मीडिया तथा अन्य अवांछनीय गतिविधियां बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक सम्बन्धों एवं सामाजिक संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं, जिसका चरम एवं भयावह परिणाम गाजियाबाद की उक्त आत्महत्या की घटना के रूप में सामने है। जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने अधीनस्थ जनपदों में स्थित कक्षा 05 तक के समस्त शासकीय, सहायता प्राप्त एवं निजी स्कूलों में विषम एवं अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर, मोबाइल फोन के माध्यम से होमवर्क, असाइनमेंट अथवा अन्य शैक्षणिक कार्य प्रेषित किये जाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाएं, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाये कि विद्यालय में समस्त शैक्षणिक कार्य सम्पन्न कराये जायें, एवं होमवर्क दिया जाये जिससे इस प्रकार की दुर्भाग्यपूर्ण एवं हृदयविदारक घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# यूपी में एक लाख ग्रामीण महिलाओं के जीवन में मिठास घोलेगी शहद

- अब ग्लोबल होगा यूपी का शहद, महिलाएं लॉन्च करेंगी अपना ब्रांड
- मधुमक्खियां बढ़ाएंगी फसल की पैदावार, बदलेगी खेती किसानी की तस्वीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने और खेती-किसानी को नई ताकत देने के लिए बड़ा कदम उठाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मधुमक्खी पालन कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं शहद उत्पादन के साथ-साथ फसलों की उत्पादकता भी बढ़ाएंगी।

योजना के अंतर्गत आगामी तीन वर्षों में एक लाख महिला मधुमक्खी पालक तैयार की जाएंगी। इसके तहत प्रत्येक महिला उद्यमी की आय में प्रति वर्ष एक लाख रुपये तक की वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है।

मधुमक्खियों द्वारा परागण से गेहूं, सरसों, दलहन-तिलहन और बागवानी फसलों की पैदावार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी, जिससे किसानों को भी सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन विलेज के तहत अब यूपी का शहद वैश्विक पहचान बनाएगा। महिलाएं शहद का अपना ब्रांड विकसित करेंगी और शहद व अन्य उत्पादों के विपणन से प्रदेश के आर्थिक विकास में साझीदार बनेंगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और महिलाओं का आत्मनिर्भरता का सपना साकार होगा। इस योजना के जरिए प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और उद्यमियों को बाजार से जोड़ने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि यूपी का शहद देश-दुनिया में गुणवत्ता और भरोसे की पहचान बने।

# वाराणसी में मौसम खराब विमान की हुई लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग

**लखनऊ।** मौसम खराब होने के वजह से गुरुवार सुबह दिल्ली से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की नान शेड्यूल घरेलू उड़ान को वाराणसी से लखनऊ डायवर्ट किया गया। लखनऊ एयरपोर्ट पर यह विमान सुबह करीब 06:50 बजे उतरा। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि गुरुवार सुबह वाराणसी का मौसम अचानक खराब हो गया। जिससे वहां उड़ानों की लैंडिंग में दिक्कत आने लगी। जिसके कारण दिल्ली से सुबह 6:30 बजे वाराणसी पहुंची इण्डिगो की नान शेड्यूल उड़ान (6ई 6741) को लखनऊ एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया। यह उड़ान लखनऊ एयरपोर्ट पर सुबह करीब 06:50 बजे उतरी। विमान में 220 यात्री सवार थे। बाद में जब वाराणसी का मौसम सही हो गया, तब इस विमान को करीब 2 घंटे बाद लखनऊ एयरपोर्ट से करीब 09:47 बजे वाराणसी के लिए रवाना कर दिया गया।

# प्लास्टिक कचरे से बनायी 75 किमी लंबी सड़क

## लखनऊ, रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में विकास का नया मॉडल



- घर-घर कूड़ा कलेक्शन से खाद उत्पादन, तीन करोड़ रुपये से अधिक की आय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गांव अब स्वच्छता और नवाचार की नई पहचान गढ़ रहे हैं। प्लास्टिक कचरे से सड़क निर्माण, घर-घर कूड़ा संग्रहण कर उससे खाद निर्माण और आय सृजन के अभिनव प्रयोगों ने प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को हाईटेक बना दिया है। राजधानी लखनऊ समेत रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में प्लास्टिक कचरे से अब तक 75 किलोमीटर लंबी सड़कें तैयार की जा चुकी हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल पेश कर रही हैं।

पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में वेस्ट मैनेजमेंट का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में घर-घर से कूड़ा संग्रहण शुरू कर वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। इस पहल से अब तक 3 करोड़ रुपये से अधिक की आय सृजित हो चुकी है। वहीं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों से 29 लाख रुपये की अतिरिक्त कमाई की गई है। इस योजना के तहत पंचायतीराज विभाग प्रदेश में वेस्ट टू वेल्थ मॉडल पर काम कर रहा है। पंचायती राज विभाग की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छ गांव महाभियान के तहत कूड़े को संसाधन में बदला जा रहा है। प्लास्टिक कचरे का सदुपयोग कर सड़क निर्माण, जैविक कचरे से खाद उत्पादन और पंचायतों की आय बढ़ाने के ये प्रयोग प्रदेश के हर गांव को स्वच्छ, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इस योजना के जरिए प्रदेश के हर गांव में अभिनव प्रयोग किए जाएंगे। अमित कुमार सिंह के अनुसार, विभाग ग्राम पंचायतों को नवाचार के माध्यम से मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गांव-गांव स्वच्छता अभियान के साथ प्लास्टिक वेस्ट के यूटिलाइजेशन से न केवल पर्यावरण सुरक्षित हो रहा है, बल्कि करोड़ों रुपये की आय भी सृजित हो रही है।

# बिजली कर्मी करेंगे देशव्यापी आन्दोलन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया है कि 12 फरवरी 2026 को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल को ऐतिहासिक और निर्णायक बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में बिजली कर्मियों, संयुक्त किसान मोर्चा तथा सेंट्रल ट्रेड यूनियनों ने संयुक्त रूप से व्यापक अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह आंदोलन केवल कर्मचारियों का नहीं, बल्कि किसानों, श्रमिकों और आम उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा का साझा संघर्ष है।

समिति ने स्पष्ट किया कि बिजली कर्मियों को मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास है और उनके मार्गदर्शन में बिजली कर्मी लगातार व्यवस्था सुधार में ईमानदारी से योगदान दे रहे हैं। यदि निजीकरण का निर्णय वापस लिया जाता है तो बिजली कर्मी पूरी क्षमता और समर्पण के साथ प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और सुदृढ़ करने में जुट सकेंगे। संघर्ष समिति ने केन्द्र सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि संसद के बजट सत्र के दौरान इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 को किसी भी प्रकार की एकतरफा कार्यवाही के माध्यम से पारित कराने का प्रयास किया गया, तो देशभर के लगभग 27 लाख बिजली कर्मी बिना किसी अतिरिक्त नोटिस के लाइटनिंग एक्शन के लिए बाध्य होंगे। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की होगी। समिति यह स्पष्ट कर देना चाहती है कि बिजली कर्मियों को निजीकरण का कोई भी प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है और इसका हर स्तर पर प्रबल एवं निर्णायक प्रतिरोध किया जाएगा। निजीकरण के विरुद्ध चल रहे निरंतर आंदोलन के 435वें दिन प्रदेश के सभी जनपदों और परियोजनाओं पर बिजली कर्मियों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी रखे, जिससे यह संदेश स्पष्ट है कि जब तक निजीकरण के फैसले वापस नहीं लिए जाते, संघर्ष और तेज होगा।

# परफॉर्मेंस आधारित मूल्यांकन से अनुशासित और जवाबदेह हुई प्रशासनिक व्यवस्था

विशेष संवाददाता (vol)

- माफिया, संगठित अपराध और अवैध कब्जों के खिलाफ अभियानों से जनता में लौटा भरोसा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व उत्तर प्रदेश में एक ऐसे शासन मॉडल के रूप में उभरा है, जिसकी पहचान टाइम-बाउंड निर्णय, जीरो-डिले एक्शन और स्पष्ट जवाबदेही से होती है। उनकी कार्यशैली ने यह स्थापित किया है कि सत्ता का उद्देश्य केवल नीतिगत घोषणाएं करना नहीं, बल्कि उन्हें तय समयसीमा में जमीन पर उतारना है। कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर योगी सरकार ने राजनीतिक जोखिमों की परवाह किए बिना निर्णायक और सख्त हस्तक्षेप किए। माफिया, संगठित अपराध और अवैध कब्जों के खिलाफ चलाए गए अभियानों ने वर्षों से जड़ जमा चुके आपराधिक तंत्र की कमर तोड़ी। प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में माफिया की अवैध संपत्तियों पर हुई कार्रवाई ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। यह कार्रवाई केवल प्रतीकात्मक नहीं रही, बल्कि इसके ठोस परिणामों से आम नागरिकों में सुरक्षा और भरोसे की भावना सुदृढ़ हुई।

योगी आदित्यनाथ की व्यक्तिगत सादगी उनके प्रशासनिक दृष्टिकोण के समानांतर चलती है। एक ओर साधारण जीवनशैली, दूसरी ओर शासन में कठोर अनुशासन, समयपालन और जवाबदेही, यह संतुलन उनकी नेतृत्व शैली की पहचान है। अफसरों के लिए स्पष्ट समयसीमा, नियमित समीक्षा बैठकें और परफॉर्मेंस आधारित मूल्यांकन प्रणाली ने सरकारी मशीनरी को अधिक सक्रिय, परिणामोन्मुख और उत्तरदायी बनाया है। कोविड प्रबंधन में प्रभावी नियंत्रण, निवेश के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की मजबूती, एक्सप्रेसवे व एयरपोर्ट परियोजनाओं का रिकॉर्ड समय में पूरा होना और अवैध खनन पर सख्ती, ये सभी उदाहरण इस बात को रेखांकित करते हैं कि योगी सरकार का शासन मॉडल केवल भाषणों या दावों तक सीमित नहीं है। यह मॉडल जमीनी नतीजों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की बदली हुई छवि और सुशासन की नई परिभाषा को मजबूती से स्थापित करता है।

# डा. पवन कुमार अरुण चिकित्सा स्वास्थ्य महानिदेशक नियुक्त हुए

**लखनऊ।** डा. पवन कुमार अरुण को प्रदेश का नया चिकित्सा स्वास्थ महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वे डा. रतनपाल सिंह सुमन का स्थान लेंगे, जो 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गए। प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के महानिर्देशक ग्रेड के चिकित्साधिकारी डा. पवन कुमार वर्तमान में महानिदेशक परिवार कल्याण के पद पर तैनात थे। वहीं प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के महानिदेशक ग्रेड के चिकित्साधिकारी डा. हरी दास अग्रवाल को अब महानिर्देशक परिवार कल्याण बनाया गया है। वे अभी तक महानिदेशक प्रशिक्षण के पद पर तैनात थे। उनको नई तैनाती मिलने से रिक्त हुए डीजी प्रशिक्षण के पद पर भी नई तैनाती कर दी गई है।

# यूपी में आज से चलेगा दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0

## सेवायोजन के साथ स्व-रोजगार पर भी होगा फोकस



लखनऊ। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार एक और ठोस पहल करने जा रही है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में गुरुवार से 13 फरवरी 2026 तक दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 संचालित किया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सेवायोजन के साथ-साथ स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करना है। योगी सरकार की यह पहल दिव्यांगजनों को सम्मानजनक आजीविका, आत्मनिर्भरता और सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक और मजबूत कदम है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत विगत तीन वर्षों में कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई के माध्यम से प्रशिक्षित ऐसे पात्र एवं इच्छुक दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ा जाएगा, जो वर्तमान में जनपदों में उपलब्ध हैं। इसके साथ ही जनपद स्तर पर उपलब्ध अन्य इच्छुक दिव्यांगजन भी इस अभियान का लाभ ले सकेंगे। दिव्यांगजन रोजगार अभियान के दौरान जनपदों में संचालित औद्योगिक इकाइयों एवं अन्य अधिष्ठानों में उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष दिव्यांगजनों का सेवायोजन कराया जाएगा। इसके अलावा एमएसएमई, जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र तथा अन्य विभागों की स्व-रोजगार योजनाओं से भी दिव्यांगजनों को जोड़ा जाएगा।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि हर जनपद में यह अभियान मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा संचालित किया जाएगा, जिसमें जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला रोजगार सहायता अधिकारी और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक शामिल होंगे।[

नर्धारित अवधि में राजकीय आईटीआई को केंद्र बनाकर सेवायोजन एवं स्व-रोजगार संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत इच्छुक दिव्यांगजनों को भी इस अभियान में सम्मिलित किया जाएगा। जिला रोजगार सहायता अधिकारी के माध्यम से उन्हें उपलब्ध रिक्तियों पर नियोजित कराया जाएगा। निर्देश दिए गए हैं कि अभियान का जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन इस अवसर का लाभ उठा सकें और रोजगार की मुख्यधारा से जुड़ सकें। अभियान के सफल क्रियान्वयन पर सर्वाधिक सेवायोजन एवं स्व-रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्रदेश के शीर्ष 05 जनपदों के जिलाधिकारियों एवं उनकी टीम को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। 13 फरवरी को सायं 5 बजे तक सभी जनपदों से सेवायोजित दिव्यांगजनों की संख्या, नियुक्ति पत्र एवं स्व-रोजगार से जुड़े साक्ष्य मांगे जाएंगे।

# जन भवन में आयोजित होगी प्रादेशिक फल, शाकभाजी और पुष्प प्रदर्शनी

## राज्यपाल करेंगी प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों के लिए प्रवेश निःशुल्क, अन्य दर्शकों के लिए प्रवेश शुल्क प्रति व्यक्ति रुपये 20 अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से
- जन भवन के गेट संख्या-01 से होगा दर्शकों का प्रवेश

**लखनऊ।** राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल द्वारा 06 से 08 फरवरी तक जन भवन प्रांगण, लखनऊ में आयोजित की जा रही 57वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की उपस्थिति में किया जाएगा।

उद्यान विभाग के निदेशक भानु प्रकाश राम ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों द्वारा सदाबहार पत्तियों वाले पौधे, फूलों के गमले, शीतकालीन मौसमी पुष्प, गमलों के कलात्मक समूह, गमलों में उगाई गई शाकभाजी, बोनसाई, सक्यूलेंट्स, औषधीय एवं सुगंध पौधे, बोगेनविलिया, जैविक शाकभाजी, विशिष्ट फल, कट फ्लावर, पान, शहद तथा फल संरक्षण उत्पादों का सजीव प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बच्चों, महिलाओं एवं मालियों द्वारा की गई कलात्मक सज्जा भी प्रदर्शनी का आकर्षण होगी।

प्रदर्शनी की जजिंग का कार्य केंद्रीय औषधीय एवं सुगंध पौध संस्थान, राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (रहमानखेड़ा), कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों/विषय विशेषज्ञों एवं सेवानिवृत्त वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जायेगा। प्रदर्शनी के संबंध में विस्तृत जानकारी समिति की व े ब ा स ा इ ट ं ttp://upflowershowlko.com पर उपलब्ध है।

उद्घाटन कार्यक्रम के बाद 06 फरवरी को पूर्वाह्न 11:00 बजे से प्रदर्शनी जनसामान्य के अवलोकन एवं ज्ञानवर्धन के लिए खोल दी जाएगी। प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों के लिए प्रवेश निःशुल्क तथा अन्य दर्शकों के लिए रुपये 20 प्रति व्यक्ति सांकेतिक प्रवेश शुल्क निर्धारित है, जिसकी टिकटें जन भवन के गेट संख्या-01 पर स्थित टिकट काउंटर से नकद अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से प्राप्त की जा सकती हैं।



# राज्यपाल ने जन भवन गौशाला की गायों को खिलाया रोटी और गुड़

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से 23 जनवरी से 6 फरवरी, 2026 तक आयोजित पशुपालन पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को 14वें दिन जन भवन स्थित गौशाला में राज्यपाल तथा जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गायों को रोटी एवं गुड़ खिलाया गया। राज्यपाल ने जन भवन गौशाला की गायों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा स्वच्छता एवं समय पर खानपान व देखरेख के निर्देश दिये। उन्होंने गौशाला परिसर में हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर जन भवन के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

# सपा समर्थक का नाम डिलीट करने की हो रही तैयारी

## सपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपते हुए केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र सिंह और राधेश्याम सिंह ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है कि फतेहपुर, मथुरा, मऊ, अमेठी, जौनपुर, बस्ती, भदोही, बलरामपुर (तुलसीपुर), संभल (असमौली), जालौन, कासगंज, मऊ, सम्भल व गोण्डा (गौरा) सहित प्रदेश की लगभग सभी विधान सभाओं में सपा समर्थक मतदाताओं विशेष कर पीडीए और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से काटने के लिए भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा फार्म-7 में मतदाता का नाम व ईपिक नम्बर प्रिंट करवाकर बीएलओ व ईआरओ के पास जमा कर दिया गया है। भाजपा द्वारा जिलाधिकारी व ईआरओ पर सपा समर्थक मतदाताओं का नाम डिलीट करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। फार्म-7 जमा करके वैध मतदाताओं के नाम अवैध ढंग से कटवाने की साजिश करने वालों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाये और सभी फार्म-7 तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जायें जिससे, एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष सम्पन्न हो सके।

ज्ञापन में कहा गया है कि फतेहपुर, खागा विधानसभा के पोलिंग बूथ संख्या 335 पर मतदाता क्रमांक 46, 107, 344, 296, 392, 297, 389, 120, 62, 368 पर क्रमशः शकील अहमद, सैदुन निशा, तौशीफ अहमद, मो. हनीफ, निदा फातिमा, महमूदा बानो, आशमा, नुसरत जहां, कनीज, इशराह अहमद आदि मतदाताओं का नाम दर्ज है, इन मतदाताओं का नाम काटने के लिए भाजपा समर्थक सूर्य प्रकाश द्वारा फार्म-7 भर कर जमा किया गया है।

# अखिलेश का तंज चुनाव आयोग भाजपा का पर्यायवाची

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा है कि अब तो उल्टा ये कहना पड़ेगा कि चुनाव आयोग का कोई झंडा हो तो वो भाजपाइयों के घर पर लगा दे। उन्होंने कहा कि अब बस यही बचा है कि चुनाव आयोग भाजपाइयों के घर पर बूथ बना दे और भाजपाइयों को पीठासीन अधिकारी। क्या चुनाव आयोग ने भाजपा को ठेके पर अपना काम दे दिया है या भाजपा ने चुनाव आयोग को संविदा पर रख लिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रशासनिक पर्यायवाची कोष में चुनाव आयोग को भाजपा के पर्यायवाची के रूप में जोड़ देना चाहिए। भ्रष्ट-भाजपा शासनकाल में आश्चर्य ये नहीं है कि सरेआम वोट काटने-बढ़ाने का अपराध हो रहा है, आश्चर्य ये है कि संवैधानिक संस्थाओं को ये नजर नहीं आ रहा है।

संक्षेप

## जेआरएफ में चयन पर जतायी खुशी



प्रतापगढ़। जेआरएफ में सफलता मिलने पर परिवार व क्षेत्र के लोगों ने खुशी जतायी है। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अर्न्तगत रघवापुर गांव निवासी गजेन्द्रमणि दुबे पुत्र शिवपवन कुमार दुबे का चयन जेआरएफ में हुआ है। मेधावी गजेन्द्रमणि की इस उपलब्धि पर परिवार के लोग गदगद हैं। लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी साझा की। इस मौके पर साहित्यकार राधेश पाण्डेय, रिटायर्ड कैप्टन घनश्याम पाण्डेय, कैप्टन शिव त्रिपुरारि पाण्डेय, अशोक शुक्ला, उमापति मिश्र, आचार्य शिवदर्शन मिश्र, श्यामशंकर पाण्डेय, उमेश पाण्डेय आदि ने खुशी साझा की।

## बंद घर से जेवरात चोरी, दी तहरीर

प्रतापगढ़। परिवार के सदस्य पर जेवरात चोरी का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के घूरीपुर गांव की प्रीती देवी पत्नी फूलचंद्र गुप्ता ने गुरुवार को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह अपने परिवार के साथ रोजगार के सिलसिले में मुम्बई में रहती है। यहां गांव के मकान में ताला बंद रहता है। पीड़िता का आरोप है कि परिवार का एक सदस्य ताला खोलकर घर में रखे जेवरात कई बार में चुरा लिया। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जेवरात चोरी करके बेंच देने की बात स्वीकार की। पीड़िता ने मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

## विद्यालय गया छात्र गायब

प्रतापगढ़। घर से विद्यालय पढ़ने के लिए गया छात्र गायब हो गया। परेशान परिजन ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के मिश्रपुर धनऊ का पुरवा गांव निवासी राज यादव पुत्र रामकुमार यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो फरवरी को उसका पुत्र राहुल यादव सांगीपुर स्थित एक स्कूल में पढ़ने गया था। घर न लौटने पर परेशान परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन छात्र का कहीं पता नही चल सका। थक हारकर पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर दी। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## बांसी ब्लॉक परिसर में गंदे पानी का जल जमाव,

बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी ब्लाक गेट से ब्लाक परिसर में गन्दे पानी के हुए जल जमाव की समस्या से न केवल आवागमन में बांधा उत्पन्न हो रही है, अपितु जिम्मेदारो के निगरानी में ब्लाक परिसर में गंदे पानी के जल जमाव की समस्या से हुए आवागमन में बांधा के चलते जिम्मेदार साहेबानो के उपेक्षाकृत कार्य प्रणाली सहित स्वच्छता पर सवाल खड़े कर रहा है, ब्लाक गेट से अंदर ब्लाक परिसर तक जल जमाव की समस्या के कारण आवागमन में बांधा उत्पन्न हो रही है आखिर इसका जिम्मेदार कौन है नगर पालिका या फिर बांसी ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी साहेबान, वहीं सम्बंधित ब्लाक के जिम्मेदार साहेबानो के स्थानीय आवास पर रात्रि निवास न करने को लेकर तरह-तरह चचाओं सहित सुर्खियों में उक्त साहेबान बने हैं, जब की बांसी ब्लाक में तैनात कई ग्राम पंचायत सचिव ब्लाक ही नहीं जनपद छोड़ कई कई दिन गायब रहते हैं जिसको लेकर तरफ तरह की चर्चाए की जा रही है।

## खेसरहा में नसबंदी शिविर का आयोजित

सिद्धार्थनगर। जिले के खेसरहा सीएचसी अधीक्षक डॉ0 सुजीत कु0 पाडेय के नेतृत्व में खेसरहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में 27 महिलाओं ने परिवार नियोजन के हेतु नसबंदी कराई गई। मावियस फाउंडेशन की आकार परियोजना के तहत जननी संस्था द्वारा आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करना और जनसंख्या नियंत्रण के स्थायी उपाय अपनाने के लिए प्रेरित करना था। शिविर में कुल 30 लाभार्थियों का पंजीकरण हुआ, जिनमें से 27 महिलाओं की सफलतापूर्वक नसबंदी की गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने सभी प्रक्रियाओं को पूरी सतर्कता बरती।

# पूर्व छात्र ने शिक्षिका पर किया हमला

मैनपुरी। शहर कोतवाली क्षेत्र में एक पूर्व छात्र ने एक शिक्षिका पर कथित रूप से धारदार हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। छात्र कई साल से शिक्षिका का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान अखंडप्रताप (24) के रूप में हुई है और वह पूर्व में आगरा मार्ग स्थित एक निजी स्कूल में 12वीं का छात्र था। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, आरोपी युवक उसे बार-बार परेशान कर रहा था।

कोतवाल फतेह बहादुर सिंह ने बताया कि कुछ साल पहले शिक्षक-अभिभावक मीटिंग (पीटीएम) के दौरान छात्र की मां से शिकायत करने के बावजूद उसने कथित तौर पर शिक्षिका का पीछा करना और उसे डराना-धमकाना जारी रखा।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, लगातार उत्पीड़न के कारण उसने नौकरी छोड़ दी और शहर के दूसरे स्कूल में नौकरी शुरू कर दी हालांकि, आरोपी ने उसे धमकाना जारी रखा। पीड़िता के भाई द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया गया कि 20 जनवरी को शाम करीब साढ़े पांच बजे आरोपी ने ज्योति तिराहा के पास शिक्षिका को रोका और उसे जबरदस्ती एक गली में ले जाने की कोशिश की। हालांकि जब शिक्षिका ने विरोध किया तो आरोपी ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके चेहरे पर गंभीर चोटें आईं।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने बताया कि घायल महिला को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया और बाद में सैफई मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया। प्लास्टिक सर्जन की अनुपलब्धता के कारण महिला को विशेष इलाज के लिए आगरा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। आरोपी के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या

हाथरस। जिले में अलीगढ़-आगरा मार्ग पर अज्ञात हमलावरों ने बृहस्पतिवार को ताबड़तोड़ गोलियां बरसाते हुए एक युवक की हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के समदपुर गांव का निवासी अखिलेश चौधरी (28) दोपहर को गांव से हाथरस जाने के लिए निकला था। उन्होंने बताया कि अलीगढ़-आगरा मार्ग पर एक कोल्ड स्टोरेज के पास कार और मोटरसाइकिल पर सवार कुछ हमलावरों ने उसे घेर लिया और उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। अखिलेश ने अपनी जान बचाने के लिए कार से निकलकर भागने की कोशिश की लेकिन लगातार गोलीबारी के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# अनुदेशकों को मिलेगा 17 हजार का मानदेय



सिद्धार्थनगर। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के लगभग 25,000 अनुदेशकों के पक्ष में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। इस फैसले के तहत, अनुदेशकों को 17,000 रुपये का मासिक मानदेय मिलेगा और उनकी सेवा सुरक्षित रहेगी। न्यायमूर्ति पंकज मित्तल और मूर्ति एसबीएन भाटी की पीठ ने 2017 से अब तक के बकाया एरियर का भुगतान छह महीने के भीतर करने का सख्त आदेश दिया है। इसके अतिरिक्त, 1 अप्रैल 2026 से अनुदेशकों को 17,000 रुपये का मानदेय दिया जाएगा। इस फैसले से अनुदेशकों को अब सेवा से नहीं हटाया जा सकेगा, जिससे उनकी नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित हो गई है। यह निर्णय अनुदेशकों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है। इस फैसले का विभिन्न अनुदेशक संगठनों और व्यक्तियों ने स्वागत किया है। इनमें राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित नसीम साहब, राधेरमण त्रिपाठी, राममिलन गौतम, गंगाराम (नायब तहसीलदार) सहित कई अन्य अनुदेशक और पदाधिकारी शामिल हैं। शिक्षामित्र संगठन, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ टीम, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ और प्राथमिक शिक्षक संघ ने भी इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त की है।


## कल आयेंगे प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल

श्रावस्ती। जनपद के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल शनिवार, 07 फरवरी को श्रावस्ती के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। उनके आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रेसवार्ता के माध्यम से रखेंगे बजट का पक्ष प्रभारी अधिकारी (प्रोटोकॉल) व उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर 02:00 बजे कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचेंगे। यहाँ वे मीडिया प्रतिनिधियों के साथ 'केन्द्रीय बजट की उपलब्धियों' के विषय में विस्तृत चर्चा करेंगे और बजट से आम जनता को होने वाले लाभों की जानकारी साझा करेंगे। संक्षिप्त रहेगा दौरा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार, प्रेसवार्ता और महत्वपूर्ण चचाओं के बाद अपरान्ह 03:30 बजे वापस लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। इस के दौरे को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## ऑपरेशन शील्ड में एसिड बिक्री पर सघन चेकिंग

श्रावस्ती। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज- 5.0 के अंतर्गत चलाए जा रहे 20 दिवसीय विशेष अभियान ऑपरेशन शील्डह्व के तहत जनपद श्रावस्ती में एसिड की अवैध बिक्री एवं वितरण के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान लगातार जारी है। अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ श्रीमती पद्मजा चौहान द्वारा जारी आदेश-निदेर्शों के क्रम में पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा एवं क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में थाना नवीन मॉडर्न, थाना गिलौला एवं महिला थाना की मिशन शक्ति टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में विभिन्न दुकानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर एसिड की अवैध बिक्री व वितरण को लेकर सघन जांच-पड़ताल की गई। चेकिंग अभियान के दौरान एसिड की अवैध बिक्री अथवा वितरण से संबंधित कोई भी मामला प्रकाश में नहीं आया। बावजूद इसके, भविष्य में इस प्रकार की किसी भी अवैध गतिविधि की रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए निरंतर निगरानी की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दबंगों ने अमीन को पीटा



सिद्धार्थनगर। सरकारी कार्य में बाधा डालने और संग्रह अमीन के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बकाया वसूली के दौरान दो युवक संग्रह अमीन के साथ गाली-गलौज की। इसके बाद खेत में ही मुख्यमंत्री योगी-प्रधानमंत्री मोदी का नारा लगाते हुए पिटाई की। जिसका वीडियो सामने आया है। मामला नौगढ़ तहसील के मोहाना थाना क्षेत्र में रोहूडीला गांव का है। मंगलवार को नौगढ़ तहसील के रोहूडीला गांव में संग्रह अमीन मुकेश भारती नायब, तहसीलदार सदर और अन्य कर्मचारियों के साथ ग्रामीण बैंक से जुड़े बकायेदारों की संपत्ति कुर्क करने पहुंचे थे। जिसमें रोहूडीला गांव निवासी अनिल यादव और अखिलेश यादव पर बैंक का लगभग 5.50 लाख रुपए बकाया था। राजस्व विभाग द्वारा इसी बकाया राशि की वसूली के लिए कार्रवाई की जा रही थी। खेत की कुर्की शुरू होते ही दोनों आरोपी उग्र हो गए। आरोप है कि उन्होंने संग्रह अमीन मुकेश भारती के साथ गाली-गलौज की और डंडों व घूंसे से मारपीट कर सरकारी कार्य में जानबूझकर बाधा डाली। वीडियो में घटना का पूरा दृश्य साफ तौर पर देखा जा सकता है। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव का प्रयास किया। लेकिन आरोपी लगातार हमला करते रहे। घटना के बाद संग्रह अमीन मुकेश भारती की तहरीर पर मोहाना थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस घटना को लेकर राजस्व विभाग के कर्मचारियों में आक्रोश है। कर्मचारियों का कहना है कि वे शासन के निर्देश पर वैधानिक कार्य करते हैं। लेकिन इस तरह की घटनाएं उनकी सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सफलता का कोई शार्टकट रास्ता नहीं

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुआ बोर्ड परीक्षार्थियों का विदाई समारोह



प्रतापगढ़। पं० नागेशदत्त पब्लिक स्कूल अझारा लालगंज में गुरुवार को सीबीएसई बोर्ड के कक्षा बारह के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कक्षा बारह के छात्र छात्राओं ने विद्यालय में बिताये गये अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होने अपने जूनियर छात्र छात्राओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और कड़ी मेहनत की सलाह दी। वहीं विद्यालय के संस्थापक सेवानिवृत्त आईएएस रमेशचंद्र मिश्र, एचआर हेड गौरव मिश्र, शैक्षणिक नियंत्रक रीमा मिश्रा ने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक सुनीता मिश्रा व प्रकाशचंद्र मिश्र ने बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन पर मेधावी छात्र पीयूष मिश्र एवं मेधावी छात्रा रिद्धि त्रिपाठी को मिस्टर व मिस फेयरवेल का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रकाशचंद्र मिश्र ने छात्र छात्राओं को कडी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का है। सफलता का कोई शार्टकट रास्ता नहीं हुआ करता है। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य एसपन त्रिपाठी व संचालन शिक्षक प्रदीप शुक्ल, छात्र अहमद रजा एवं छात्रा अनुश्री शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर शिक्षक हिमांशु शुक्ल, श्यामशंकर मिश्र, अनीता द्विवेदी, प्रकाश त्रिपाठी, राजीव रत्न त्रिपाठी, अनिल द्विवेदी, महावीर सिंह, शैलेन्द्र शुक्ल, रवीन्द्र शुक्ल, मनोज शुक्ला, विवेक पाण्डेय, श्रुति शुक्ला, मंजू शुक्ला, प्रतिज्ञा श्रीवास्तव, आदि मौजूद रहे।

## नपा अध्यक्ष हेमंत ने स्वच्छता के लिए कर्मचारियों को दिए निर्देश



उसका सिद्धार्थनगर। जिले के उसका बाजार नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमन्त जयसवाल ने सम्बंधित सफाई नायकों एवं सफाई कर्मियों को उसका बाजार न0 पं0 कस्बा परिक्षेत्र में साफ सफाई स्वच्छता एवं नियमित झाडू लगाने सहित कूड़ा-करकट स्थानो पर डाले जाने का निर्देश दिया है। नगर भ्रमण करते हुए पूर्व न0 पं0 अध्यक्ष /व अध्यक्ष प्रतिनिधि उसका बाजार हेमंत जयसवाल ने नगर पंचायत उसका बाजार को साफ सुथरा एवं सुन्दर बनाने के लिए सम्बंधित जिम्मेदारो को उनके दायित्वों का बोध कराया गया, वहीं उसका बाजार परिक्षेत्र को और बेहतर सुविधाएं एवं सर्वांगीण विकास कार्य कराये जाने हेतु हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है।

## पुलिस ने 4 वारंटी गिरफ्तार किये



सिद्धार्थनगर- खेसरहा पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे वारंटी गिरफ्तारी अभियान के तहत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को न्यायालय द्वारा जारी वारंटों के आधार पर पकड़ा गया और अदालत में पेश किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी बाँसी रोहिनी यादव के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चार अलग-अलग वाद संख्याओं (80/20, 1166/17, 1182/05 और 353/09) से संबंधित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए वारण्टीगण में दीपचन्द पुत्र बब्लू (बंजरहा बुजुर्ग), नागेन्द्र सिंह पुत्र मुनिराज सिंह (कलनाखोर), सन्तराम पुत्र बंशीलाल (मरवटिया बाजार) और अनिल कुमार पुत्र प्रदीप (भेड़ौहा) शामिल हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक विजय कुमार सिंह, उप निरीक्षक श्याम मोहन त्रिपाठी, उप निरीक्षक चन्द्रिका प्रसाद मौर्य, हेड कांस्टेबल रामजी, कांस्टेबल अखिलेश कुमार, कांस्टेबल दीपक कुमार गौड़ और कांस्टेबल जितेन्द्र साहनी शामिल थे। पुलिस टीम ने सभी गिरफ्तार वारण्टीगण के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें न्यायिक मजिस्ट्रेट बांसी की अदालत में प्रस्तुत किया।

## इटावा नंबर की गाड़ियों का टोल किया जाए माफ

इटावा। उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने जिला प्रशासन से मांग की है कि फरूर्खाबाद रोड पर नवनिर्मित बख्तियारपुर टोल प्लाजा पर इटावा के नंबर के वाहनों से टोल नहीं लिया जाए। उन्होंने कहा कि मात्र 15-20 किलोमीटर दूरी पर चलने के लिए यह टोल टैक्स जायज नहीं है, इससे जिले के आस पास गांवों और कस्बों में रहने वाले निवासियों पर अतिरिक्त खर्च बढ़ेगा तथा छोटे माल वाहक से शहर में अपनी कृषि उपज को मंडी में लानेवाले किसानों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा जिससे माल भाड़ा मंहगा होगा।

# बजट सत्र में पारित कराया जाये अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम



लखनऊ। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक की मांग को लेकर गुरूवार को यहां आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन ने डीएम कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। वहीं अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय मे मौजूद सिटी मजिस्टेज्ट क्षिप्रा पाल को ज्ञापन भी सौंपा। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी की अगुवाई में एकजुट हुए अधिवक्ताओं ने आगामी नौ फरवरी से होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम कानून को पारित कराए जाने की मांग उठाई। प्रदेश की राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में यह भी मांग की गयी है कि वह राज्य सरकार को बजट सत्र के पहले दिन श्री राज्यपाल के अभिभाषण में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम का उल्लेख किये जाने के लिए नीतिगत निर्देश प्रदान करे।

एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में वकीलों ने ज्ञापन को सिटी मजिस्टेज्ट क्षिप्रा पाल को सौंपा। वहीं वकीलों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर प्रदेश भर में निकली सुरक्षा यात्रा को वकीलो का भरपूर समर्थन मिला है। जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन सौपने के बाद बजट सत्र में अगर इस मांग को गंभीरतापूर्वक सरकार ने नहीं लिया तो एसोसिएसन विधानसभा के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की शुरूआत करेगा। महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि राजधानी लखनऊ तथा सोनभद्र व बाराबंकी आदि जिलों में अधिवक्ताओं पर प्राणघातक हमले इधर हुए हैं। उन्होने कहा कि सरकार वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में लगातार विफल साबित हो रही है। अधिवक्ताओं ने मांग को लेकर डीएम कार्यालय के सामने व परिसर में घूम घूम कर नारेबाजी की। सभा की अध्यक्षता एसोसिएसन के जिला इकाई अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार तिवारी व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीकांत तिवारी ने किया। मण्डलीय अध्यक्ष आनंद त्रिपाठी ने विरोध प्रदर्शन का संयोजन किया। इस मौके पर अमित कुमार मिश्र, अशोक दीक्षित, डीपी सिंह, कौशलेंद्र वर्मा, विशाल शर्मा, देवेश दुबे, संजीव तिवारी, अंकित गुप्ता, विनय साहू, आशुतोष तिवारी, रोहित दुबे, आदि अधिवक्ता रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने सिद्धार्थनगर महोत्सव 2026 पर पत्र जारी किया



सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिद्धार्थनगर महोत्सवझ्र2026 के आयोजन को लेकर एक पत्र जारी किया है। इस महोत्सव का उद्देश्य जनपद की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करना और बौद्ध दर्शन की वैश्विक विरासत को नई दिशा देना है। अपने पत्र में प्रधानमंत्री ने सिद्धार्थनगर को वह पावन भूमि बताया है, जिसने मानवता को शांति, सह-अस्तित्व और आत्मबोध का मार्ग दिखाया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक धरती पर होने वाले महोत्सव के महत्व पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने लिखा है कि भगवान बुद्ध का करुणा, अहिंसा और सम्यक दृष्टि का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना प्राचीन काल में था। उनका मध्यम मार्ग, सहिष्णुता और मानव गरिमा का विचार भारत की आत्मा में रचा-बसा है, जो बौद्ध विरासत को भारत की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न अंग बनाता है और पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भगवान बुद्ध के जीवन और विचारों से प्रेरणा लेते हुए देश अपनी समृद्ध विरासत पर गर्व के साथ एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस तरह के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आयोजन देशवासियों में एकता और सौहार्द को मजबूत करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सिद्धार्थनगर महोत्सव जनपद की ऐतिहासिक धरोहर, लोककला, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक परंपराओं को नई पहचान देगा।

# युद्ध और महामारी को हराकर सलिल बने डॉक्टर

## बढ़ाया जिले का मान, माता- पिता के संबल ने दिया बल

जिला संवाददाता



कटरा श्रावस्ती। इकौना तहसील अंतर्गत कल्यानपुर (कटरा) के एक मेधावी युवा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम लहरा कर जिले को गौरवान्वित किया है। हरिश्वर पाण्डेय के सुपुत्र सलिल कुमार ने रूस से एमबीबीएस की कठिन शिक्षा पूर्ण कर और भारत लौटकर प्रतिष्ठित 'विदेशी मेडिकल स्नातक परीक्षा' में विजय प्राप्त की है। सलिल की यह उपलब्धि केवल एक डिग्री मात्र नहीं, बल्कि आपदाओं के बीच जन्म लेने वाली एक अदम्य जिजीविषा की गौरवगाथा है।

संघर्षों की अग्निपरीक्षा और नियति का खेल सलिल कुमार की यह यात्रा वर्ष 2018 में शुरू हुई थी, जब वे आँखों में डॉक्टर बनने का सुनहरा सपना लेकर रूस के लिए रवाना हुए थे। किंतु नियति ने उनके धैर्य की कठिन परीक्षा ली। पढ़ाई के शुरूआती दौर में ही संपूर्ण विश्व कोविड-19 की त्रासदी से घिर गया। स्थितियां सामान्य होने ही वाली थीं कि रूस-यूक्रेन युद्ध की विभीषिका शुरू हो गई। आसमान में गरजते लड़ाकू विमानों और मिसाइलों के साये में पढ़ाई जारी रखना किसी दुःस्वप्न से कम नहीं था।

युद्ध के कारण बार-बार वतन वापसी और महीनों तक शैक्षिक वातावरण से दूरी ने सलिल को गहरे मानसिक अवसाद और तनाव की ओर धकेल दिया था। उन्हें लगने लगा था कि युद्ध की ज्वाला उनके सपनों को भस्म कर देगी और वे कभी डॉक्टर नहीं बन पाएंगे। इस विकट घड़ी में उनके पिता हरिश्वर पाण्डेय एक अचल हिमालय की तरह उनके पीछे खड़े रहे। संसाधनों की मयार्दा और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने कभी सलिल के हौसले को डगमगाने नहीं दिया। बेटे की सफलता पर भावुक पिता ने कहा, एक पिता के लिए इससे गौरवपूर्ण क्षण और क्या होगा कि उसका पुत्र समाज की पीड़ा हरने के लिए चिकित्सक बने।

जब रूस-यूक्रेन युद्ध की खबरें आती थीं, तो कलेजा कांप जाता था, लेकिन मैंने सलिल से बस यही कहा था कि बेटा, युद्ध मैदान में होता है, मन में नहीं। तुम अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाते रहो, तुम्हारी सुरक्षा और शिक्षा के लिए मैं अपनी अंतिम सांस तक ढाल बनकर खड़ा रहूँगा। सफलता का स्वर्णिम सोपान डॉक्टर सलिल की मेधा की जड़ें बचपन से ही गहरी थीं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक और हाईस्कूल की शिक्षा सेंट जेवियर्स स्कूल, बलरामपुर से प्राप्त की, जबकि इंटरमीडिएट की उच्च शिक्षा कोटा (राजस्थान) के शिव ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल से पूरी की। कठिन परिश्रम और माता-पिता के आशीर्वाद का ही प्रतिफल था कि जनवरी में जारी परीक्षा के परिणामों में सलिल ने बाजी मार ली। आज उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस क्षेत्र में आने वाले छात्रों से क्या कहना चाहेंगे सलिल ने कहा लक्ष्य पर एकाग्रताः परिस्थितियां कैसी भी हों, अपने मुख्य उद्देश्य को कभी ओझल न होने दें। मानसिक सुदृढ़ताः संकट के समय तनाव को हावी न होने दें; धैर्य ही आपकी सबसे बड़ी जीत है। परिजनों पर विश्वासः माता-पिता के मार्गदर्शन और उनके संबल को अपनी शक्ति बनाएँ। कठिन परिश्रमः सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, निरंतर अभ्यास ही एकमात्र विकल्प है। सकारात्मक दृष्टिकोणः प्रतिकूल समय को एक चुनौती की तरह लें, न कि रुकावट की तरह।

# बागवानी से संवरेगी किसानों की तकदीर

## मुख्यमंत्री औद्यानिक विकास मिशन का शंखनाद



श्रावस्ती। जनपद के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और पारंपरिक खेती के बजाय बागवानी को आधुनिक आधार देने के लिए 'मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास मिशन' की शुरूआत हो गई है। विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु 'एक्शन प्लान' तैयार किया गया। प्रशासनिक और तकनीकी तालमेल बैठक में विकास की गति तेज करने के लिए परियोजना निदेशक अश्विनी कुमार, उप कृषि निदेशक, डीसी मनरेगा और एलडीएम बैंक समेत विभिन्न वित्तीय संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। तकनीकी मार्गदर्शन के लिए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों की टीम मौजूद रही। विभागीय स्तर पर विनय कुमार मौर्य, राम भरोसे और उद्यान विभाग के अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने योजना की बारीकियों पर चर्चा की। साथ ही, क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों का पक्ष रखते हुए आशिफ सिद्दीकी और अजय चौधरी ने महत्वपूर्ण जमीनी सुझाव साझा किए। सीधे किसानों को मिलेगा लाभ डी बी टी के माध्यम से, जिला उद्यान अधिकारी बी. एस. चौधरी ने जानकारी दी कि श्रावस्ती को पहली बार इस योजना का सौभाग्य मिला है। इसके प्रमुख आकर्षण निम्न हैंः सब्जी उत्पादनः संकर शाकभाजी के लिए 50 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है। 'काइन्ड डीबीटी' के तहत जायद फसलों के बीज निःशुल्क दिए जाएंगे और ?24,000/हेक्टेयर का अनुदान मिलेगा। फूलों की खेतीः गेंदा की खेती के लिए ?20,000 प्रति हेक्टेयर की सहायता राशि तय की गई है। मशरूम उत्पादनः नई इकाई स्थापित करने पर लागत का 50 प्रतिशत (अधिकतम 1 लाख) तक का अनुदान सीधे लाभार्थी के खाते में जाएगा। सुरक्षित खेतीः जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु 10 इको-फ्रेंडली लाइट ट्रैप दिए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी के कड़े निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने बैंकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कृषि ऋण और अनुदान की फाइलों को अनावश्यक न लटकाया जाए। उन्होंने अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कृषकों के लिए निर्धारित कोटे का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि प्रगतिशील किसानों के सहयोग से इस मिशन को एक 'जन-आंदोलन' बनाकर घर-घर तक पहुँचाया जाएगा।

# मानसून से पहले दूर हो जायेगी जलभराव की समस्या

- गोड़धोइया नाला परियोजना से शहर के उत्तरी छोर के करीब डेढ़ दर्जन वार्डों को मिलेगी बड़ी राहत
- सीएम योगी की प्राथमिकताओं में शामिल है गोड़धोइया नाला का कायाकल्प
- 495 करोड़ रुपये की परियोजना में भौतिक प्रगति 82 प्रतिशत, जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य

घनश्याम कुमार



गोरखपुर। इस वर्ष मानसून से पहले आधे शहर को जलभराव की समस्या दूर हो जाएगी। इसका जरिया बनेगी गोड़धोइया नाला परियोजना। 495 करोड़ रुपये की इस परियोजना की अब तक की भौतिक प्रगति 82 प्रतिशत है। जून 2026 तक इसे पूर्ण किया जाना लक्षित है। परियोजना का काम पूरा होते शहर के उत्तरी छोर के करीब डेढ़ दर्जन वार्डों को बड़ी राहत मिल जाएगी। गोरखपुर शहर को स्वच्छ, सुंदर और जलभराव मुक्त बनाने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाले कार्यों में गोड़धोइया नाला परियोजना भी शामिल है। पक्का नाला, एसटीपी और सीवरेज लाइन निर्माण शुरूआत होने के पहले से लेकर निर्माण प्रक्रिया के दौरान वह खुद कई बार भौतिक निरीक्षण कर चुके हैं। गोड़धोइया नाला कई दशकों तक उपेक्षा और गंदगी का पर्याय बना रहा। अतिक्रमण के कारण यह एक तरह से विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गया था। मुख्यमंत्री ने इसके जीर्णोद्धार के लिए पक्का नाला निर्माण, डायवर्जन, इंटरसेप्शन और ट्रीटमेंट की परियोजना बनवाई। यह परियोजना 495 करोड़ रुपये की लागत वाली है।

**8.35 किमी तक बन चुका नाला**

जीर्णोद्धार परियोजना के पूर्ण होने पर गोड़धोइया नाला करीब साढ़े तीन लाख की आबादी को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने का माध्यम बन जाएगा। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 9.25 किमी की लंबाई में नाला निर्माण होना है। 38 एमएलडी की एक एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) बननी है। 17.94 किमी इंटरसेप्टिंग सीवर लाइन और 18 ब्रिज/कल्वर्ट बनाए जाने है। 130 नाले/नालियों का इंटरसेप्शन होना है। कुल 61 एमएलडी क्षमता के 15 मेन पंपिंग स्टेशन बनाए जाने हैं। इन कार्यों के सापेक्ष समग्र रूप से 82 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गए हैं।

कार्यदायी संस्था जल निगम (शहरी) के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार बताते हैं कि अब तक 8.35 किमी की लंबाई तक नाला निर्माण कर लिया गया है। 12 किमी पाइप आपूर्ति हो चुकी है। 7.1 किमी सीवर लाइन बिछाई जा चुकी है। इसी तरह एसटीपी का निर्माण भी 83 प्रतिशत तक हो गया है। 11 कल्वर्ट बना लिए गए हैं और निर्माणाधीन 2 अन्य जल्द बन जाएंगे। 15 एमपीएस में से 14 के लिफ्ट कंक्रीटिंग का कार्य पूरा हो गया है। अधिशासी अभियंता के मुताबिक जो भी कार्य बचे हैं उन्हें तेजी से कराया जा रहा है।

**शोधित पानी जाएगा रामगढ़ताल**

में बिछिया जंगल तुलसीराम पश्चिमी, शिवपुर शहबाजगंज, जंगल शालिग्राम, बिछिया जंगल तुलसीराम पूर्वी, रेलवे बिछिया कॉलोनी, शाहपुर, भेड़ियागढ़, घोसीपुरवा, सेमरा, बशारतपुर, मानबेला, राप्तीनगर, लोहिया नगर, जंगल नकहा, राम जानकी नगर, शक्तिनगर एवं चक्सा हुसैन से जनित सीवेज जो नाले में बहते हैं, उन्हें 38 एमएलडी एसटीपी पर शोधित कर रामगढ़ताल में प्रवाहित किया जाएगा। नाला अतिक्रमण मुक्त होने से इसके कैचमेंट एरिया (अधिग्रहण क्षेत्र) में आने वाली विभिन्न कालोनियों में जलभराव की समस्या का भी निदान हो जाएगा।

## संयुक्त परिषद ने साक्ष्यों सहित खोली पोल डीएम को सौंपा ज्ञापन



इटावा। जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह के कार्यनामो की कर्मचारी संयुक्त परिषद ने साक्ष्यों सहित खोली पोल जिलाधिकारी को साक्ष्यों सहित सौंपा ज्ञापन। गुरूवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद इटावा के प्रतिनिध मंडल ने जिला अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला से भेंटकर बनवारी सिंह जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा किए गए कर्मचारियों के शोषण, उत्पीड़न के साक्ष्य उपलब्ध कराए गए परिषद के अध्यक्ष राजेश मिश्रा द्वारा बताया गया है बनवारी सिंह विगत चार साल से जनपद में तैनात है तब से अब तक इनके द्वारा लगातार पंचायत सचिवों और सफाई कर्मचारियों का इतना आर्थिक एवं मानसिक शोषण किया गया कि कोई कर्मचारी मुँह खोलने की हिम्मत भी नहीं जुटा सका कर्मचारी संगठनों द्वारा कई वार इनके विरुद्ध धरना प्रदर्शन किये गये लेकिन कोई भी दंडात्मक कार्यवाही नहीं होने से अधीनस्थ कर्मचारियों में और भी भय बढ़ता गया कुछ कर्मचारी तो इतने परेशान हुए कि आत्महत्या करने की सोचने लगे थे। ज्ञापन के समय राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिलामंत्री पवन श्रीवास्तव, कार्यवाहक अध्यक्ष रिजवान अहमद, संरक्षक दिलीप मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूरन सिंह, आलोक पारासर, उपाध्यक्ष अजय कुमार, अध्यक्ष संघर्ष समिति वेदप्रकाश मिश्रा, राहुल कुमार, विपिन कुमार धनगर, मनीष कुमार, सुनील कुमार, आशीष शुक्ला, शिवशंकर यादव, शुभम, चन्द्रशेखर, चंद्रप्रकाश, संजय कठेरिया, बलराम यादव, धर्मेंद्र परिहार, प्रवीण पाण्डेय सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आंगनवाड़ी प्रशिक्षण आयोजित



मझगांवा, गोरखपुर। आईसीडीएस विभाग गगहा द्वारा आंगनवाड़ी प्रशिक्षण राष्ट्रीय कृमि दिवस पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अशोक पाण्डेय बीसीपीएम ने की। प्रशिक्षण में सहभागी आंगनवाड़ी को बताया गया कि 10 फरवरी को अभियान चलाया जाएगा, जिसमें 1 साल से 19 साल के सभी बच्चों को कृमि की दवा खिलाई जाएगी। 1 साल से 2 साल के बच्चों को आधी गोली पीसकर और 2 साल से 19 साल के बच्चों को 1 गोली दी जाएगी। प्रशिक्षण में साहूआकोल, समयथान भीटी और हाड़ी सेक्टर की आंगनवाड़ी को एलबेंडाजोल टेबलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन मिथिलेश राय सुपरवाइजर ने किया। इस अवसर पर अभिषेक, खुशबू साहनी, बबीता, रातिमा, उषा, कुसुम आदि आंगनवाड़ी उपस्थित थीं।

## सड़क की पटरियों पर जोरदार अतिक्रमण, आवागमन में हो रहीं दिक्कतें

### भोपा चौराहे से नगर पंचायत मुण्डेरा जाने वाली मुख्य मार्ग का है मामला



चौरीचौरा, गोरखपुर। नगर पंचायत चौरीचौरा के भोपा बाजार चौराहे से मुण्डेरा बाजार जाने वाली मुख्य सड़क के दोनों पटरियों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण से आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। अतिक्रमण के कारण कभी कभी इस मार्ग पर भारी जाम की भी नौबत आ जाती है। इन सबके बावजूद जिम्मेदार चुप्पी साधे रहते हैं। बताते चलें कि मुण्डेरा बाजार चौरीचौरा का बहुत ही पुराना व प्रसिद्ध कस्बा है। भोपा बाजार चौराहे से रेलवे क्रासिंग पार करते हुए मुंडेरा बाजार जाने का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। उक्त सड़क पर भोपा बाजार चौराहे से रेलवे क्रासिंग तक तथा मलंग बाबा के स्थान से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक सड़क के दोनों पटरियों पर दुकानदारों द्वारा इस कदर अतिक्रमण किया गया है कि लोगों को चलना मुश्किल हो जा रहा है। कभी कभी हास्पिटल में एम्बुलेंस को भी पहुंचने के लिए जाम के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उसी के आसपास मुंडेरा बाजार की पुलिस चौकी भी कायम है। जहां पुलिस तैनात रहती है। फिर भी पटरियों पर भारी अतिक्रमण समझ से परे है। लोगों ने जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अविलंब सड़क की पटरियों से अतिक्रमण हटवाने की मांग प्रशासन से किया है।

## नाली टू नाली अतिक्रमण हर हालत में पहले ही हटा लें: एसडीएम



भरथना, इटावा। अतिक्रमणकारी सात दिन के अन्दर अपना स्थायी-अस्थायी नाली टू नाली अतिक्रमण हरहालत में स्वतः ही हटा लें। एक सप्ताह बाद प्रशासनिक कार्यवाही शुरू हो जायेगी। यह निर्देश नगर में वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण को हटाने व नगर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के उद्देश्य से स्थानीय तहसील सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी काव्या सी आईएएस ने दिये। पालिकाध्यक्ष अजय यादव गुल्लू, तहसीलदार दिलीप कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामदवन मौर्य, अधिशाषी अधिकारी सन्तोष कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह आदि की मौजूदगी में एसडीएम काव्या सी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो भी दुकानस्वामी अपनी दुकान के सामने फुटपाथ पर अस्थायी अतिक्रमण करवाता है, तो अस्थायी अतिक्रमणकारी के साथ-साथ दुकानस्वामी को भी दोषी माना जायेगा और ऐसे दुकान, भवन स्वामियों के विरूद्ध एक सप्ताह बाद प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इससे पहले पालिकाध्यक्ष अजय यादव गुल्लू की सहमति पर सरोजनी रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सामने मुख्य मार्ग पर अनाधिकृत पार्किंग के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी ने पालिका प्रशासन को निर्देशित किया कि मिडिल स्कूल प्रांगण में निर्मित साइकिल स्टैण्ड को विधिवत संचालित कराया जाये। ताकि सरोजनी रोड मुख्य मार्ग पर आवागमन में सुगमता हो सके। साथ ही उन्होंने जवाहर रोड स्थित ओम कृष्णा गार्डन के बराबर में पडे मिडिल स्कूल स्थल को भी अस्थायी वाहन स्टैण्ड बनाये जाने के निर्देश दिये। वहीं नगर क्षेत्र में फुटपाथ पर अस्थायी रूप से लगभग 700 सब्जी विक्रेताओं को जिला पंचायत द्वारा बनाये गये सब्जी मंडी टिनशैड मिडिल स्कूल में व्यवस्थित करने के भी निर्देश दिये हैं। ताकि नगर के चहुँओर मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुदृढ हो सके।

## विकास कार्यों से बदलेगी बड़हलगंज की तस्वीर : राजेश त्रिपाठी



गोरखपुर। चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि वर्ष 2026 विकास कार्यों के मामले में बड़हलगंज की तस्वीर बदलने वाला होगा। श्री त्रिपाठी बुधवार को नगर पंचायत बड़हलगंज स्थित लक्ष्मीनारायण मन्दिर के पूर्वी घाट और सीढ़ियों के निर्माण कार्य के शिलान्यास अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने विकास कार्यों की श्रृंखला नगर में चलाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रीति उमर और प्रतिनिधि महेश उमर के लगन की सराहना किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये चेयरमैन प्रीति उमर ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के नगर में विकास कार्यों संचालित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल बड़हलगंज अध्यक्ष दुर्गेश मिश्र, और चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने सबका स्वागत करने के साथ संचालित विकास कार्यों के साथ आगामी विकास कार्यों की रूपरेखा बताया। इस अवसर पर चाणक्य विचार संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, ओम प्रकाश पाण्डेय, यतींद्रनाथ त्रिपाठी, कन्हैया तिवारी, अजीत राव, धीरेन्द्र तिवारी, सभासद दीपक शर्मा, रवि साहनी, राकेश राय, सुनील यादव, संजय सोनकर, सूरज सोनकर, अमूल्य चंद्र चतुर्वेदी, राजीव मिश्र, ऋषि चन्द, रवि साहनी, सुदीप वर्मा, भाजपा नेता आनन्द त्रिपाठी, बृजेश उमर, पवन यादव, प्रकाशवीर जायसवाल, सुरेश उमर, मनमोहन पटवा, श्रीराम मद्धेशिया, संजय कसेरा, तारकेश्वर वर्मा, सुनील निगम, दीपक गुप्ता, अरविन्द सिंह, गुड्डू पटेल, अमरनाथ उमर, मोहन मद्धेशिया (पुजारी), आदि मौजूद थे।

## बड़हलगंज में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई

### पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक लोडर जब्त

गोरखपुर। बड़हलगंज थाना क्षेत्र के खड़ेसरी गांव में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। खनन इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह ने आज भोर में कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में संलिप्त पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक लोडर को मौके से पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया, जिसके बाद सभी वाहनों को सीज कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक बड़हलगंज सुनील कुमार राय ने बताया कि खड़ेसरी गांव के पास सरयू नदी के तट के समीप लंबे समय से अवैध मिट्टी खनन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसी सूचना के आधार पर तड़के सुबह खनन विभाग के इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सरयू नदी किनारे अवैध रूप से मिट्टी खनन करते हुए पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक लोडर को पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों से खनन से संबंधित वैध कागजात मांगे गए, लेकिन कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद नियमानुसार सभी वाहनों को सीज कर बड़हलगंज कोतवाली लाया गया।

## दावे, आपत्तियों की अंतिम तिथि आज

इटावा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के कार्यकम के अनुसार 6 फरवरी को दावे और आपत्तियों प्राप्त करने की अन्तिम तारीख है जिस पर जनपद में विद्यमान 199- जसवन्तनगर, 200-इटावा एवं 201-भरथना अ.जा. विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के समस्त मतदेय स्थलों पर नियुक्ति बूथ लेवल अधिकारी सुबह 10 से 12 बजे तक उपस्थित रहेगें।

## अल्पसंख्यक समुदाय के वोट काट रही भाजपा: मो. राशिद



इटावा। जिला निर्वाचन अधिकारी को विशेष पुनरीक्षण अभियान के बाद प्रकाशित ड्राफट मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियों के संबंध में फर्जी तरीके से सत्ता पक्ष के पदाधिकारियों द्वारा फार्म 7 जमा किये जाने पर उन पर कार्रवाई में शहर कांग्रेस के अध्यक्ष मो. राशिद ने यह बयान दिया है। मो. राशिद ने कहा कि सत्ता पक्ष भाजपा के मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी व कार्यकताओं द्वारा 200 सदर इटावा विधानसभा में कांग्रेस समर्थक मतदाताओं विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदाय के नाम ड्राफट मतदाता सूची से डिलीट करने के लिए बड़ी संख्या ममें फार्म-7 में मतदाता का नाम व ऐपिक नंबर, पता के साथ अंग्रेजी भाषा में प्रिंट करवाकर जमा किये जा रहे है जोकि फार्म 7 की भरने की भाषा शैली से ऐसा प्रतीत होता है कि यह फार्म 7 एक ही स्थान पर प्रिंट किए जा रहे है और बीएलओ के पास जमाकर दबाव बनाकर फार्म 7 की पावती ली जा रही है और पदाधिकारियों पर इन मतदाताओं के नाम डिलीट करने का दबाव बनाया जा रहा है। इटावा सदर विधानसभा बूथ संख्या 265, 266, 267 पर अल्पसंख्यक समाज के मतदाता के नाम काटने के लिए 150 फार्म 7 बीएलओ के पास जमा कराए गए है इनके आवेदक अल्पसंख्यक समाज से ही दिखाए गए है। उनको जानकारी तक नहीं है कि उन्होंने कोई आवेदन नहीं किया है और न ही उनके हस्ताक्षर है और कई हस्ताक्षर अंग्रेजी में किए गए है जबकि उक्त आवेदक अनपढ़ है। मो. राशिद ने कहा कि चुनाव आयोग इस बात पर विशेष ध्यान दें कि फर्जी तरीके से किसी का वोट न काटा जाए और फार्म 6 के द्वारा नए मतदाताओं के ज्यादा से ज्यादा वोट बनवाए जाएं।

## कामरेड शमशेर खां , मास्टर रघुनाथ को श्रद्धांजलि दी

इटावा। मार्क्सवादी पार्टी कम्युनिस्ट की वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद सुभाषिनी अली इटावा पहुंची। सरसई नवार में कामरेड शमशेर खॉ एवं मास्टर रघुनाथ सिंह की स्मृति में माकपा एंव किसान सभा द्वारा आयोजित सभा में उन्हे श्रद्धाजंली दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा ट्रम्प के सामने घुटने टेक दिए है। मुक्त व्यापर समझौता भारत के कृषि क्षेत्र को बर्बाद करने वाला हैं। डीजल-पैट्रोल महंगा होने से महगाई और भी बढ़ेगी। मोदी सरकार देश कि पूरी संपति पूंजीपतियों के हवाले करना चाहती है। स्मार्ट मीटर, फसल खरीद, बिजली की दरें बढ़ाने के साथ निजी गल्ला गोदाम बनाने आदि अधिकार अडानी को दिया जा रहा है, इससे सरकारी तौर पर फसल खरीद बन्द हो जाएगी। मण्डी समाप्त हो जाएगी। राशन प्रणाली खतरे में पड जाएगी, देश को इस संकट से बचाने के लिए बडे एवं संयुक्त आंदोलन की जरूरत है। किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री मुकुट सिंह ने कहा कि कामरेड शमशेर खॉ और मास्टर रघुराज सिंह को याद करते हुए कहा कि किसानो- मजदूरो पर हो रहे हमलो और शोषण के खिलाफ जनता को एकजुट करना ही उनको सच्ची श्रंद्धाजली होगी।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुकेश कुमार ने अपने घरेलू नाम में परिवर्तन किया है। अब भविष्य में मेरा नाम मुकेश कुमार के स्थान पर ध्रुवा पढ़ा व लिखा जाएगा। **मुकेश कुमार पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम सथनीबाला खेड़ा पोस्ट टेढ़ा, परगना घाटमपुर थाना बारासगवर जिला उन्नाव।**

### सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र मो. आसिफ को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **श्रीमती जन्नतुल पत्नी स्व. मो. हाशिम नि.- मोहल्ला हुज्जाजी पश्चिम निकट हैण्ड पंप, देवा शरीफ, जिला बाराबंकी।**

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट सं. W4746445 में मेरा नाम मोहम्मद खालिद खान, मेरे पिता का नाम मजहर बारी खान व माता का नाम अनीस फातिमा खातून दर्ज है, जबकि अब मुझे मोहम्मद खालिद, मेरे पिता को मजहर बारी व माता को अनीस फातिमा के नाम से जाना व पहचाना जाता है। मेरे पासपोर्ट में भी मेरा व मेरे माता-पिता का बदला हुआ नाम ही दर्ज किया जाये। **मोहम्मद खालिद पुत्र स्व. मजहर बारी नि.- 134/280, भेरी मण्डी, बसीरतगंज, राजेन्द्र नगर, लखनऊ।**

## अपराधियों के प्रति कतई रहम न बरतें: डीएम




इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने अनु. जाति, अनु. जनजाति के अंतर्गत अभियोजित वादों तथा पीड़ितों को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति, गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकल्प निवारण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत वादों, महिलाओं के विरुद्ध घटित होने वाले लैंगिक अपराधों के वादों एवं अन्य आपराधिक वादों के निस्तारण की गहन समीक्षा की। उन्होने जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृण बनाये रखने एवं लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपराधियों को समाज के लिये नासूर बताते हुये कहा कि अपराधियों के प्रति कतई रहम न बरतते हुये सामाजिक हित में उनके अपराध की सजा बतौर उन्हें जेल भिजवाया जाना बहुत जरूरी है साथ ही कहा कि निर्दोष लोगो को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। उन्होने महिला सम्बन्धी अपराधों, पास्को एक्ट से सम्बन्धित मुकदमों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने आपराधिक मामलों में लिप्त अपराधियों को सजा दिलाने हेतु न्यायालयों में मुकदमों की प्रभावी ढंग से पैरवी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून के प्रति भय कायम करने और सजा काटने के लिये अपराधियों को जेल भिजवाने हेतु पुलिस और अभियोजन अधिकारी एकजुट होकर ठोस कदम उठायें। उन्होंने गुण्डा एक्ट पर तत्काल कार्यवाही करने एवं लगातार अपराध करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में अपरजिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी सहित फौजदारी, पास्को एक्ट, राजस्व, दीवानी, गैंगस्टर एक्ट, आदि के सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

जसवंतनगर, इटावा। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि उपनिरीक्षक शुभम वर्मा पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक अवैध तमंचा लेकर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हाइवे से धरवार जाने वाली सड़क मार्ग पर घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक देशी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुमित कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम झबरापुर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया।

### सट्टेबाजी करते युवक गिरफ्तार

जसवंतनगर, इटावा। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि रामलीला मैदान के पास सड़क किनारे सट्टे की खाईबाड़ी की सूचना पर कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कटरा बिल्लोचियान निवासी अकरम पुत्र असलम को सट्टा पर्ची, पैन व 680 रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया।

## आधुनिक जांच से 22 वर्षीय युवक में छिपी टीबी का निदान



सैफई, इटावा। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित सघन खोज अभियान के तहत उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस), सैफई लगातार टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह के निर्देशन में विश्वविद्यालय के चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी समुदाय स्तर तक पहुँचकर टीबी की पहचान और उपचार सुनिश्चित कर रहे हैं।

इसी क्रम में हाल ही में एक 22 वर्षीय युवक, जो कई दिनों से खून वाली खाँसी (हेमोप्टाइसिस) से पीड़ित था, श्वसन रोग विभाग की ओपीडी में पहुँचा। इससे पहले वह अन्य संस्थानों में उपचार करा चुका था, जहाँ टीबी की जाँच में उसे नकारात्मक बताया गया और बीमारी का सही कारण सामने नहीं आ सका। लगातार लक्षण बने रहने पर यूपीयूएमएस सैफई के विशेषज्ञों ने उसे भर्ती कर गहन जाँच शुरू की। प्रारंभिक ट्रूनैट बलगम जाँच नकारात्मक आने के बावजूद चिकित्सकों ने हार नहीं मानी और उन्नत जाँच तकनीक अपनाते हुए ब्रोंकोस्कोपी कराने का निर्णय लिया। डीन फैकल्टी ऑफ मेडिसिन एवं श्वसन रोग विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. आदेश कुमार, प्रो. डॉ. आशीष कुमार गुप्ता तथा उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा की गई ब्रोंकोस्कोपी दूरबीन जाँच में अंततः टीबी संक्रमण की पुष्टि हुई। समय पर सटीक निदान होने के बाद मरीज का उपचार तुरंत डॉट्स सेंटर, यूपीयूएमएस सैफई में प्रारंभ कर दिया गया। टीबी के लक्षण जैसे द दो सप्ताह से अधिक खाँसी, बलगम या खून आना, बुखार, वजन घटना या कमजोरी द दिखाई दें तो तुरंत जाँच कराएँ। जल्दी पहचान, सही उपचार ही टीबी उन्मूलन की कुंजी है।

## सेंटमेरी के बच्चों द्वारा एकत्रित डोनेशन से बने आवास को जरूरतमंत दिनेश के परिवार को भेंट किया



इटावा। सेन्टमेरी इंटर कॉलेज की होम स्वीट होम योजना का प्रसार के तहत गुरुवार को ब्रह्मानंद कठेरिया एसडीएम चकरनगर के करकमलों द्वारा शहर के तिकोनिया के पास पुल कहारन में दिनेश और उनके परिवार को सेंटमेरी के विद्यार्थियों द्वारा एकत्रित किए गए चन्दा से निर्मित आवास भेंट किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम ब्रह्मानंद ने इसे सेंटमेरी परिवार की बहुत ही सराहनीय पहल बताया। इस अवसर पर सेन्ट मेरी इंटर कॉलेज के मैनेजर फादर विन्सन, प्रिंसिपल फादर डॉ.शीजू जॉर्ज, बाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन, शिक्षकों व छात्र छात्राओं ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढाई। मैनेजर फादर विन्सन ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत सेंट मेरी इंटर कालेज इटावा के विद्यार्थियों द्वारा एकत्र किए गए डोनेशन से यह तीसरा आवास भेंट करके इस योजना का विस्तारीकरण किया गया है। प्रिंसिपल फादर डॉ.शीजू जॉर्ज ने बताया कि इस योजना का एकमात्र लक्ष्य है कि छात्र-छात्राओं में सहानुभूति, करुणा, परोपकार जैसे मानवीय गुणों का विकास करके उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

संक्षेप

## बंद पड़े मकान में आगजनी का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम रोशननगर में एक बंद मकान में आग लगाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर मिलने की पुष्टि करते हुए जांच शुरू करने की बात कही है। पीड़िता विटोली देवी पत्नी चन्द्रिका के अनुसार 4 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे उनके गांव स्थित बंद मकान में आग लगा दी गई। आग से मकान के भीतर रखा घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की जानकारी उन्हें अगले दिन सुबह मिली। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि गांव के ही रोशन, मुकेश पुत्रगण पूरन, फूलचन्द्र पुत्र झगडू, शम्भू पुत्र फूलचन्द्र, विशुन दयाल उर्फ ऐठा पुत्र झगडू, लालू व गोलू पुत्रगण विशुन दयाल उर्फ ऐठा, सावित्री पत्नी रामपाल और रीना पत्नी शम्भू ने एक राय होकर आगजनी की। बताया कि पूर्व में भी उक्त लोगों के साथ विवाद रहा है और कई बार जानलेवा हमले की घटनाएं हो चुकी हैं, जिसके चलते वह परिवार सहित थाना मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम बौधी खुर्द में रह रही हैं। उनका यह भी कहना है कि कुछ समय पहले मकान का ताला तोड़ दिया गया था, जिसे पुलिस ने दोबारा लगवाया था।

## डंपर और ऑटो की टक्कर में युवक की मौत

एटा। जिले में बृहस्पतिवार सुबह तेज रफ्तार एक डंपर ने एक ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा सकरौली क्षेत्र के जलेसरइसौली मार्ग पर मुड़सवा गांव के पास हुआ। पुलिस के मुताबिक, सकरौली थाना क्षेत्र के जरानीखुर्द गांव का रहने वाला 22 वर्षीय हेमंत कुमार शर्मा ऑटो से सब्जी लेकर अपने गांव लौट रहा था कि तभी इसौली की ओर से आ रहे गिट्टी-बालू से लदे तेज रफ्तार डंपर ने उसे टक्कर मार दी। ऑटो में 50 वर्षीय धनीराम नाम का व्यक्ति भी सवार था। पुलिस के मुताबिक, हादसे में हेमंत कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि धनीराम गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना के बाद फरार डंपर चालक को जलेसर बाईपास स्थित तोप चौराहे से हिरासत में ले लिया गया। डंपर को भी कब्जे में ले लिया।

## नीम के पेड़ से निकल रहा दूधिया तरल

इटावा। जसवंतनगर क्षेत्र के जल पोखरा गांव में नीम के एक पेड़ से दूध जैसा सफेद तरल निकलने की घटना सामने आई है। करीब पंद्रह दिनों से लगातार निकल रहे इस तरल को लोग आस्था से जोड़ रहे हैं। दूर दराज से श्रद्धालु पेड़ की पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। भजन कीर्तन हो रहे हैं और लोग इसे बीमारियों में लाभकारी मानकर सेवन भी कर रहे हैं। वहीं कृषि वैज्ञानिक इसे प्राकृतिक कारणों से जोड़कर देख रहे हैं। जसवंतनगर इलाके में जमुना बाग के पास जल पोखरा गांव में उस समय हलचल मच गई, जब एक ढाबे के पीछे स्थित नीम के पेड़ से सफेद तरल निकलता दिखाई दिया। यह नीम का पेड़ अजय कुमार के खेत में बताया गया है। दिन के समय यह तरल साफ तौर पर पेड़ से टपकता देखा गया, जिसके बाद गांव में इसकी चर्चा तेजी से फैल गई।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से चार की मौत, तीन घायल





**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के गोला-लखीमपुर रोड स्थित जलालपुर मोड़ के पास गुरुवार सुबह वेगनआर कार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। हादसे में दंपति सहित चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल और फिर लखनऊ रेफर किया गया। बहराइच जनपद के धर्मकुंडा निवासी सुनील सिंह (30), उनकी पत्नी सुधा सिंह (25), पुत्री मानवी (2), सुनील के साले संतोष सिंह (30), संतोष के भाई मुकेश सिंह (25) और गरेठी निवासी प्रवेश सिंह (25) दिल्ली के राजौरी गार्डन में डेकोरेशन का काम करते थे।

संतोष सिंह की बहन का गुरुवार को तिलक कार्यक्रम होना था, इसी कारण सभी लोग कार से घर लौट रहे थे। वाहन संतोष सिंह चला रहे थे।

लखीमपुर रोड पर जलालपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन से टक्कर में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस से सभी को सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने सुनील सिंह, सुधा सिंह और संतोष सिंह को मृत घोषित कर दिया। घटना में मुकेश सिंह, प्रवेश सिंह और मासूम मानवी घायल हो गए थे। मुकेश सिंह की हालत गंभीर होने पर पहले जिला अस्पताल और फिर लखनऊ रेफर किया गया, जहां ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। प्रवेश सिंह व मानवी का उपचार जारी है। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। चार लोगों की मौत की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

**शादी वाले घर में मचा कोहराम**

संतोष सिंह की बहन का गुरुवार को तिलक कार्यक्रम था और 18 फरवरी को शादी तय थी। घर में मेहमानों के आने-जाने, रस्मों की तैयारी और खुशियों का माहौल बना हुआ था। परिजन सुबह से ही आयोजन की अंतिम तैयारियों में जुटे थे। इसी बीच सड़क हादसे की सूचना घर पहुंची तो चीख-पुकार मच गई। जिन दीवारों पर शादी की रौनक थी, वहां अचानक सन्नाटा छा गया। परिजन बदहवास हो उठे और खुशी का आंगन शोक में डूब गया। खबर फैलते ही गांव और रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई।

**मुख्यमंत्री ने सड़क हादसे का लिया संज्ञान, जताया शोक**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोला क्षेत्र में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य तेज करने और घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# सीडीओ के औचक निरीक्षण में 3 अधिकारी व 24 कर्मचारी अनुपस्थित

- **सीडीओ ने अनुपस्थित कार्मिकों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश**
- **समयपालन और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य**




लखीमपुर खीरी। गुरुवार सुबह विकास भवन में अचानक हड़कंप मच गया, जब सीडीओ अभिषेक कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 3 अधिकारी और 24 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिससे प्रशासनिक अधिकारियों में खलबली मच गई। सीडीओ ने अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश जारी किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की समयपालन सुनिश्चित करें, स्वयं भी प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई में उपस्थित रहें। परिसर में गंदगी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों और कार्यालय अधीक्षक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। सीडीओ ने निर्देशित किया कि सभी कर्मचारियों के लिए समान टेबल/केबिन व्यवस्था, नाम पट्टिका अनिवार्य की जाए। अभिलेख नियमित अद्यतन कर अलमारी/रैक में व्यवस्थित रूप से रखवाए जाएं। कार्यालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास भवन में सभी कार्मिकों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दी है। सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो कर्मचारी अवकाश पर हों, उनका अवकाश प्रार्थना पत्र मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड किया जाए और उपस्थिति पंजिका में प्रातः 10 बजे तक अवकाश का अंकन अनिवार्य रूप से किया जाए। यदि निरीक्षण के समय किसी कर्मचारी का हस्ताक्षर कालम रिक्त पाया जाता है या अवकाश दर्ज नहीं किया गया, तो उसे अनुपस्थित मानते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, अवकाश दर्ज न करने की जिम्मेदारी संबंधित स्थापना लिपिक पर भी होगी। निरीक्षण में जिले की समाज कल्याण अधिकारी वन्दना सिंह कार्यालय में नहीं मिलीं। उनके कार्यालय के वरिष्ठ सहायक सय्यद साद, पर्यवेक्षक सचिन, महेन्द्र कुमार, अंशुमान सिंह, विकास गुप्ता, पत्रवाहक नरेन्द्र कुमार भी अनुपस्थित पाए गए। डीएसटीओ कार्यालय के अपर सांख्यिकी अधिकारी नीति शर्मा और अरविन्द, सहायक अभियंता ल. सिं. कार्यालय के वरिष्ठ सहायक रोहित सक्सेना और कनिष्ठ सहायक अजय कुमार राज भी अनुपस्थित थे। एआरसीएस कार्यालय के एआर कॉपरेटिव रजनीश प्रताप सिंह और सहयोगी साधना सिंह, पशुपालन से कनिष्ठ सहायक रवि कुमार और पत्रवाहक कृष्ण कुमार, अधिशासी अभियंता, ग्रा.अ.वि. कार्यालय के वरिष्ठ सहायक समीर शरण सिंह भी अनुपस्थित पाए गए। डीपीआरओ कार्यालय के कनिष्ठ सहायक बीएल राना, पत्रवाहक बब्लू, सफाई कर्मी सुभाष सिंह, अखिलेश कुमार, छोटे लाल, विपिन कुमार और उपायुक्त श्रम रोजगार कार्यालय के एपीओ नीतू और कम्प्यूटर आपरेटर मनोज कुमार भी अपनी ड्यूटी से गायब रहे।

# सीडीओ को राजापुर से लालपुर तक मिली अंधेरी सड़कें

- **ठंड और कोहरे में चमकी सीडीओ की सख्ती, स्ट्रीट लाइटें तत्काल ठीक करने के निर्देश**
- **एनएच के अधिशासी अभियंता को लगाई फटकार**



लखीमपुर खीरी। ठंड और कोहरे के बीच सड़क पर निकलकर जन सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले सीडीओ अभिषेक कुमार ने राजापुर-छाउछ आरओबी से लालपुर तक सड़क मार्ग का रात में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें बंद पाई गईं, जिस पर सीडीओ ने एनएच अधिशासी अभियंता शुभ नारायण को जमकर फटकार लगाई और सभी लाइट तुरंत चालू कराने के सख्त आदेश दिए। सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अब सड़कें अंधेरे और कोहरे में लोगों के लिए खतरे का कारण नहीं बनेंगी। उन्होंने भविष्य की तैयारियों पर भी जोर देते हुए कहा कि राजापुर चौराहे से नहर पटरी तक फोरलेन मार्ग पर समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

पीडब्ल्यूडी को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश देते हुए सीडीओ ने कहा कि अब सड़कें सिर्फ गाड़ी चलाने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की सुरक्षा का पैमाना होंगी। रात की इस कार्रवाई ने दिखा दिया कि सीडीओ अभिषेक कुमार जन सुरक्षा के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**फ्लाईओवर में गुणवत्ताविहीन निर्माण पर घेरा, अधिशासी अभियंता से मांगा जवाब**

सीडीओ अभिषेक कुमार ने गोला-फरधान फ्लाईओवर निर्माण में भारी लापरवाही पर प्रशासनिक कार्रवाई का बिगुल बजा दिया। उन्होंने अधिशासी अभियंता शुभ नारायण को पत्र जारी करते हुए साफ निर्देश दिए कि कई वर्षों से अधूरा पड़ा फ्लाईओवर अब गुणवत्ताविहीन और मानकविरुद्ध निर्माण की वजह से सड़क उपयोगकताओं के लिए खतरा बन सकता है। सीडीओ ने कहा कि फ्लाईओवर की संरचना और सतह इतनी खराब स्थिति में है कि भविष्य में किसी गंभीर दुर्घटना की संभावना है। उन्होंने अभियंता को स्वयं स्थल पर जाकर जांच करने, आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने और तीन दिन के भीतर फोटोग्राफ सहित सुस्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए। सीडीओ अभिषेक कुमार की इस सख्त कार्रवाई ने स्पष्ट कर दिया है कि अब किसी भी निर्माण एजेंसी द्वारा जनता की सुरक्षा और गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# दांतों की सही देखभाल को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दंत स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सक डॉ. कमलेश वर्मा ने विद्यार्थियों को दांतों से जुड़ी समस्याओं, उनके कारणों और उपचार के तरीकों की जानकारी दी।

डॉ. वर्मा ने बताया कि कैविटी, मसूड़ों से खून आना, दांतों में संवेदनशीलता (ठंडा-गर्म लगना), दर्द, मुंह से बदबू आना तथा दांतों का आड़ा-तिरछा होना दंत रोगों की प्रमुख समस्याएं हैं। समय पर देखभाल न करने पर ये समस्याएं गंभीर रूप ले सकती हैं और आगे चलकर बड़े रोगों का कारण बनती हैं। उन्होंने दंत स्वास्थ्य के लिए सरल उपाय बताते हुए कहा कि गर्म पानी में नमक मिलाकर नियमित कुल्ला करना, फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट से दिन में दो बार ब्रश करना, मीठे पदार्थों का सीमित सेवन करना और प्रत्येक छह माह में दंत चिकित्सक से जांच कराना आवश्यक है। इन उपायों को अपनाकर दांतों से संबंधित कई समस्याओं से बचा जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित ने चिकित्सक के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर राम सनेही, डॉ. राजेश कुमार सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# खीरी के विकास कार्यों की डीएम ने सीएम से की चर्चा



लखीमपुर खीरी। लखीमपुर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने लखीमपुर खीरी में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया और महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। डी एम ने जनपद खीरी की ओर से गोला गोकर्णनाथ धाम की शिवलिंग प्रतिमा सी एम को भेंट की।

## यूडीसीए में दो दिवसीय प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के यूडीसीए में आई कैन सीजन 9 के के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया विद्यालय की संस्थापक और प्रधानाचार्या पुष्पा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर भाव शुभ आरंभ किया है। शाखा मोहम्मदी और गोला में दो दिवसीय आयोजन के तहत छात्र-छात्राओं के अंतर निहित प्रतिभाओं को मंच देकर उनमें आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच के साथ नेतृत्व क्षमता का विकास का उद्देश्य रहा आयोजित टैलेंट फिएस्टा के तहत छात्र-छात्राओं के समूह बनाकर विभिन्न प्रतियोगिता कराई गई जिसमें किड्स समूह के अयांश गुप्ता, भूमिका अभिनय श्रेणी में आयरन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। समूह सात के अंतर्गत मृतिका शिल्प में प्रत्यक्षसिंह, भूमिका अभिनय में वैभव सिंह, अग्नि रहित पार्क कला में अथर्व गुप्ता, शिक्षण में अनैया सिंह, नवाचार में त्विश गुप्ता, नृत्य में गुरलीन कौर, गायन में कंचन सिंह को विजेता घोषित किया गया है। मिस यू डी प्रतियोगिता में अमरीन कौर ने खिताब अपने नाम किया दूसरे दिन मेले का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न राज्यों के व्यंजन के साथ-साथ विदेशी व्यंजनों के स्टाल लगाए गए जिसमें अलमास अमीन प्रथम और सक्षम जुनेजा दूसरे स्थान पर रही लकी ड्रा में प्रथम पुरस्कार स्कूटी द्वितीय पुरस्कार रेफ्रिजरेटर और तीसरा पुरस्कार माइक्रोवेव के साथ सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए हैं। मिस्टर मिस यू डी प्रतियोगिता में सीनियर विंग के विराट पांडे, निरमत चौधरी, जूनियर विंग से यक्ष प्रताप और देविका विजेता बनी है। स्टॉल प्रतियोगिता में तुषार प्रथम जितेंद्र दूसरे स्थान पर रहे गोला की शाखा में प्रधानाचार्य संजय गुप्ता के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित।

## सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत, भाई की हालत नाजुक रेफर

मोहम्मदी खीरी। बरवर क्षेत्र में नेशनल हाईवे के गांव गलरई के पास शादी समारोह से वापस लौट रहे बाइक सवार घने कोहरे के चलते सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर में जुड़ी ट्रालियों के पीछे टकरा गया जिससे सभी चारों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी लाया गया जांच के दौरान डॉक्टर ने बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया पीछे बैठे उसके भाई की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर किया बच्चों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस के अनुसार गांव उदारा निवासी हरिप्रकाश 33 वर्षीय अपनी बाइक पर पीछे भाई हरिकेश, पुत्र पुष्कर और पुत्री आराध्या को बैठाकर बुधवार की रात शादी समारोह में सम्मिलित होकर गुरुवार को सुबह 6 बजे करीब घर वापस लौट रहा था गलरई के पास पहुंचते ही घने कोहरे के चलते हाईवे पर किनारे एक ट्रैक्टर में जुड़ी खड़ी ट्रालियों में रिफ्लेक्टर न होने की वजह से बाइक चालक पीछे से टकरा गया जिससे सभी चारों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस से इलाज के लिए मोहम्मदी अस्पताल लेकर पहुंचे डॉक्टर ने जांच के दौरान चालक हरि प्रकाश को मृत घोषित कर दिया वहीं पीछे बैठे भाई हरकेश की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया पुत्र और पुत्री को इलाज के बाद छुट्टी कर दी गई है।

## दूर-दराज सेंटरों के चक्कर में फंसे मतदाता, बूथ स्तर पर नहीं हो रहा सत्यापन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान जारी नोटिसों ने ग्रामीण अंचलों के मतदाताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सत्यापन और दस्तावेजी प्रक्रिया के लिए लोगों को 35-40 किलोमीटर दूर बनाए गए केंद्रों पर बुलाया जा रहा है, जबकि संबंधित मतदान केंद्रों पर बीएलओ पहले से तैनात हैं। दूरस्थ गांवों से बुजुर्ग, महिलाएं, दिव्यांग और मजदूरी करने वाले लोग सुबह से केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन अत्यधिक भीड़ और अव्यवस्था के कारण अधिकांश को बिना काम कराए लौटना पड़ रहा है। कई लोगों ने बताया कि वे कई बार चक्कर लगा चुके हैं, फिर भी उनका सत्यापन नहीं हो पाया। पलिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रोशननगर, कैमा बंजारगंज, लक्ष्मीपुर, नरसिंहपुर, बुधेली नानकर, वन बुधेली, वृंदावन, अंबरपुर, दूलीपुर, भगतपुर और रामपुर जैसे गांवों के मतदाताओं को मैलानी नगर पंचायत कार्यालय बुलाया जा रहा है, जो लंबी दूरी पर स्थित है। इन क्षेत्रों से सार्वजनिक परिवहन के सीमित साधन होने के कारण लोगों को अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब बीएलओ बूथ स्तर पर उपलब्ध हैं, तो घर-घर या बूथ पर ही सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कराई जानी चाहिए। उनका तर्क है कि निर्वाचन प्रक्रिया मतदाता की सुविधा के अनुरूप होनी चाहिए, न कि उसे अनावश्यक दौड़-भाग में डालने वाली। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार बीएलओ का कार्य घर-घर जाकर मतदाताओं से जानकारी और आवश्यक दस्तावेज एकत्र करना तथा सत्यापन करना है। ऐसे में दूरस्थ केंद्रों पर अनिवार्य उपस्थिति की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। इस विषय में जब सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम गोला से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस व्यवस्था की जानकारी नहीं है। इससे प्रशासनिक समन्वय को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि एसआईआर प्रक्रिया को बूथ स्तर पर ही प्रभावी बनाया जाए और नोटिसों में स्पष्ट किया जाए कि मतदाता को दूरस्थ केंद्रों पर जाने की अनिवार्यता नहीं है, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

# प्राचार्य पर चोरी से पेड़ काट लेने का आरोप

- **राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य ने वनविभाग एवं मीडिया को रोकने का किया प्रयास, वन विभाग ने कार्रवाई शुरू की**



मोहम्मदी खीरी। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में खड़े कीमती पेड़ों को चोरी से काट ले जाने का प्रधानाचार्य पर आरोप लगते ही हड़कंप मच गया जांच को पहुंची वन विभाग की टीम और मीडिया कर्मियों को परिसर में घुसने से रोक दिया जिससे मामला तूल पड़ गया घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई रेंजर के कड़े रुख के चलते काफी समय बाद वन विभाग की टीम परिसर में जाने की अनुमति मिली मामला देख टीम के होश उड़ गए 50 लाख से अधिक कीमत के पेड़ काटे जा चुके थे अधिकारियों ने मौके से बरामद लकड़ी को कॉलेज के सुरक्षा अधिकारी की अभिरक्षा में देकर कार्रवाई शुरू की है। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में गुरुवार को सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी वन दरोगा अखिलेश सिंह, उप क्षेत्र वन अधिकारी मित्र पाल सिंह तोमर अपनी टीम के साथ जांच को पहुंचे तभी प्राचार्य प्रवेश वर्मा ने उनसे आइडेंटी कार्ड की मांग कर दी जिससे मामला तूल पकड़ गया उन्होंने रेन्जर निर्भय प्रताप शाही को घटना की जानकारी दी उनके आदेश के बाद भी टीम को दाखिल नहीं होने दिया जिस पर उन्होंने मामले की जानकारी डी एफ ओ, सी ओ अरुण कुमार सिंह और एसडीएम को दी है। अधिकारियों के कड़े रुख अख्तियार करने पर टीम ने परिसर में दाखिल होकर मामला देख उनके होश उड़ गए मौके से बरामद लकड़ी को रसायन विभाग के प्रवक्ता सुरक्षा अधिकारी भूपेंद्र कुमार सिंह की अभि रक्षा मे दी गई है। वन दरोगा अखिलेश सिंह ने बताया मौके से 15 पेड़ सागौन, 1 पेड़ शीशम, 3 पेड़ चांदनी, 4 पेड़ अमरूद और पांच पेड़ बकैना प्रजाति के कटे पेड़ों के अवशेष मौके से बरामद हुए हैं। बरामदगी का एक प्रपत्र प्रधानाचार्य को रिसीव कराया गया है। मामले की सूचना शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी दी गई है। रेंजर निर्भय प्रताप शाही ने बताया मामले की जानकारी मिलते ही उच्च अधिकारियों को बताया गया है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बीहड़ वाले सैय्यद दरगाह के ध्वस्तीकरण का मामला

## 16 फरवरी को अगली तारीख

इटावा। बीहड़ क्षेत्र में स्थित सैकड़ों साल पुरानी सैय्यद बाबा दरगाह के ध्वस्तीकरण से जुड़ा मामला एक बार फिर चर्चा में है। इस मामले की सुनवाई सामाजिक वानिकी न्यायालय में हुई, जहां दरगाह के देखरेख करने वाले फजले इलाही की ओर से वन विभाग के नोटिस को चुनौती दी गई। न्यायालय में दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गईं और अगली सुनवाई की तारीख 16 फरवरी तय की गई है। सामाजिक वानिकी न्यायालय में हुई सुनवाई के दौरान पक्षकार फजले इलाही और उनके अधिवक्ता नदीम अहमद खान ने प्रार्थना पत्र देकर वन विभाग से कुछ जरूरी जानकारियां मांगीं। उनका कहना था कि वे लोग सैकड़ों वर्षों से इस दरगाह पर जियारत करते आ रहे हैं और इस परंपरा को जारी रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि यदि यहां से न्याय नहीं मिला तो वे सिविल कोर्ट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। इस पूरे मामले की शुरूआत मुख्यमंत्री पोर्टल आईजीआरएस पर 3 जनवरी 2026 को दर्ज की गई एक शिकायत से हुई थी। शिकायत में बीहड़ वाले सैय्यद बाबा की मजार को लेकर आपत्ति जताई गई थी। इसके बाद वन विभाग ने अपनी शुरूआती जांच में मजार को वन विभाग की भूमि पर स्थित पाया और इसे अवैध निर्माण मानते हुए कार्रवाई शुरू की। जांच के बाद वन विभाग की ओर से दरगाह के केयरटेकर फजले इलाही को नोटिस जारी किया गया। विभाग ने दरगाह से जुड़े दस्तावेज मांगे, लेकिन दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने पर ध्वस्तीकरण का नोटिस दरगाह परिसर में चस्पा कर दिया गया। इस नोटिस के खिलाफ फजले इलाही की ओर से वन विभाग को जवाब भी दिया गया था। बढ़पुरा के वन रेंजर अशोक शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पूरे मामले की जांच की गई। जांच में यह सामने आया कि यह दरगाह वन विभाग के किसी भी नक्शे में दर्ज नहीं है। साथ ही यहां पहले से होने वाले किसी भी धार्मिक या अन्य कार्यक्रम के लिए वन विभाग से कभी अनुमति नहीं ली गई। इसी आधार पर नोटिस जारी किए गए हैं।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि., सीतापुर**

**पत्रांकः- 642/352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/2025-26** **दिनॉकः-30.01.2026**

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दशार्ये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/ विधान सभा/ खण्ड का नाम | कार्य का नाम | निर्माण की लागत (लाख में) | अनुरक्षण की लागत (लाख में) | कार्य की लागत+ अनुरक्षण की लागत का योग (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सीतापुर/ मिश्रिख/ नि.खं. | रामगढ़ चीनी मिल से पहला आश्रम होते हुए ककरघटा तक 84 कोसीय परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 1610.00 | 41.00 | 1651.00 | 30.00 | 2715.00 | 12 माह+ (5वर्षीय अनुरक्षण सहित) |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 09.02.2026 से 24.02.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 24.02.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 24.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(रीमा सोनकर)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर

(सतीश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि., सीतापुर

UPID-245281 Date: 05.02.26
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## लालगंज तहसील का डीएम ने किया निरीक्षण

**लालगंज, मीरजापुर।** डीएम पवन कुमार गंगवार ने बृहस्पतिवार को लालगंज तहसील का वार्षिक निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली की गहन पड़ताल की। करीब दो घंटे तक चले निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यालयों, अभिलेखों और रिकार्ड रूम की जांच की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विविधतावली, माटपालन आवंटन परवाना, अमलदारी, धार्मिक मलिकाना रजिस्टर, आपदा राहत से जुड़े अभिलेख, सर्विस बुक और वार्षिक प्रविष्टियों को बिंदुवार देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कर्मचारियों की सर्विस बुक में प्रत्येक वर्ष वार्षिक प्रविष्टि अनिवार्य रूप से अंकित की जाए।जिलाधिकारी ने नामांतरण और नामांकन से संबंधित पत्रावलियों की भी जांच की।इस दौरान नायब तहसीलदार राजू यादव द्वारा गैर-विवादित मुकदमों के निस्तारण और प्रतिकूल प्रविष्टियों से जुड़े प्रकरणों की जानकारी दी गई निरीक्षण के समय ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह भी जिलाधिकारी के साथ मौजूद रहे।

## जब धर्म की हानि हो या ग्लानि भगवान जरूर आते हैं

**सोनभद्र।** गायत्री भवन तेजनगर उरमौरा, राबर्ट्सगंज में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन वृहस्पतिवार को अयोध्या से पधारे मनीष शरण जी महराज ने कथा सुनाते हुए कहा जब धर्म की हानि होती है तो भी भगवा- आते हैं और जब धर्म की ग्लानि होती है तब भी भगवान आते हैं। हानि और ग्लानि का अंतर बताते हुए कहा कि जैसे कोई अपने बच्चे को कुछ पैसे देकर बाजार भेजे और वह उस पैसे को कहीं खो कर आ जाये तो इसी को हानि कहेंगे, लेकिन वहीं बच्चा उसी पैसे से शराब पीकर आये तो माता पिता को ग्लानि होगी। आगे बताते हुए कहा भगवान दोनों ही स्थिति में अवतार धारण करते हैं, जब जब होहिं धरम कै हानी, बाढ़हि असुर अधम अभिमानी। तब तब धरि प्रभु विविध शरीरा, हरहिं कृपा निधि सज्जन पीरा।। और आगे बताया ह्ययदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत, अभ्युथानमधर्मस्य तदात्मानम सृजाम्यह्र । जब जब धर्म की ग्लानि होती है तो भगवान का अवतार होता है।

## वरासत दर्ज होने में आ रही समस्या निस्तारित

**जौनपुर।** डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र के जनसुनवाई के दौरान केराकत तहसील के ग्राम पंचायत रामपुर निवासिनी की वृद्ध की फरियादी श्याम दुलारी ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि उनके पति की मृत्यु के उपरान्त लिपिकीय त्रुटियों के कारण वरासत दर्ज कराने में कठिनाई का सामना कर रही है। उनके प्रार्थना पत्र पर संवेदनशीलता बरतते हुये डीएम ने उपजिलाधिकारी केराकत और तहसीलदार को निर्देश दिया कि तत्काल अन्य सम्बन्धित अभिलेखों के आधार पर लिपिकीय त्रुटियों को शुद्ध कराते हुये खतौनी उपलब्ध करा दिया जाय। इसी क्रम में मात्र 1 घण्टे में उनके लिपिकीय त्रुटियों को शुद्ध करा दिया गया। डीएम ने श्यामदुलारी को जनसुनवाई कक्ष में खतौनी उपलब्ध भी करा दिया। साथ ही जिलाधिकारी ने ठण्ड के दृष्टिगत वयोवृद्ध श्याम दुलारी को कम्बल और जूता प्रदान किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि श्याम दुलारी जी विगत कई महीनों से वरासत दर्ज कराने के लिये प्रयास कर रही थी। प्रकरण संज्ञान में आने के उपरान्त उनकी समस्या का निस्तारण करा दिया गया है।

# बबुरा खुर्द में नीलगाय का मांस बरामद

## वन विभाग की टीम व पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी



**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बबुरा खुर्द गांव में घर के भीतर नीलगाय का मांस रखे जाने की सूचना पर गुरुवार सुबह वनविभाग व पुलिस की टीम गांव में पहुंची। जहां वनविभाग व पुलिस के आने से पहले आरोपित घर छोड़कर भाग निकले। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। बबुरा खुर्द गांव निवासी दीन मोहम्मद उर्फ लंगड़ ने गांव के ही तालाब के भीटे पर पक्का मकान बना रखा है। पक्के मकान के भीतर नीलगाय का मांस रखे जाने की गांव के ही एक व्यक्ति ने वनविभाग व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे कार्यवाहक थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज विनोद कुमार सिंह, एसआई टीपी सिंह, एसआई मूलचंद वर्मा वनदरोगा सर्वेश्वर पटेल, कुमार कार्तिकेय मौर्य, वनरक्षक अंकुर सिंह ने घर के भीतर तलाशी ली तो बेड के नीचे बड़े टब और बोरी में भरा हुआ करीब चालीस किलो नीलगाय का मांस बरामद किया। ग्रामीणों ने बताया कि बरामद मांस को आरोपियों ने बेचने के लिए घर के भीतर रखा था।वनविभाग की टीम बरामद मांस को थाने लेकर गई।आरोपितों को पुलिस व वन विभाग की टीम गिरफ्तार नही कर सकी है। वनविभाग मामले की लीपापोती में लगा हुआ है। वनदरोगा सर्वेश्वर पटेल का कहना है बरामद किया गया मांस प्रयागराज जिले से लाया गया था।

जबकि ग्रामीणों का कहना है कि अभी आरोपियों को गिरफ्तार नही किया गया तो वन दरोगा को कैसे मालूम कि नील गाय का मांस प्रयागराज से लाया गया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया वन विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। जंगली जानवरों की सुरक्षा में घोर लापरवाही बरत रहा है। यदि वनविभाग की टीम वनरेंज में गश्त करती तो शायद नील गाय का शिकार नही हो पाता।नील गाय का मांस बरामद होना वन विभाग की कार्य शैली पर सवालिया निशान लगा रहा। वहीं क्षेत्रीय वन अधिकारी ड्रमंडगंज वीरेंद्र कुमार तिवारी का कहना है कि पशुचिकित्साधिकारी हलिया कमलेश कुमार को बरामद किए गए नील गाय के मांस की पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए सूचना दी गई है। पशुचिकित्साधिकारी द्वारा पोस्टमार्टम किए जाने के बाद आरोपितों के विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा। जिले के ड्रमंडगंज और हलिया के क्षेत्रों में नीलगाय का शिकार कोई नई बात नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व भी ड्रमंडगंज क्षेत्र में नीलगाय के मारने का वीडियो वायरल हुआ था। तब इसी गांव के लोगों के शामिल होने की चर्चा जोरों पर रही है। आश्चर्य की बात है कि ऐसे लोगों पर ठोस कार्रवाई के बजाए जिम्मेदार महकमा आंखें मूंद कर कागजी कार्रवाई का कोरम पूरा करता हुआ आया है।

## जौनपुर रोडवेज डिपो में भ्रष्टाचार और उत्पीड़न का 'साम्राज्य'

**जौनपुर।** उप्र परिवहन निगम की जौनपुर शाखा इस समय विवादों, अनियमितताओं के साथ भ्रष्टाचार एवं उत्पीड़न का केन्द्र बना है। सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक ममता दुबे पर भ्रष्टाचार, कर्मचारियों के उत्पीड़न, फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी पाने जैसे गम्भीर आरोप लगे हैं। हैरानी की बात यह है कि शासन और उच्चाधिकारियों से बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। इससे जहां विभाग की कार्यप्रणाली पर गम्भीर सवाल खड़े हो रहे हैं, वहीं भ्रष्टाचार एवं उत्पीड़न करने वाले का मन और भी बढ़ता जा रहा है जिस पर अंकुश लगाने के लिये जनहित में अति आवश्यक है।

सूत्रों की मानें तो आरोप है कि एआरएम ममता दुबे द्वारा चालक-परिचालकों सहित विभागीय कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करना और उनसे मोटी रकम की मांग करना उनकी कार्यशैली का हिस्सा बन चुका है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ लोगों ने बताया कि जो कर्मचारी उनकी मांगों को पूरा नहीं करते तो उन्हें अश्लील भाषा का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं, फर्जी आधारों पर निलम्बन या स्थानान्तरण की बात भी कही जाती है जिससे वह डरे–सहमे रहते हैं। संविदा परिचालक अभिषेक सिंह ने गत दिवस रोडवेज परिसर में ही जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। आरोप है कि बहाली के नाम पर मोटी रकम वसूलने के बाद भी उन्हें इतना प्रताड़ित किया गया कि उन्होंने यह खौफनाक कदम उठा लिया। विभागीय शिकायत के अनुसार कनिष्ठ लिपिक प्रदीप श्रीवास्तव पर आरोप है कि वह एआरएम के व्यक्तिगत सिस्टम से काम करते थे। हाल ही में झुल्लूर राम नामक चालक से बस अलॉटमेंट के नाम पर रिश्वत लेते समय एंटी करप्शन टीम ने कनिष्ठ लिपिक प्रदीप श्रीवास्तव को रंगे हाथों पकड़ा था।

विभागीय सूत्रों के अनुसार रविशंकर, आदिल, रविन्द्र पाण्डेय जैसे कई कर्मचारियों को गलत तथ्यों के आधार पर निलम्बन के नाम पर धनउगाही की कोशिश की गयी। शर्त न मानने पर कुछ लोगों का स्थानान्तरण भी कर दिया गया। शिकायतकर्ताओं के अनुसार एआरएम ममता दुबे के शैक्षणिक प्रमाण पत्र फर्जी हैं। इस सम्बन्ध में कर्मचारियों ने हलफनामे के साथ शासन को पत्र भी लिखा है लेकिन ₹दूध का दूध और पानी का पानी₹ करने के लिये अभी तक कोई उच्चस्तरीय जांच शुरू नहीं की गयी है। जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र जहां सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में 'ड्रिंक एण्ड ड्राइव' रोकने और यातायात व्यवस्था सुधारने के कड़े निर्देश दिये, वहीं रोडवेज डिपो में व्याप्त प्रशासनिक अराजकता उनके निर्देशों को ठेंगा दिखा रही है।

## विराट रूद्र महायज्ञ के लिए 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित



**सोनभद्र।** चतरा ब्लाक अंतर्गत गिरिया गांव में वृहस्पतिवार को विराट रूद्र महायज्ञ के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित किया गया। 6 मार्च को कलश यात्रा निकलेगी और कलश स्थापना के बाद यज्ञ शुरू होगी। यज्ञ की पूणार्हुति 14 मार्च को भंडारे के साथ होगी। बता दें कि भिक्षुक भिखारी, जंगली दास, रमाशंकर गिरी जी महाराज की देखरेख में यह यज्ञ हो रही है। आचार्यगण देवी प्रसाद पांडेय, सतीश पांडेय, दीपक पांडेय व योगेश तिवारी के जरिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित किया गया है। जंगली बाबा ने बताया कि मुख्य यजमान प्रवीण मिश्रा, सरिता मिश्रा, कृष्ण कुमार पुजारी व प्रभावती देवी हैं। 6 मार्च को कलश यात्रा निकलेगी और कलश स्थापना के बाद विराट रूद्र महायज्ञ शुरू होगी। 9 मार्च को शिव जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 14 मार्च को यज्ञ की पूणार्हुति के साथ भंडारा चलेगा। इस मौके पर पूर्व प्रमुख रमाकांत पांडेय, आलोक मिश्रा, सुजीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## फर्जी वसीयत तैयार कर जमीन हड़पने वाला गिरफ्तार

**आजमगढ़।** जनपद के थाना बरदह पुलिस ने कूटरचना व धोखाधड़ी के जरिए फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा कराने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के निर्देश पर की गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम सद्दोपट्टी निवासी रिंकू उर्फ रिंकी यादव पुत्री स्वर्गीय लक्षिराम यादव ने 07 दिसंबर 2025 को प्रार्थना-पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके पिता की मृत्यु के बाद विपक्षीगणों ने साजिश के तहत फर्जी वसीयत तैयार कर उनके पिता को निःसंतान घोषित कर दिया और उनकी जमीन अपने नाम करा ली। जब पीड़िता ने इस संबंध में जानकारी चाही तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में थाना बरदह पर मु0अ0सं0 386/25 धारा 419, 420, 467, 468, 471 एवं 506 भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा की गई विवेचना के क्रम में 5 फरवरी 2026 को उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद पटेल ने हमराहियों के साथ अभियुक्त पतिराम यादव पुत्र स्वर्गीय कुद्दन उर्फ रामनाथ, निवासी ग्राम बौवापार, थाना बरदह, जनपद आजमगढ़ को उसके घर से सुबह करीब 11:30 बजे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध उपरोक्त मुकदमे में विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद पटेल एवं हेड कांस्टेबल नागेन्द्र कुमार पटेल शामिल रहे।

## जिला कुश्ती चयन प्रतियोगिता 12 फरवरी को

**आजमगढ़।** अंडर-15 बालक एवं बालिका वर्ग की जिला कुश्ती चयन प्रतियोगिता का आयोजन 12 फरवरी 2026 (बृहस्पतिवार) को सुखदेव पहलवान स्टेडियम, आजमगढ़ में किया जाएगा। इस चयन ट्रायल में सफल पहलवान 17 से 19 फरवरी 2026 तक वाराणसी में आयोजित होने वाली अंडर-15 राज्य कुश्ती प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला कुश्ती संघ द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार बृहस्पतिवार को वजन मापन दोपहर 11.30 बजे से 12.30 बजे तक किया जाएगा, इसके बाद चयन ट्रायल आयोजित होगा। इस संबंध में जिला कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव सत्यवान यादव ने बताया कि चयन ट्रायल में वही पहलवान भाग ले सकेंगे जिनका जन्म वर्ष 2011 से 2012 के बीच हुआ हो। इसके अलावा 2013 में जन्मे 13 वर्ष आयु के पहलवान चिकित्सा प्रमाण-पत्र एवं माता-पिता के प्रमाण-पत्र के साथ भाग ले सकते हैं। आयु एवं अधिवास का सत्यापन आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र अथवा पासपोर्ट के माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक पहलवान स्टेडियम, आजमगढ़ में अपने निर्धारित वजन वर्ग के अनुसार एंट्री कराकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। बालक वर्ग (फ्री स्टाइल एवं ग्रीको रोमन) वजन वर्गः 38, 41, 44, 48, 52, 57, 62, 68, 75, 85 किलोग्राम, बालिका वर्ग वजन वर्गः 33, 36, 39, 42, 46, 50, 54, 58, 62, 66 किलोग्राम, है।

## ऐप से संगठित ऑनलाइन ठगी, दो गिरफ्तार

**आजमगढ़।** जनपद की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने शहर के बदरका निवासी व्यापारी अशोक कुमार अग्रवाल पुत्र कृष्ण कुमार अग्रवाल से ऑनलाइन ठगी की शिकायत के बाद तफ्तीश शुरू की तो चैंकाने वाले खुलासे हुए। एक फर्जी ट्रेडिंग ऐप के जरिए संगठित ऑनलाइन ठगी की जा रही थी। गिरोह द्वारा लगभग 01 करोड़ की साइबर ठगी का अंदेशा है। पुलिस लाइन में एसपी यातायात विवेक त्रिपाठी ने बताया कि जांच में देश के विभिन्न राज्यों से करीब 12 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनके सैकड़ों में होने की संभावना है। पुलिस ने उज्जैन और इंदौर (मध्य प्रदेश) से जुड़े दो अन्तर्राज्यीय शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम आजमगढ़ पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 29/2025 धारा 318(4), 319(2) बीएनएस एवं 66क आईटी एक्ट के अंतर्गत विवेचना के दौरान यह खुलासा हुआ। पूछताछ और बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 111(1) बीएनएस की भी बढ़ोत्तरी की गई है। वादी अशोक कुमार अग्रवाल, निवासी बदरका, कोतवाली आजमगढ़ ने शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने फेसबुक पर विज्ञापन देखकर दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। आरोपियों ने अधिक लाभ का लालच देकर फर्जी ऐप डाउनलोड कराया और निवेश के लिए प्रेरित किया। पीड़ित ने कुल 8,99,000 जमा किए। प्रारंभ में ऐप पर मुनाफा दिखाया गया, लेकिन निकासी के प्रयास पर उनकी आईडी ब्लॉक कर दी गई। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते थे। निवेशकों से प्राप्त धनराशि म्यूल बैंक खातों में ट्रांसफर कराई जाती थी। जांच में कुछ बैंक कर्मियों की संलिप्तता भी सामने आई है, जो पहले से हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक उपलब्ध कराते थे। खाते में पैसा आते ही तत्काल चेक के माध्यम से निकासी कर ली जाती थी। गिरफ्तार अभियुक्तों में इन्द्रजीत निवासी उज्जैन (म.प्र.), अंकेश धाकड़ (कोटक महिन्द्रा बैंक, इंदौर में कार्यरत है) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 03 मोबाइल फोन, 03 एटीएम कार्ड, 02 चेक बुक, 01 बैंक आईडी, 01 जियो सिम कार्ड और 870 नगद बरामद किए हैं। इस प्रकरण में बैंक कर्मी सहित चार अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

## सिंचाई विभाग पर अतिक्रमण का आरोप न्यायालय ने दो को ठहराया दोषी

**मीरजापुर।** जनपद के तहसील सदर क्षेत्र के मोहनपुर भवरख में सिंचाई विभाग द्वारा निजी भूमि पर कथित अतिक्रमण और निर्माण को लेकर चल रहे विवाद में न्यायालय ने अहम फैसला सुनाया है। मामले में न्यायालय ने दो को दोषी करार देते हुए अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस प्रकरण में ओमप्रकाश सिंह पटेल वजय प्रकाश सिंह, पुत्रगण स्वर्गीय फूलचंद, धर्मावती पत्नी दिनेश कुमार मौर्य ने डीएम मीरजापुर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। का कहना है कि वे आराजी संख्या 1171 के सह-खातेदार हैं, जबकि नहर विभाग की भूमि आराजी संख्या 1172-क है। दोनों आराजियां भू-अभिलेख, बंदोबस्त एवं राजस्व नक्शों में अलग-अलग दर्ज हैं। आरोप है कि इसके बावजूद नहर विभाग के कर्मियों द्वारा निजी आराजी संख्या 1171 में जबरन नींव खोदकर निर्माण कराने का प्रयास किया गया। यह भी बताया कि एसडीएम सदर द्वारा 17 दिसंबर 2025 को प्रस्तुत आख्या में यह स्पष्ट किया गया कि नहर विभाग के पास अपने निर्धारित रकबे से अधिक भूमि है, फिर भी निजी भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। मामले की जांच के दौरान 3 अगस्त 2023 को संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय सीमांकन किया गया। सीमांकन राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, सिंचाई विभाग के अधिकारियों, सरहदी खातेदारों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया, जिसमें आराजी संख्या 1171 का सीमांकन उनके पक्ष में पाया गया। न्यायालय में सुनवाई के दौरान साक्ष्य पक्ष की ओर से गवाह प्रस्तुत किए गए। प्रथम गवाह संजय सिंह, सिंचाई पर्यवेक्षक का निधन होने की जानकारी दी गई। द्वितीय गवाह आनंद शंकर दूबे, सिंचपाल ने शपथपूर्वक बयान देते हुए कहा कि शासकीय भूमि पर पक्का निर्माण किया जा रहा था, जिसे रोकने का प्रयास किया गया, परंतु आरोपी द्वारा विरोध किया गया।सभी साक्ष्यों, गवाहों के बयानों एवं उपजिलाधिकारी की सीमांकन रिपोर्ट के अवलोकन के बाद न्यायालय ने बलवंत सिंह एवं राजकुमारी देवी को नॉर्दर्न इंडिया कैनाल एंड ड्रेनेज एक्ट, 1873 की धारा-70 के अंतर्गत दोषी ठहराया। न्यायालय ने दोनों पर 100-100 रुपये का जुमार्ना लगाया तथा जुमार्ना अदा न करने की स्थिति में एक-एक माह के साधारण कारावास का आदेश दिया।

# भाजपा व्यापारियों को सिर्फ खिलौना समझती है : अविनाश कुशवाहा



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी व्यापारियों को सिर्फ खिलोना समझती है कभी भी भाजपा सरकार ने उनका भला नहीं किया है। उपरोक्त बाते समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने कही। कहा कि कोरोना काल में जब लोग घरों में बंद थे तभी भाजपा ने रामगढ़ शाहगंज घोरावल मार्ग को स्टेट हाईवे घोषित किया था, व्यापारियों ने इस बात का भारी विरोध किया था। रावर्ट्सगंज शहर के पूरी तरह से बर्बाद होने की सम्भावना से यहा के व्यापारियों के भारी विरोध एवं नाराजगी को देखते हुए भाजपा ने नगर के बाहर से बाईपास बनवाने को ड्रामा शुरू किया। लेकिन विधान सभा चुनाव तथा नगर पालिका चुनाव बीत जाने के बाद भी कोई बाईपास स्वीकृत नहीं हुआ सिर्फ चुनाव में लाभ लेने के लिए भाजपा ने तीन तीन बार नये-नये रास्ते से जनता को बाईपास का सपना दिखाया। जबकि हकीकत में इससे व्यापारियों की समस्या हल नहीं हुई। बल्कि सत्ता से जुड़े प्लाटरों ने मौके का फायदा उठाया और बाईपास के नाम पर जमीनें, प्लाटिंग कर बेच दी, अब कुछ दिन पहले पता चला कि बाईपास स्वीकृत नहीं हुआ और खबर आई की पहले चरण का रॉबर्ट्सगंज से शाहगंज होते हुए कलवारी तक स्टेट हाईवे बनाने का टेंडर पास हो गया। भाजपा ने इस बार रॉबर्ट्सगंज के व्यापारियों के पीठ ही नहीं पेट में भी लात मारने का काम किया है। अगर ऐसा हो गया तो रॉबर्ट्सगंज में हजारों मकान और दुकान हमेशा हमेशा के लिए गायब हो जाएंगे, नजूल के कारण सैकड़ों लोग मुआवजा भी न पा सकेंगे और इन सब का जिम्मेदार सिर्फ भाजपा है जो व्यापारियों को केवल वोट बैंक मानती है। श्री कुशवाहा ने कहा कि समाजवादी पार्टी व्यापारियों की लड़ाई पर जोर तरीके से लड़ेगी। और हर हर आन्दोलन में उनके साथ खड़ी रहेगी।

## अजय कुमार होंगे नये डीआईओएस

**आजमगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक उपेंद्र कुमार का ट्रांसफर शासन स्तर से कर दिया गया है। इस संबंध में शासन का आदेश पत्र वायरल हो रहा है। पत्र के अनुसार अब अजय कुमार आजमगढ़ के नए जिला विद्यालय निरीक्षक होंगे। वर्तमान में अजय कुमार श्रावस्ती के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हैं। उपेंद्र कुमार को सहायक शिक्षा निदेशक भवन मुख्यालय प्रयागराज भेजा गया है।

## मेगा कैम्प में लगेगा स्वास्थ्य विभाग का चिकित्सीय स्टॉल



**आजमगढ़।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में 22 फरवरी 2026 को जनपद स्तर पर वृहद/मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत निर्बल वर्ग, बच्चों, स्त्रियों निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल लगाकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जायेगा। वृहद/मेगा शिविर के तैयारियों के सम्बन्ध में मेगा कैम्प हेतु नामित न्यायिक अधिकारीगण व प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ बैठक की गयी। बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/न्यायिक नोडल अधिकारी मेगा कैम्प, कमला पति द्वारा बताया गया कि 22 फरवरी, 2026 को आयोजित होने वाले मेगा कैम्प में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दन्त, नेत्र व सामान्य चिकित्सीय जॉच हेतु स्टॉल लगाया जायेगा। डाक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में बैठक में उपस्थित डिप्टी पोस्टमास्टर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। न्यायिक नोडल अधिकारी द्वारा मेगा कैम्प हेतु नामित न्यायिक अधिकारीगण को यह निर्देश दिया गया कि वे ब्लाक स्तर पर सामन्जस्य स्थापित कर आयोजित होने वाले लघु शिविरों का पर्यवेक्षण करें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रशासनिक नोडल अधिकारी मेगा कैम्प, जिला स्तरीय, तहसील स्तरीय, ब्लाक स्तरीय अधिकारीगण को कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित पात्र व्यक्तियों को चिन्हित करने हेतु निर्देशित करें। इस हेतु जनपद के समस्त विभाग अपने-अपने विभागों से संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु मेगा कैम्प से पूर्व पम्फलेट, पोस्टर, बैनर के माध्यम से कम से कम दो लघु कैम्प का आयोजन कर पात्र व्यक्तियों का चयन करें, जिन्हें मेगा कैम्प के दिवस पर लाभ प्रदान किया जाय।

इस मौके पर न्यायिक नोडल अधिकारी कमला पति पाल, तहसील स्तर पर नामित न्यायिक पर्यवेक्षण अधिकारी हर्षआनन्द, रविन्द्र कुमार रावत, पुनित मोहन दास, अक्षत सोनकर, अभिषेक स्वामी, आदेश प्रताप सिंह, सौरभ, प्रशासनिक नोडल अधिकारी संजीव ओझा, मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर, तहसीलदार, डिप्टी पोस्टमास्टर उपस्थित रहे।

## बिड़ला कार्बन सीएसआर के गोद लिये गांवों में सब्जी बीज वितरण

**रेणुकूट/सोनभद्र।** नगर के निजी औद्योगिक प्रतिष्ठान बिड़ला कार्बन की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व इकाई द्वारा अपने अंगीकृत गोद लिए गांवों में ग्रामीणों को उन्नत किस्म के सब्जियों के बीज वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाना, पोषण स्तर सुधारना और अतिरिक्त आय के अवसर उपलब्ध कराना है। यह कार्यक्रम कंपनी के यूनिट हेड शिवशंकर सिंह तथा मानव संसाधन प्रमुख जीवन सिंह बोरा के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के तहत गोराही, छिकराडांड, मालोघाट, जवारीडांड और बेलहथी गांव के ग्रामीणों को बीज वितरण किया गया। बीज वितरण पंचायत भवन में ग्रामीणों को एकत्र कर किया गया। इस दौरान कृषि विभाग के चंदन कुमार द्वारा किसानों और ग्रामीणों को बीज की जानकारी देते हुए उनका वितरण किया गया। ग्रामीणों को धनिया, पुदीना, मेथी, पालक, चैलाई (लाल चैलाई), बैंगन, मिर्च, टमाटर सहित अन्य मौसमी सब्जियों के बीज उपलब्ध कराए गए। इस कार्यक्रम से कुल 738 ग्रामीण लाभान्वित हुए।

कंपनी प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी जारी रखे जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण सब्जी उत्पादन से जुड़ सकें। इससे ग्रामीण अपनी जरूरत की सब्जियां घर पर ही उगा सकेंगे और अतिरिक्त उत्पादन को बाजार में बेचकर अपनी आय बढ़ा सकेंगे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें खेती के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा और घर की पोषण जरूरतें भी पूरी होंगी। कंपनी का यह प्रयास क्षेत्र में सतत विकास और ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## शादी की खुशियां मातम में बदलीं, दुर्घटना में दुल्हे की हुई मौत



**लालगंज, मीरजापुर।** विवाह से पहले ही खुशियों से भरा घर मातम में बदल गया। क्षेत्र के निनवार दक्षिण गांव में बृहस्पतिवार को बारात निकलनी थी, लेकिन सुबह एक हादसे ने सब कुछ छीन लिया। दूल्हा पुष्पेंद्र कुमार सिंह (27) बाइक से घर से निकला और गांव के पास बाणसागर नहर में अनियंत्रित होकर गिर गया। डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी तब हुई जब गांव के बच्चों ने नहर में गिरी बाइक देखी और शोर मचाया। नंबर के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे तो बाइक पहचान ली। तलाश के दौरान स्पष्ट हुआ कि हादसे का शिकार वही युवक है जिसकी बारात जाने वाली थी। यह पता चलते ही घर में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक छा गया।बताया गया कि बुधवार को पुष्पेंद्र और उसके भाई उपेंद्र का तिलक संपन्न हुआ था। घर में रिश्तेदार और अतिथि जुटे थे, महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं। सुबह के समय पुष्पेंद्र लालगंज की ओर जाने के लिए बाइक से निकला था। इसी दौरान हादसा हो गया। परिजन उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए।जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उम्मीद में मंडली अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन वहां भी डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी।

## मेगा शिविर के बावत तैयार की गयी रूपरेखा

**आजमगढ़।** सीडीओ परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर ाी 22 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले बृहद विधिक साक्षरता/मेगा शिविर को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि आयोजित होने वाले वृहद विधिक साक्षरता/मेगा शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाये। उन्होंने कहा कि इस मेगा शिविर का मुख्य उद्देश्य विभागों द्वारा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना, विश्वकर्मा सम्मान योजना समेत किसानों से जुड़ी योजनाओं, दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं के अलावा अन्य सभी विभागों से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को देना है। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद स्तर पर22 फरवरी को आयोजित होने वाले वृहद विधिक साक्षरता/मेगा शिविर से पहले ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर प्री-कैंप का आयोजन कर लिया जाए, जिसमें लोगों को जागरुक करते हुए अधिक से अधिक लाभार्थियों को चिन्हित किया जाए। ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर आयोजित होने वाले प्री कैंप में चिन्हित किए गए लाभार्थियों को जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृति पत्र, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो आदि का वितरित करने की तैयारी सुनिश्चित कर ली जाए। सीडीओ ने निर्देश दिया कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए इस बृहद विधिक साक्षरता/मेगा शिविर का अपने स्तर से व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें, जिससे आम जनमानस को बृहद विधिक साक्षरता/मेगा शिविर के माध्यम से योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

# बाल श्रम मुक्त कराने को कार्यशाला आयोजित



**सोनभद्र।** जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाए जाने के उद्देश्य से गुरूवार कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन, बाल संरक्षण इकाई, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। डीएम ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक अपराध है, किसी भी स्थिति में क्षम्य उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद को बाल श्रम मुक्त कराने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि आमजन बाल श्रम के दुष्परिणामों से अवगत हो सकें। डीएम ने निर्देशित किया कि स्कूलों, बाजारों, औद्योगिक क्षेत्रों, ईंट-भट्ठों, होटलों एवं ढाबों में नियमित निरीक्षण अभियान चलाए जाएं कहीं भी बाल श्रम पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए उन्होंने कहा कि बाल श्रम से मुक्त कराये गये बच्चों को पुनर्वास, शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा की समुचित व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर की जाए। उन्होने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए शासन द्वारा श्रम विभाग के अधिकारियों के अतिरिक्त एसडीएम , तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बेसिक शिक्षा अधिकारी, बीइओ, सहायक विकास अधिकारी पंचायत को प्रवर्तन एवं अभियोजन की कार्यवाही हेतु सक्षम अधिकारी नामित किया गया है इन अधिकारियों द्वारा यदि कही पर बाल श्रम करते हुए पाया जाता है तो सम्बन्धित दोषी के विरूद्ध प्रवर्तन एवं अभियोजन की कार्यवाही की जायेगी।

उन्होने कहा कि बाल श्रम से प्रभावित परिवारों को पात्रतानुसार लाभार्थी योजनाओं से जोड़कर बाल श्रम जैसी कुरीति से मुक्ति की कार्यवाही की जाये निर्माण श्रमिकों के पंजीयन की कार्यवाही में तेजी लायी जाये जिससे की निर्माण श्रमिक श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित हो सकें, कार्यशाला में बाल श्रम उन्मूलन से संबंधित भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, जन शिकायत पोर्टल पर श्रम विभाग से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत जिसका टोल फ्री नं.18001805160 पर दर्ज करा सकते है। श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का नगर पालिका व नगर पंचायत, तहसील, व विकास खण्डों में होर्डिगं व बैनर लगवायें जाये जिससे अधिक से अधिक संख्या में जनमानस श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। टोल फ्री नम्बर का अधिक से अधिक प्रचार किया जाए, जिससे आम नागरिक बाल श्रम की शिकायत सहजता से दर्ज करा सकें।

संक्षेप

## 16 फरवरी से विद्यालयों में चलेगा एमआर टीकाकरण अभियान

बरहज देवरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भलुअनी के सभागार में मंगलवार को जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एसके सिन्हा की अध्यक्षता में एमआर टीकाकरण अभियान से सम्बंधित ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक की गई। उन्होंने बच्चों के टीकाकरण एमआर अभियान की सफलता को लेकर निर्देश दिया।

डॉ सिन्हा ने कहा कि यह विशेष अभियान 16 से 27 फरवरी, 2026 तक चलेगा। जिले में कक्षा 1 से 5 वीं तक के सभी सरकारी, निजी विद्यालयों एवं मदरसा के बच्चों को टीका लगाया जाएगा। इस अभियान में 5 साल से लेकर 10 साल तक के बच्चों को एम-आर टीका का अतिरिक्त डोज लगाया जाएगा, भले ही इस अभियान से पहले बच्चों को टीका लगाया जा चुका हो। उन्होंने कहा कि अभियान अभियान की सफलता के लिए माइक्रो प्लान पर विस्तार से चर्चा की जाए, ताकि अभियान का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

# क्षेत्र पंचायत बैठक में 24.67 करोड़ की कार्य योजना मंजूर



कुशीनगर। सेवरही ब्लाक सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित हुई, जिसमें वर्ष 2026-27 के लिए 24.67 करोड़ रुपये की वार्षिक कार्ययोजना को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। बैठक में प्रस्तावित विकास कार्यों, बजट प्रावधान व योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। कार्ययोजना के तहत 6.27 करोड़ रुपये केंद्रीय वित्त, 9.92 करोड़ रुपये राज्य वित्त से तथा शेष धनराशि वीबी रामजी योजना के अंतर्गत व्यय की जाएगी।

?बैठक के मुख्यअतिथि एमएलसी डा. रतनपाल सिंह ने कहा कि सेवरही ब्लाक में विकास कार्य योजनाबद्ध तरीके से कराए गए हैं। पूरे पांच वर्षों के कार्यकाल में किसी प्रकार की शिकायत सामने न आना यह दर्शाता है कि जनप्रतिनिधियों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों का सहयोग विकास की निरंतरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण रहा है।

विधायक डा. असीम कुमार राय ने कहा कि भाजपा सरकार की मंशा योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित रखने की नहीं है। सरकार का फोकस योजनाओं को धरातल पर उतारकर पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने पर है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ विकास कार्य कराना सरकार की प्राथमिकता है।

अध्यक्षता कर रहे प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय तिवारी ने कहा कि सेवरही ब्लाक में कराए गए विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि योजनाओं को सीधे पात्रों तक पहुंचाने में प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही है। बीडीओ अमितेश कुमार ने कायाकल्प, डीबीटी व बेसिक शिक्षा से संबंधित योजनाओं की जानकारी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दी व उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

कार्यक्रम को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्रा, बीडीओ विद्यासागर गुप्ता व एडीओ पंचायत हरेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन पूर्व प्रधान प्रदीप उपाध्याय ने किया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि धीरज त्रिपाठी, प्रधान संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेशचंद उर्फ ओसियर सिंह, पूर्व चेयरमैन त्रिभुवन प्रसाद जायसवाल, प्रधान ब्रजेश राय, विश्वनाथ तिवारी, आरएन यादव, जिलामंत्री अतुल श्रीवास्तव, बच्चा राय, संजय गुप्ता, विनय तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय राय, संदीप तिवारी, राम नरेश मिश्र, प्रदीप श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बेटी विवाह शगुन योजना स्थलीय निरीक्षण

बरहज,देवरिया। एफआरसिटी की महत्वाकांक्षी योजना बेटी विवाह शगुन योजना के अंतर्गत संस्थापक मण्डल के निर्देश पर महाजन गुप्ता ग्राम जरार मानिक विकास खण्ड भलुअनी जनपद देवरिया की बेटी की शादी में बेटी विवाह शगुन योजना सहयोग अलर्ट सात के द्वारा आगामी 10 फरवरी से सहयोग के लिए प्रदेश व जिला टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमे जिला अध्यक्ष शुभम शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश कुशवाहा, प्रदेश आईटी सेल प्रभारी सचिन कुमार, ब्लॉक महामंत्री भलुअनी लक्ष्मण प्रजापति, ब्लॉक उपाध्यक्ष महेश प्रजापति, ब्लाक आईटी सेल प्रभारी शैलेन्द्र कुमार कुशवाहा के साथ सभासद विक्रम सिंह लाभार्थी और उनके परिवार के सदस्यगण और ग्रामवासी बाबूलाल गोंड, मुन्नालाल गुप्ता, हरिकेवल यादव आदि मौजूद रहे एफआरसिटी मार्च 2025 से अब तक अपने सदस्यों को बेटी विवाह शगुन योजना व आकस्मिक निधन में सहयोग सहित सहित अन्य कार्यों में एक करोड़ 24 लाख की मदद करा चुका है।

## फार्मर रजिस्ट्री न बनने पर 2.26 लाख किसान होंगे पीएम किसान निधि से वंचित

कुशीनगर। जनपद में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। जनपद के कुल 5.55 लाख किसानों में से अब तक 3.29 लाख किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा ली गई है, जबकि शेष 2.26 लाख किसान अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा सके हैं। ऐसे किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त से लाभ प्राप्त नहीं होगा, साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं से भी वंचित होना पड़ सकता है। उप कृषि निदेशक अतिंद्र सिंह ने उक्त की जानकारी देते हुए बताया कि फार्मर रजिस्ट्री को लेकर जनपद के सभी ग्रामों में कृषि विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत विभाग एवं विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जा रही है। जनपद के समस्त किसान भाई अपनी फार्मर रजिस्ट्री नजदीकी सहज जन सेवा केंद्र अथवा ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कैंपों में करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान भाई चाहें तो गूगल प्ले स्टोर से मोबाइल ऐप डाउनलोड कर स्वयं भी अपना पंजीकरण कर सकते हैं। एक बार पुनः सभी किसान भाइयों से अपील की जाती है कि वे शीघ्र अपनी फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करा लें, अन्यथा की स्थिति में उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।

## 258 रन के विशाल स्कोर का पीछा करते 118 रन पर सिमट गयी एबीसी

कसया, कुशीनगर। बुद्ध इंटर कॉलेज कुशीनगर के खेल मैदान में चल रहे अंडर -16 केसीए पुलवी क्रिकेट मैच के पांचवे दिन कुशीनगर एकेडमी और एबीसी एकेडमी के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमे कुशीनगर एकेडमी ने भारी अंतर से मैच जीत लिया। सुबह मैच शुरू होने से पहले दोनों टीमों के कुशीनगर टीम के कप्तान शुभम कुशवाहा और एबीसी के कप्तान शिवम यादव के बीच टॉस हुआ, जिसमे एबीसी ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। ब. पहले बैटिंग करने उतरी कुशीनगर एकेडमी की टीम ने 25 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 258 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। जवाब में बैटिंग करने उतरी एबीसी टीम ने 24.4 ओवर में 118 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।कुशीनगर एकेडमी ने 140 रन से मैच जीत लिया।मैन ऑफ मैच दिलशाद अंसारी चुने गए। दिलशाद ने 45 गेंदों में 3 छक्के और 11 चौके की मदद से कुल 81 रन का योगदान दिया। वहीं शिवम शर्मा ने अच्छी बॉलिंग का प्रदर्शन करते हुए 5 ओवर में 34 रन देकर 3 वीकेट झटके।इस दौरान केसीए कोच मो. अजहरुद्दीन, अंशु मणि त्रिपाठी, रविशंकर मिश्रा, अजेंद्र सिंह, प्रिन्स पाण्डेय, नीरज शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें सम्मानित किया। मैच में अम्पायरिंग विकास सिंह और रामप्रकाश ने किया। स्कोरर की भूमिका विकास सिंह ने निभायी।

## मक्के की बोरियों में छिपाकर लाया जा रहा एक करोड़ 64 लाख का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार



देवरिया। लार पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, गोरखपुर की संयुक्त टीम ने बुधवार को एक बड़ी सफलता हासिल की। मुखबिर की सूचना पर बजाज ऑटो के कन्टेनर ल्फ85407 से मक्का की बोरी में छिपाकर ले जाए जा रहे 328.73 किलो गांजा के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने बताया कि अभियुक्त अमरजीत मुखिया (पनसीहा, दरभंगा, बिहार) और शैलेश गौड़ उर्फ गोलू (वेलवा, देवरिया) हैं। दोनों के खिलाफ थाना लार पर मु.अ.सं. 35/2026 धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस बड़ी कार्यवाही में थाना लार और एएनटीएफ गोरखपुर की टीमों ने मिलकर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिसमें प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, थाना प्रभारी शशिकांत राय, दिव्यशंकर राय, उपेन्द्र यादव, दीपक वर्मा, रजनीश पाल, तथा अन्य टीम सदस्य राजकुमार गौतम, अभय कुमार, मुकेश पासवान, धारेन्द्र सिंह शामिल रहे। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह कार्रवाई जनपद में अपराध एवं मादक पदार्थ की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान की सफलता है।

# सेवा शिविर के आयोजन को लेकर बैठक

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश संजीव कुमार त्यागी की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आज एक आवश्यक बैठक जिला प्रशासन के साथ जनपद न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक की जानकारी देते हुए प्रभात सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि इस अवसर पर इफराक अहमद, नोडल अधिकारी/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कोर्ट नं०-1), वंदिता श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी कुशीनगर, प्रेम कुमार राय, अपर जिलाधिकारी कुशीनगर, अजय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर एवं डा० आरडी कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में 22 फरवरी 2026 (रविवार) को आयोजित होने वाले मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन एवं उसकी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। यह मेगा शिविर दीवानी न्यायालय परिसर, कुशीनगर में आयोजित किया जाएगा।

बताया गया कि आयोजित होने वाले मेगा शिविर में जनपद के लगभग 40 से अधिक विभागों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य निर्बल वर्ग, दिव्यांगजन, महिलाएं, बच्चे, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा चिन्हित लाभार्थियों को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ उपलब्ध कराना है। मेगा शिविर में जिला विकास, समाज कल्याण, दिव्यांग सशक्तीकरण, महिला एवं बाल कल्याण, शिक्षा, कृषि, पंचायतीराज, विद्युत, बैंक, युवा कल्याण, राजस्व, लघु कुटीर, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम, आवास एवं नगर विकास, मत्स्य, श्रम कल्याण सहित



लगभग 44 विभागों की सहभागिता रहेगी। प्रभात सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को कार्यक्रम से जुड़ी आवश्यक जानकारियां एवं उसकी रूपरेखा से अवगत कराया गया। बताया गया कि शिविर का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा, जिसमें मेगा शिविर से पूर्व लघु शिविरों का आयोजन होगा। इन लघु शिविरों में सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे तथा लाभार्थियों को चिन्हित करेंगे। चिन्हित लाभार्थियों को मेगा शिविर के दिन योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। बैठक में संबंधित विभागों को अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञों को चिन्हित करने तथा मेगा शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिये गये, ताकि 22 फरवरी 2026 को अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सके।

## नवागत जिला औषधि अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने कार्यभार संभाला

देवरिया। नवागत जिला औषधि अधिकारी (ड्रग इंस्पेक्टर) श्री राघवेंद्र सिंह ने बुधवार को जनपद में विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।कार्यभार ग्रहण के पश्चात जिला औषधि अधिकारी श्री राघवेंद्र सिंह ने जनपद के फार्मासिस्टों को संबोधित करते हुए कहा कि दवा वितरण व्यवस्था को पारदर्शी, सुरक्षित एवं नियमसम्मत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के अंतर्गत सभी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा तथा फार्मासिस्टों के साथ समन्वय स्थापित कर सकारात्मक वातावरण में कार्य किया जाएगा।उन्होंने नकली, अवैध एवं बिना लाइसेंस दवाओं की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की बात कही और फार्मासिस्टों से अपने प्रतिष्ठानों पर वैध लाइसेंस, उचित बिलिंग व्यवस्था एवं दवाओं के भंडारण नियमों का पालन करने की अपील की।अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कृष्ण कांत सिंह, जिलाध्यक्ष (आईटी सेल) विकास यादव, जिला संगठन मंत्री खुर्शीद, जिला सचिव आईटी सेल पुष्पेंद्र ठाकुर, मुकेश जयसवाल, ऋषिकेश विश्वकर्मा, मोहित सिंह एवं राहुल कुशवाहा उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने की जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा बैठक




कुशीनगर। मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला आर्द्रभूमि समिति की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में वृक्षारोपण महाभियानझ2025 के अंतर्गत जनपद कुशीनगर में दिनांक 09 जुलाई 2025 को एक ही दिवस में रोपित कुल 39,72,500 पौधों (वन विभाग–10,49,600 एवं अन्य 23 विभाग–29,22,900) की देखरेख, सुरक्षा, जीवितता एवं जिओ-टैगिंग की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि राजस्व विभाग द्वारा जिओ-टैगिंग का कार्य अभी पूर्ण नहीं है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा राजस्व विभाग को तीन दिवस के भीतर शत-प्रतिशत जिओ-टैगिंग पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के शासकीय पत्र 27.01.2026 के क्रम में वर्ष 2026-27 हेतु 35.00 करोड़ पौधरोपण के आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष जिलाधिकारी के पत्र 03.02.2026 द्वारा विभागवार लक्ष्य आवंटन की जानकारी दी गई। इसके अनुसार कुल 39,29,187 पौधों का रोपण किया जाना है, जिसमें वन विभाग–14,00,000 एवं अन्य 23 विभाग–25,29,187 पौधे शामिल हैं। इस संबंध में समस्त विभागों को वृक्षारोपण हेतु स्थल चयन कर चयनित स्थलों की सूची एवं निर्धारित प्रारूप में कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला आर्द्रभूमि समिति से संबंधित बिंदुओं की भी समीक्षा की गई। समीक्षा में छोटी नदियों एवं सहायक नदियों के पुनरोद्धार, गंगा ग्राम सेवा समिति का गठन, वेटलैंड चिन्हांकन, नालों की टैपिंग, ग्रीन चौपाल का संचालन, जैव विविधता समिति का गठन तथा जैव विविधता रजिस्टर के निर्माण सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर डीएफओ वरुण सिंह, सहित उप कृषि निदेशक एवं समस्त सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## समान न्याय संघर्ष समिति के बैनरतले मांगपत्र अभियान



देवरिया। यूजीसी रेगुलेशन 2026 एवं अन्य अन्यायपूर्ण कानूनो को समाप्त करने हेतु समान न्याय संघर्ष समिति ने सम्पूर्ण जनपद में चलाए जा रहे ₹मांगपत्र अभियान₹ हेतु आज चौथे दिवस में सुभाष चौक और तहसील परिसर दोनों जगह कैंप लगाया जहां भारी संख्या में अधिवक्ताओं एवं आम लोगों ने अपनी बात महामहिम तक पहुंचाने के लिए मांगपत्र भरा। आज सुभाष चौक पर लगभग 700 तो तहसील परिसर में कैंप के माध्यम से लगभग 1000 से अधिक मांगपत्र भरा गया। यह मांगपत्र आगामी 16 फरवरी को देवरिया के चंडिका छात्रावास के मैदान में होने वाले महापंचायत के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को जिला प्रशासन द्वारा भेजा जाएगा।तहसील परिसर में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सामंत मिश्रा के नेतृत्व में मांगपत्र भरा गया।आज मांगपत्र भरने वालों में प्रमुख रूप से अद्भुत कुमार शुक्ल, अवधेश्वर नाथ तिवारी, सुनील दत्त पांडेय, अभय तिवारी, अरविंद शर्मा, समीर अफजल,योगेश श्रीवास्तव, विनय सिंह तथा समिति की तरफ से सुभाष चौक पर, अरुण कुमार मिश्र, संजीव मिश्र, अनील सिंह बबलू, विवेक सिंह बंटी, रवि प्रकाश मिश्र छोटे, टी0एन0 मिश्र, मार्कण्डेय पति त्रिपाठी, देव शुक्ला,आनंद श्रीवास्तव सोनु, बाल मुकुंद मिश्र, मनोज दीक्षित, बल्लू तिवारी, एवं तहसील परिसर में मानवेंद्र तिवारी, भरत मणि त्रिपाठी, शशांक मिश्र, सैंकी मिश्र, शुभम तिवारी, संतोष तिवारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे ।

## बैकयार्ड पोल्ट्री योजना में सात दिवसीय प्रशिक्षणोपरांत चूजों का हुआ वितरण

देवरिया। बैकयार्ड पोल्ट्री डेवलपमेंट कार्यक्रम योजनान्तर्गत विकास खंड बैतालपुर के ग्राम उधोपुर में अनुसूचित जाति के 12 महिला लाभार्थियों का चयन किया गया था,जिनका सात दिवसीय प्रशिक्षण पशु चिकित्सालय बैतालपुर पर पशु चिकित्साधिकारी डॉ दिग्विजय यादव,पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी एवं वेटनरी फार्मासिस्ट राकेश कुमार भारती द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण में लाभार्थियों को कुक्कुट पालन संबंधी प्रारंभिक ज्ञान,चूजों के पालन पोषण,आहार व्यवस्था, बीमारियों की रोकथाम,टीकाकरण एवं अंडा मांस का विपणन आदि की जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण पाए हुए प्रत्येक लाभार्थी को 50 चूजे,एक बोरा राशन,मल्टी विटामिन व लिवर टानिक दिया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि बैकयार्ड मुर्गी पालन योजना (घरेलू मुर्गीपालन) ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी कम करने, महिलाओं को सशक्त बनाने और पोषण बढ़ाने के लिए एक सरकारी पहल है। इसके तहत छोटे स्तर पर 50 उन्नत चूजे पालने के लिए अनुदान और मदद दी जाती है,जिससे अंडे और मांस बेचकर अतिरिक्त आय प्राप्त की जा सके।

# चुनौती नहीं प्रेरणा का अवसर है परीक्षा काल : डीएम




देवरिया। परीक्षा जीवन काल और सतत चलने वाली प्रक्रिया है जिसमें व्यक्तित्व का निर्माण होता है।और परीक्षा केवल अध्ययन किए गए ज्ञान का ही नहीं उस तत्कालिक चुनौती का भी है जो बिना बताए आता है।

ऐसी परिस्थिति में सहज,भाव से इसके लिए तैयार रहना ही इस प्रेरणा से सकारात्मक परिणाम प्राप्त किया जा सकता है। उक्त बातें सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया खास के माधव सभागार में कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे छात्रों के लिए आयोजित आशीर्वाद समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए सुश्री दिव्या मित्तल जिलाधिकारी देवरिया ने कहीं।

उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि समर्पित और संयमित जीवन चर्या और लक्ष्य के प्रति एकाग्रता से किया गया परिश्रम निश्चित ही सकारात्मक परिणाम देता है। इसलिए आप सभी को अपने लक्ष्य को अर्जुन की दृष्टि की तरह साधना होगा तभी अपेक्षित परिणाम संभव है।

बारहवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि डा.रजनी पटेल (प्राचार्या,देवरहवा बाबा मेडिकल कालेज देवरिया) ने उपस्थित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए जीवन में संतुलन के महत्व को उद्घाटित किया। उन्होंने कहा कि तनाव नहीं बल्कि अनुशासन को अपनाने से सफलता मिलेगी ।

संबोधन के क्रम में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एच के मिश्र ने लक्ष्य साधना के लिए एकाग्रता और अनुशासन के महत्व को बताते हुए रहीम के दोहे का उदाहरण दिया और कहा कि जीवन में एक लक्ष्य लेकर चलने वाले को ही सफलता मिलती है और वह सफलता के ऊंचे सोपान प्राप्त करता है।एकै साधे सब सधे, सब साधै सब जाय को स्पष्ट किया।

इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी देवरिया द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने मुख्य अतिथि कौ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्रों का ग्रुप फोटो सेशन भी हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री मुन्नीलाल शर्मा जी ने छात्रों को परीक्षा परिणाम हेतु शुभकामनाएं दीं और अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक यादव जी ने किया।इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य श्री अखिलेश दीक्षित जी, जितेन्द्र मिश्र जी, अमरेन्द्र उपाध्याय जी अरविंद मोहन मिश्र ,जी दिलीप श्रीवास्तव जी हृदयलाल सिंह जी यजुवेंद्र पति जी चंद्रप्रकाश सिंह जी आदि समस्त आचार्य मौजूद रहे।

## सरयू नदी में तलाश के दौरान गोताखोर की डूबकर मौत, परिवार में मचा कोहराम



देवरिया,5 फरवरी। बरहज थाना क्षेत्र के एक गांव के परिवार में उस समय कोहराम मच गया जब एक गोताखोर व्यक्ति सरयू नदी में डूबे व्यक्ति की तलाश कर रहे थे। तभी गोताखोर खुद नदी में डूब गए। पुलिस ने अन्य गोताखोरों की मदद से उन्हें बाहर निकाल देवरिया मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी पहुंचाया। जहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार सुरेंद्र निषाद (40) पुत्र मोहन निषाद, निवासी ग्राम गौरा, पोस्ट गौरा जयनगर, थाना बरहज पिछले लगभग 15 वर्षों से गोताखोरी का कार्य करते थे और कई बार डूबे लोगों की तलाश कर उन्हें बाहर निकाल चुके थे। पिछले कुछ दिनों से वे सरयू नदी में एक डूबे व्यक्ति की खोजबीन में जुटे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

मृतक अपने पीछे पत्नी उर्मिला देवी, पुत्र भोला (15 वर्ष), रोहित (5 वर्ष) और पुत्री संजना (6 वर्ष) को छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। भाई संदीप कुमार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ध्वस्त श्रीलक्ष्मीनारायण मन्दिर का पुनर्निर्माण हुआ पुरा



भटनी(देवरिया)। स्थानीय विकास खण्ड के बनकटाशिव मे छोटी गण्डक नदी के तट पर स्थित श्रीलक्ष्मीनारायण मन्दिर के पुनर्निर्माण का कार्य पुरा हो जाने के बाद विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन रामगुलाम राय पी जी कालेज केप्रबन्धक प्रभात कुमार राय द्वारा आयोजित किया गया है ।

बताया गया है कि प्राचीन श्रीलक्ष्मीनारायण का प्राचीन मन्दिर सैकडो वर्ष का पुराना इतिहास रहा है । जो 1999में अचानक ध्वस्त हो गया ।जिसके पुनर्निमाण के रामगुलाम राय पी जी कालेज बनकटाशिव के संरक्षक उमाशंकर राय द्वारा निर्देश दिये जाने के बाद कालेज के प्रबन्धक प्रभात कुमार राय द्वारा 2008से शुरू कराया गया जो 2026 में बनकर तैयार हो गया । श्रीलक्ष्मीनारायण महोत्सव के अवसर पर श्रीलक्ष्मीनारायण यज्ञ के साथ विग्रह प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के दौरान भागवत कथा भजन संध्या में पी एम मोदी द्वारा टवीट किये भजन 15फरवरी राजीव सिंह भागलपुर17फरवरी को स्वाति मिश्र मुम्बई 18फरवरी को सुधीर व्यास 19फरवरी को 19 फरवरी को वृंदावन से पधारे ध्रुवस्वामी की होली टीम सोमवार को ध्वज पूजन सम्पन्न होगा ।इस अवसर पर डाँ विनय मिश्र मन्दिर श्रध्दालुओं को शामिल होने के अलावे सभी सनातनी भक्ति से इस महोत्सव में शामिल होने की अपील की गयी है ।

आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार राय द्वारा यज्ञ की सफलता के लिए टीम बनाकर जनजागर अभियान चलाकर क्षेत्र के लोगों को कलश यात्रा के लिए महिलाओं व पुरुषों आमंत्रित करते नजर आ रहे है ।कहा जाता है कि मन्दिर अकेले निर्माण नही कराया जाता । आंमत्रण के साथ अपने सामर्थ के हिसाब से सहयोग देने की आपील भी जनजागरण अभियान में निकली टीम द्वारा की जा रही है ।

आयोजक प्रभात कुमार राय ने इस महोत्सव में लोगो अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें ।

संक्षेप

## सीएमओ ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

**सीतापुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० सुरेश कुमार द्वारा इस्माइलपुर नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भ्रमण किया गया। वहाँ पर उन्होंने जनता को दी जा रही सेवाओं का निरीक्षण किया। अब नगरीय क्षेत्र में मलिन बस्ती के वासियों के लिए शीघ्र ही विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होना शुरू होगी। इसके लिए उन्होने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर को पॉली क्लीनिक के रूप में विकसित किया जायेगा, जिसमें 07 विशेषज्ञ तैनात होंगे। विशेषज्ञ न होने से क्षेत्रीय जनता को दूसरे बड़े अस्पतालों में जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेष सेवाएं, फिजीशियन, त्वचा रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग, नेत्र रोग व मनोरोग विशेषज्ञों की तैनाती हेतु शीघ्र ही इच्छुक चिकित्सकों के साथ स्वास्थ्य विभाग अनुबन्ध करेगा। प्रत्येक विशेषज्ञ की ओ०पी०डी० प्रतिदिन के हिसाब से निश्चित होगी तथा प्रति दिवस 5000 रुपए भुगतान देय होगा। मार्च तक पॉली क्लीनिक शुरू करने की योजना है।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

हरगांव ( सीतापुर )। हरगांव थाना क्षेत्र में बुधवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया। सेलूमऊ ग्राम पंचायत के मजरा मोतीपुर गांव में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आबादी की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना था। महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं और छात्राओं को विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न के बारे में जानकारी दी। इसमें छेड़छाड़, सोशल मीडिया पर परेशान करना या किसी अनजान व्यक्ति पर संदेह होने जैसी स्थितियां शामिल थीं। महिला आरक्षी पूजा और अंजना ने बताया कि ऐसी किसी भी स्थिति में तत्काल 1090, 112, 1076 और 1073 जैसे हेल्प लाइन नंबरों पर सूचना दी जा सकती है। पुलिस को सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। थाने में एक महिला हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जहां महिला पुलिस अधिकारी और कर्मचारी हर समय मौजूद रहती हैं। महिलाएं अपनी समस्या लेकर सीधे थाने पहुंच सकती हैं। इस अवसर पर आरक्षी सुशील कुमार, मोहित, विशाल मौजूद रहे।

## भोलेनाथ की खंडित मूर्ति को लगभग दो माह में बदला जायेगा

**हरगांव (सीतापुर)।** राजपूत करणी सेना के तत्वावधान में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना व श्रीराम क्षत्रिय सेना व अन्य हिंदुत्ववादी नागरिकों की एक बैठक सूर्यकुंड तीर्थ में लगी भगवान भोलेनाथ की खंडित मूर्ति को बदलने को लेकर बाबा गौरीशंकर दरबार में एक सम्पन्न हुई।

इस बैठक में आदर्श नगर पंचायत हरगांव चेयरमैन ने भी भाग लिया। जानकारी के अनुसार आदर्श नगर पंचायत हरगांव के कस्बा हरगांव में सूर्य कुण्ड तीर्थ में लगी भगवान शिव की खंडित मूर्ति न बदले जाने को लेकर एक बैठक सूर्यकुंड तीर्थ पर विकास हिंदू राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय हिंदू शेरसेना के नेतृत्व में राजपूत करणी सेना सीतापुर व श्रीराम क्षत्रिय सेना सीतापुर तथा अन्य हिंदुत्ववादी नागरिकों की हुई। इस बैठक में नवम्बर माह के दौरान हरगांव तीर्थ के सौन्दर्यीकरण के नाम पर लगी भगवान शिव की खंडित मूर्ति को बदलने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के सामने पारित हुए प्रस्ताव पर हीलाहवाली किए जाने को लेकर बुधवार को पुनः एक बैठक विकास हिंदू व नगर पंचायत हरगांव चेयरमैन गफ्फार खां के साथ हुई।

# देश को हर क्षेत्र में मजबूती देगा बजट : केशव मौर्य

जिला संवाददाता




**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फतेहपुर के होटल रामाडियन में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय बजट की जोरदार सराहना की। उन्होंने इसे देश के विभिन्न क्षेत्रों को मजबूत बनाने वाला और मोदी सरकार की नीतियों से भारत को आंतरिक व सामरिक दृष्टि से सशक्त करने वाला बताया। बजट की मुख्य विशेषताएंमौर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल तकनीक पर आधारित प्रावधानों पर प्रकाश डाला, जैसे किसानों के लिए नई तकनीक से आय वृद्धि, मध्यम वर्ग को आयकर, शुगर-कैंसर जैसी बीमारियों की सस्ती दवाएं। इसके अलावा सूक्ष्म-लघु उद्योगों को प्रोत्साहन, तीर्थनगरों का विकास, हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, तिलहनों सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन, सूर्यमुखी ) में आत्मनिर्भरता, रक्षा क्षेत्र में 15% वृद्धि, हर जिले में कन्या छात्रावास, 15 पुरातत्व स्थलों का विकास, अक आधारित मौसम सूचना किसानों के लिए, 200 औद्योगिक क्लस्टर्स का आधुनिकीकरण, और लखनऊ-कानपुर-नोएडा जैसे शहरों को स्टार्टअप हब बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थितइस बृहस्पतिवार को हुई प्रेस वार्ता में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, विधायक कृष्णा पासवान, राजेंद्र पटेल, विकास गुप्ता, जयकुमार सिंह, रणवेंन्द्र प्रताप सिंह, धुन्नी सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेयी, प्रमोद द्विवेदी, मुखलाल पाल, महामंत्री उदय लोधी, नीरज सिंह, बजट अभियान संयोजक सुशीला मौर्या, सहसंयोजक प्रदीप गर्ग-पंकज त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह-विक्रम सिंह चंदेल सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रोल प्रेक्षक की अध्यक्षता में मतदाता पुनरीक्षक कार्यक्रम के तहत हुई बैठक

सीतापुर। रोल प्रेक्षक मण्डलायुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन से संबंधित मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचक नामावली के अद्यतीकरण, नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने, त्रुटि सुधार तथा पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सारिणी, दावा-आपत्ति की प्रक्रिया एवं आवश्यक प्रपत्रों की जानकारी दी गई।

रोल प्रेक्षक मण्डलायुक्त ने सभी संबंधित को यह भी अवगत कराया गया कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाए रखने हेतु सभी राजनैतिक दलों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए गए, जिन पर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि वह अपने बूथ लेबल एजेंट के माध्यम से भी एस0आई0आर0 फार्म में सहयोग प्रदान करें एवं अधिक से अधिक नए युवा मतदाताओं को जोड़ा जाये। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि बी0एल0ओ0 घर-घर जाकर मतदाताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करें। जिन-जिन स्थानों पर आपत्तियों के निस्तारण हेतु केन्द्र बनाये गये हैं। वहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि यदि कोई मतदाता आपत्ति के निस्तारण हेतु केन्द्र तक पहुंचनें में असमर्थ है तो वह बी0एल0ओ0 के माध्यम से अपनी आपत्तियों का निस्तारण कर सकता है। बैठक में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राम बिहारी माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक पर गबन का आरोप

**सीतापुर।** सीतापुर- धौरेमऊ स्थित राम बिहारी माध्यमिक विद्यालय के साधारण सभा सदस्य अखिलेश कुमार शुक्ला ने अनियमितता को लेकर मुख्यमंत्री डीएम व पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र रजिस्टर्ड डाक से भेजा है। शिकायती पत्र मे बताया गया है कि विद्यालय के प्रबंधक दिग्विजय वर्मा ने विद्यालय की कृषि योग्य भूमि से विगत लगभग 40 वर्षो से प्राप्त धनराशि को कभी भी संस्था के हित में प्रयोग नहीं किया और न ही संस्था की कैश बुक में प्रश्नगत कृषि संबंधी आय को दर्ज किया गया है। शिकायत कर्ता ने प्रबंधक दिर्विजय वर्मा प्रबंधक पर गबन का आरोप लगाते हुए कहा है कि कृषि योग्य भूमि से प्राप्त धनराशि का उपयोग विधि विरुद्ध तरीके से निजी हित मे उपयोग कर करोड़ो रुपए का गबन किया गया है। शिकायत कर्ता ने प्रकरण की गंभीरता से जांच और कार्यवाही की मांग की है।

## समाजवादी प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत



**फतेहपुर,** । समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का प्रयागराज से कानपुर जाते समय फतेहपुर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकताओं को फॉर्म पर जिम्मेदारी से नजर रखने, शिकायत दर्ज करने और फॉर्म का पूरा विवरण प्रदेश कार्यालय भेजने के सख्त निर्देश दिए। प्रदेश अध्यक्ष को मौके पर फॉर्म की हार्ड कॉपी और उसका विस्तृत विवरण सौंपा गया। कोरी समाज इंजीनियर सिद्धार्थ गौतम ने कबीर एकता महासभा की पुस्तक भेंट की। मौके पर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, जिला महासचिव चौधरी मंजर यार, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, पूर्व प्रमुख नंदकिशोर पाल, जिला सचिव हीरालाल साहू, बाबा साहेब वाहिनी के जिला अध्यक्ष डॉ. अमित पाल, बाबा साहेब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव फूल सिंह मौर्य, नागेंद्र यादव, सुहैल खान हेमू, वीरेंद्र यादव, डॉक्टर सचान, आनंद गौतम, नीरजपाल, राम चंद्र पाल, इंद्राज पाल, दिलीप पाल, श्रीकांत पाल, दिनेश पाल बौरा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जीरो बजट खेती के बारे में किसानों को जानकारी दी

सफीपुर, उन्नाव। एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक ने किसानों को जीरो बजट खेती एवं किसानों की आय दोगुनी करने की विस्तृत जानकारी दी गई।

ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रायपुर द्वितीय स्थित पंचायत भवन में कृषकों को प्राकृतिक, जैविक, जीरो बजट खेती एवं कृषकों की आय दो गुनी करने के संबंध में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण गुरुवार को संपन्न हुआ। जिसमें प्रशिक्षक प्रशिक्षक श्रवण कुशवाहा द्वारा कृषकों को जीरो बजट खेती में कृषि उत्पादन की तकनीक एवं बीजामृत ,घनजीवामृत ,जीवामृत, दसपणी बनाने के बारे में प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक रविचंद्र प्रकाश ने प्राकृतिक खेती करने व फसल प्रबंधन एवं प्राकृतिक खेती से होने वाले फायदे और रासायनिक प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में चर्चा करते हुए कृषकों को खुद जैविक खेती करने और अपने आसपास क्षेत्र में किसानों को जीरो बजट खेती करने और जीरो बजट खेती के फायदे के बारे में प्रसार करने हेतु आग्रह किया गया।

# डीएम ने जिला अस्पताल पहुंचकर जाना मरीजों का हाल



**उन्नाव।** जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा जिला अस्पताल के एमरजेंसी वार्ड में पहुंचकर आगरा एक्सप्रेसवे में घायल मरीजों को देखा गया। इस अवसर पर जिला अधिकारी ने घायल व्यक्तियों से मिलकर उन्हें जल्द स्वस्थ हो जाने की सांत्वना दी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि घायल मरीजों का बेहतर इलाज किया जाए और उत्तम स्वास्थ्य चिकित्सा का लाभ दिया जाए। स्टाफ रेगुलर मरीजों का ध्यान रखें और समय से उन्हें उपचार सुनिश्चित किया जाए किसी भी प्रकार की लापरवाही स्टाफ द्वारा संज्ञान में नहीं आनी चाहिए। जिलाधिकारी ने मरीजों के तीमारदारों से मिलकर उन्हें अस्पताल द्वारा बेहतर चिकित्सा का लाभ दिए जाने का आश्वासन दिया। कहा स्वस्थ्य विभाग के डॉक्टरों की टीम गंभीरता से चिकित्सा सेवा दे रही है बेहतर देखभाल करेगी कोई भी दिक्कत नहीं होगी जल्द ही मरीज स्वस्थ होकर घर लौटेंगे। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### घने कोहरे में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, 13 लोग घायल

उन्नाव जिले में गुरुवार सुबह लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के कारण एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बेहटामुजावर थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 245 के पास बस, ट्रक और कई कारों सहित आधा दर्जन से अधिक वाहन आपस में टकरा गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे दृश्यता काफी कम थी। इसी दौरान आगे चल रहे एक वाहन के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से आ रहे वाहन एक के बाद एक टकराते चले गए। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया और यातायात घंटों बाधित रहा। सूचना मिलते ही बेहटामुजावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

दुर्घटना में कुल 13 लोग घायल हो गए, जिन्हें एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ भेजा गया, जहां सभी का उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस व यूपीडा (न्प्क्।) की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया, जिसके बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य किया गया। घायलों में रत्नेश चैरसिया (20) पुत्र विश्वनाथ चैरसिया, निवासी राजेंद्र नगर, सुल्तानपुर, लीला (27) पुत्र जयपाल, निवासी हिसार, हरियाणा, रितेश (25) पुत्र गोविंद, निवासी बेगूसराय, बिहार रेनू यादव (37) पत्नी रामशरण, निवासी निमियापुर, जनपद अमेठी प्रमिला (38) पत्नी शंकर, निवासी निमियापुर, अमेठी, सोनिया (30) पुत्री राजाराम यादव, निवासी निमियापुर, अमेठी, प्रमोद (35) पुत्र राजाराम यादव, निवासी निमियापुर, अमेठी विक्रम यादव (25) पुत्र गोविंद, निवासी बेगूसराय, बिहार दीपू जायसवाल पुत्र मोहन जायसवाल, निवासी किशुनपुर मितौली बाजार, महराजगंज, लक्ष्मीना (60) पत्नी मोहन जायसवाल, निवासी किशुनपुर मितौली बाजार, महराजगंज नीतीश मिश्रा पुत्र रामजी, निवासी खेमरिया कला, विंध्याचल विवेक (26) पुत्र श्रीराम, निवासी मालाएन बढ़पुर, इटावा शिवम (26) पुत्र राकेश, निवासी मिलाएंन बढ़पुर, इटावा शामिल रहे। थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि हादसे का मुख्य कारण कम दृश्यता और तेज रफ्तार है। मामले की जांच जारी है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे के मौसम में विशेष सावधानी बरतें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें और सुरक्षित दूरी बनाए बनाकर वाहन चलाएं।

## 108 एंबुलेंस बनी मानवता की मिसाल, एक ही समय में कई घायलों की बचाई जान



**उन्नाव।** गंगा एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में 108 एंबुलेंस सेवा ने त्वरित और सराहनीय कार्य करते हुए एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की। एक्सप्रेसवे पर एक लोडर वाहन के पलट जाने से बड़ा हादसा हो गया, जिसमें 17 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस सेवा ने बिना समय गंवाए तुरंत कार्रवाई की। एक साथ कई एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए समय रहते नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर रेफर किया गया, जिससे कई लोगों की जान बचाई जा सकी। हादसे के समय अफरा-तफरी का माहौल था, लेकिन 108 एंबुलेंस के प्रशिक्षित ईएमटी और पायलटों ने संयम, सूझबूझ और मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य किया। एक ही समय में इतने अधिक मरीजों को संभालना आसान नहीं था, लेकिन टीमवर्क और तत्परता के कारण सभी घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय प्रशासन और आम जनता ने भी 108 एंबुलेंस सेवा की तत्परता की सराहना की। यह घटना साबित करती है कि आपातकालीन सेवाओं में 108 एंबुलेंस आमजन के लिए जीवन रक्षक कवच है। यह हादसा दुखद जरूर है, लेकिन 108 एंबुलेंस कर्मियों की मेहनत और निष्ठा ने यह दिखा दिया कि सही समय पर सही मदद मिल जाए तो कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है।

## अनियंत्रित पिकप पलटने से एक की मौत, 19 घायल



**सफीपुर, उन्नाव।** निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक की मौत, 19 लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया। जनपद हरदोई के सांडी क्षेत्र से एक पिकअप पर करीब बीस मजदूरों को लेकर निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर काम करने लिए उन्नाव ले जा रही थी। अभी वह आसीवन थाना क्षेत्र के परसौरा गांव के निकट पहुंचा था कि अचानक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें हरदोई जिले के सांडी क्षेत्र के नेकपुर नेवादा हसनापुर निवासी अमर सिंह पुत्र छोटे लाल 50 वर्ष, शोभित 19वर्ष, आसाराम 25 वर्ष, दिनेश 38 वर्ष, पिंटू 25 वर्ष, चंद्रबाबू 19वर्ष, विजय 19 वर्ष, सर्वेश 42 वर्ष, शाहरुख 27 वर्ष, अशोक 50 वर्ष, छोटेलाल 45 वर्ष, राम आसरे 38 वर्ष, मुफीद 36 वर्ष, राहुल 26 वर्ष, संजीव 32 वर्ष, संतोष 35 वर्ष, अमर सिंह 35 वर्ष, नीरज 32 वर्ष, मोव अली 26 वर्ष और मोइनुद्दीन 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटना स्थल पहुंचे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी तो घटना की सूचना एंबुलेंस को दी गई। पुलिस मौके पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सफीपुर सीएचसी ले आई जहां डाक्टरों ने अमर सिंह पुत्र छोटे लाल को मृत घोषित कर दिया और सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उन्नाव भेज दिया। सूचना पर एसडीएम सफीपुर शिवेंद्र वर्मा, क्षेत्राधिकारी सोनम सिंह ने सीएचसी पहुंच घटना के संबंध में जानकारी ली। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

# अन्नामलाई यूनिवर्सिटी से अमित गौरैया को योग में मिली उपाधि



**उन्नाव।** भगवंतनगर क्षेत्र निवासी राम औतार व चंद्रकली के पुत्र अमित गौरैया को तमिलनाडु की अन्नामलाई यूनिवर्सिटी से योग में पी एच डी उपाधि से सम्मानित किया गया। 87वें दीक्षांत समारोह में तमिलनाडु के गवर्नर आर एन रवि, वाईस चांसलर डॉ गोवि चेझियान व विशिष्ट अतिथि आई आई टी रुड़की के डायरेक्टर प्रोफेसर कमल किशोर पंत ने अमित गौरैया को उपाधि प्रदान कर सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं। उत्तर प्रदेश हैपरटेंसिव पुलिस पर शोध विषय पर अमित गौरैया कई वर्षों से शोध कार्य कर रहे थे। अमित गौरैया ने प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर उँचगांव और चंडिका देवी इंटर कॉलेज तनगापुर से की। शोधकार्य ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय मातापिता, गुरुजनों, क्षेत्रवासियों और विभिन्न संस्थानों जहां शोधकार्य किया उनको दिया। उन्नाव, लखनऊ सहित देश के अनेक भागों में अमित गौरैया पिछले कई वर्षों से निःशुल्क वर्कशॉप उन्नाव इस उपलब्धि पर रेड क्रॉस उन्नाव के उप सभापति डॉ मनीष सिंह सेंगर, अभिषेक सहज व अनिल वर्मा, डाइट प्रोफेसर डॉ ब्रजेश यादव, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्तकर्ता शिक्षिका डॉ स्नेहिल पांडेय, पीजीआई लखनऊ के कैथ लैब इंचार्ज श्रीकांत श्रीवास्तव, नर्सिंग अफसर सुरेंद्र कटियार, अभिषेक शुक्ला, राहुल कश्यप आदि सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य और समाजसेवा से जुड़ी शख्सियतें ने शुभकामनाएं दीं।

## तालाब की जमीन पर अवैध निर्माण पर गरजा बुलडोजर



**पहला (सीतापुर)।** तहसील महमूदाबाद अंतर्गत थाना सदरपुर में गुरुवार दोपहर हाईकोर्ट के आदेश पर तालाब की भूमि पर बने अवैध निर्माण पर बाबा का बुलडोजर गरजने लगा और उसे ध्वस्त कर दिया। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सदरपुर में थाने के पास स्थित गाटा संख्या 379 ( तालाब की जमीन ) पर पिछले करीब 40 वर्षों से अवैध कब्जा था। जानकारी के अनुसार इस भूमि पर रिजवान, फुरकान और इमरान ( पुत्र हसमत ) ने पक्का मकान बनाकर अतिक्रमण कर रखा था। इस मामले को लेकर उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने अवैध कब्जे को तत्काल हटाने का सख्त आदेश दिया था। उक्त आदेश के क्रम में गुरुवार दोपहर सदरपुर थानगांव तथा रामपुर मथुरा पुलिस की सुरक्षा में अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए थे। इस दौरान क्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव, तहसीलदार अनिल कुमार राम, नायब तहसीलदार राज बहादुर और स्थानीय लेखपाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। देखते ही देखते दशकों पुराने अवैध निर्माण को मलबे में तब्दील कर दिया गया। इस मौके पर अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक संपत्तियों और जलाशयों की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और न्यायालय के आदेशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा।

## उप निबंधक कार्यालय महोली के भवन निर्माण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण



सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज आदर्श तहसील महोली परिसर के अन्दर निमार्णाधीन उप निबंधक कार्यालय महोली के भवन के निर्माण कार्य को देखा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भवन के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को देखते हुये निर्देश दिये कि भवन में बेहतर सामग्री का उपयोग किया जाये एवं पिलर बनने के उपरान्त सरिया दिखायी न दे, यह सुनिश्चित किया जाये। साथ ही जिलाधिकारी ने भवन के अन्दर निर्मित किये जा रहे शौचालय को भी देखते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग द्वारा जनपद सीतापुर स्थित ग्राम रोजहा, पो0 धौरेमऊ, विकास खण्ड ऐलिया में प्राचानी शिव मंदिर में कराये जा रहे कार्यों को देखा। जिलाधिकारी ने इंटरलाकिंग, सोलर लाइट आदि कार्यों को देखते हुये प्रकाश व्यवस्था सही न मिलने पर संबंधित अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुये प्रकाश व्यवस्था सही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्यों को पूर्ण करते हुये हैण्डओवर किया जाये।

# वार्षिकोत्सव, मेधा अलंकरण व विदाई समारोह का आयोजन



हरगांव ( सीतापुर )। आदर्श नगर पंचायत हरगांव के अन्तर्गत एक मात्र शिक्षण संस्थान बिड़ला विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज के प्रांगण में तीन फरवरी को 2026 को वार्षिकोत्सव, मेधा अलंकरण एवं विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीनू पाल वन क्षेत्राधिकारी, हरगांव, अरविंद कुमार दीक्षित अधिशाषी अध्यक्ष अवध शुगर मिल हरगांव, प्रमोद कुमार मेहदियान प्रबंधक बिड़ला विद्या मन्दिर एवं रामचेत सिन्हा प्रधानाचार्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पुष्पार्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवक्ता ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं डॉ. अनिल कुमार ने किया।

समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शान दार प्रदर्शन एकांकी, एकल गीत, नाटक के रूप में किया।

इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों एवं विद्यालय के शिक्षकों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जिससे बच्चों में उत्साह और आत्म विश्वास का संचार हुआ। मुख्य अतिथियों ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह के दौरान कक्षा-12 के विद्यार्थियों को भाव भीनी विदाई दी गई। वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय से प्राप्त संस्कार जीवन भर मार्ग दर्शन करते हैं। विद्यालय कार्यों के सुगम संचालन हेतु विद्यालय के लिपिक बद्री विशाल त्रिपाठी ने वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया एवं बजट तत्काल स्वीकृत किए जाने का निवेदन किया ताकि विद्यालय को कार्यों के संचालन में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न होने पाये। कार्यक्रम का समापन विद्यालय समिति के प्रबंधक प्रमोद कुमार मेहदियान के आशीर्वचन के साथ हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर आगे बढ़ते रहने तथा समाज व राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत मौर्य पंकज पाण्डेय, रामकुमार शुक्ला, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रेम सुंदर अवस्थी, अजय वर्मा, सुमित शुक्ल, अंशू वर्मा, तहसीलदार चैरसिया, हरिप्रसाद दीक्षित प्रदीप कुमार यादव बद्री विशाल त्रिपाठी लिपिक सहित बड़ी संख्या में अभिभावक शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सर्दी में कंबल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**उन्नाव।** कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद मतीन खान ने कहा कि आजादी केवल झंडा फहराने की रस्म नहीं, बल्कि रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, इलाज और सम्मान की गारंटी है। उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में देशभर में एक लाख उनतीस हजार से अधिक सरकारी स्कूल बंद किए गए, जिसका सीधा असर गरीब, वंचित और श्रमिक वर्ग के बच्चों पर पड़ा है। शिक्षा और स्वास्थ्य को बाजार के हवाले किए जाने को उन्होंने ह्वआधुनिक गुलामीह्व बताते हुए कहा कि यह एक सोची-समझी नीति है, ताकि सवाल करने वाली पीढ़ी न तैयार हो। उन्होंने चेताया कि जब तक देश का आखिरी किसान, मजदूर और बच्चा बराबरी के अधिकार के साथ खड़ा नहीं होगा, तब तक आजादी अधूरी रहेगी। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अहमद ने सवाल उठाने वाली आवाजों को आगे लाने और उनकी रक्षा करने की अपील की। इस अवसर पर मोहम्मद नदीम, सत्तू भाई, अनीस कुरैशी, मोहम्मद सोनू, अरबाज, अल्ताफ और रिजवान सहित कई लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## विराट हिन्दू सम्मेलन में दिया एकजुटता का संदेश

**ललितपुर (वीओएल)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मनोज विभाग प्रचारक झांसी विभाग एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुश्री शिवा राजे बुन्देला रहीं। कार्यक्रम में कृष्ण गिरी जी महाराज, भावनानंद गोस्वामी एवं सुश्री चित्रलेखा ब्रह्मकुमारी आश्रम ललितपुर भी मंच पर उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक मनोज ने सभी हिन्दुओं को एकजुटता से रहने का संदेश दिया और संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर पंच परिवर्तन जैसे कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण संरक्षण, स्व का भाव स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया, सुश्री शिवा राजे बुन्देला ने अपने आजस्वी विचार व्यक्त कर सभी को हिदुत्व एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक वीरसिंह, नगर प्रचारक सुनील, जितेन्द्र वैध, सन्मति सर्राफ, संजीव जैन, मुन्नालाल जैन अभिलाषा, डा0 एस0पी0 पाठक, बी0के0पाल, राहुल मोदी, पं0 रविकान्त तिवारी, कुन्ज बिहारी शर्मा, सजन कुमार शर्मा, राजेन्द्र कुमार, अवधेश, सी0एल0पाल, सन्तोष चैरसिया, विजय सचान, बृजबिहारी, प्रतिज्ञा मालवीय सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मधुरिमा तिवारी ने किया अन्त में कार्यक्रम संयोजक के0एल0 मालवीय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## किसानों का प्रदर्शन, घायलों को दें मुआवजा

**बांदा।** पैलानी तहसील के अलोना गांव में गुरूवार को भी किसानों का प्रदर्शन जारी रहा। भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव मनोज द्विवेदी की अगुवाई में पांचवे दिन भी जारी रहे प्रदर्शन में किसान भोला प्रजापति, अनूप सिंह, सत्यगोपाल व अन्य घायल हुए किसानों को मुआवजा दिलाए जाने व अन्य समस्याओं को लेकर मांग उठाई। कहा कि लगभग 1 करोड़ 60 लाख की बनी नई गौशाला में लोहे के तार की जाली लगाई जानी चाहिए। इस दौरान किसान बल्ला साहू, मनोज कुमार, शिवशरण सिंह, विकास टेलर, ऋषि सिंह, श्यामकरण साहू, बद्री साहू, गुरु वर्मा, भोला, चुन्नू भाटपाल, सभाजीत, अंकुश, अशोक, शिवशरण सिंह के अलावा लगभग एक सैकड़ा किसान मौजूद रहे।

## पुराने जमीनी मामले में मारपीट कर धमकाया

**ललितपुर (वीओएल)।** थाना मड़ावरा के ग्राम बम्हौरीकलां में रहने वाले रवि कुमार नामदेव पुत्र रामकिशन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह व जितेन्द्र पुत्र जालम लोधी 1 फरवरी को बम्हौरी कलां में अपराह्न 3 बजे दीपेन्द्र राजा की टाल के सामने खड़े थे। तभी गांव के केहर व फूलसिंह पुत्रगण कलू, कलू पुत्र गोकुल एकराय होकर आये और जितेन्द्र के जमीन सम्बन्धी पुराने विवाद को लेकर गालियां देने लगे। जब दोनों ने गालियां देने से मना किया तो उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी और भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ई-रिक्शा ने बाइक सवार अधिवक्ता को मारी टक्कर

ललितपुर (वीओएल)। ग्राम सीरोंन खुर्द व हाल पिसनारी में रहने वाले अधिवक्ता कैलाश नारायण पुत्र स्व.दलीप सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 2 जनवरी को सुबह करीब 11.50 बजे वह क्लेम पिटीशन ट्रिब्यूनल कोर्ट (एम.ए.सी.टी.) पुरानी तहसील जा रहा था। वह जैसे ही जजी गेट के सड़क पार कर रिमझिम होटल के रास्ते पर पहुंचने ही वाला था कि तभी वर्णी कॉलेज चैराहा की ओर से आ रहे ई-रिक्सा नम्बर यू.पी.94 ए.टी. 2407 के चालक ने तेजी व लापरवाही से ई-रिक्सा से उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गया और ई-रिक्सा उसके ऊपर पलट गया, जिससे उसके दाहिने हाथ की हड्डी टूट गयी और शरीर में काफी चोटें आयीं। आरोप है कि घटना को भीमनगर नदीपुरा निवासी जानकी प्रसाद एड. व गांधीनगर निवासी अनुराग सिंह एड. ने देखा और उसे ई-रिक्सा के नीचे से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्होंने निजी अस्पताल में भर्ती रहे, जहां उसके हाथ का ऑपरेशन हुआ। पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर पर ई-रिक्सा चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# बुंदेलखंड के विकास के लिए म.प्र. के सीएम से मिले सांसद



**ललितपुर/झांसी(वीओएल)।** झाँसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से भेंट की। इस दौरान सांसद ने बुंदेलखंड के विकास को लेकर एक अत्यंत महत्वपूर्ण भौगोलिक तथ्य साझा करते हुए कहा कि उनका संसदीय क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से चारों ओर से मध्य प्रदेश की सीमाओं से घिरा हुआ है। ऐसे में क्षेत्र के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता के लिए उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश, दोनों सरकारों के बीच आपसी समन्वय और अनुमति अत्यंत अनिवार्य है। भेंट के दौरान प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई जिसमें ललितपुर के बेतवा नदी के दूसरी ओर स्थित गाँवों को मध्य प्रदेश से जोड़ने के लिए देवगढ़ मार्ग पर स्थित पुल साथ कई मार्गों के शीघ्र पुनर्निर्माण का आग्रह किया गया।

**● यूपी को एमपी से जोडने देवगढ़ में पुल निर्माण, अनियंत्रित ब्लास्टिंग एवं बसों को परमिट देने की रखी मांग**

इस पुल के बनने से सीमावर्ती क्षेत्रों में यातायात सुगम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को बल मिलेगा। झाँसी स्थित सैनिक स्कूल के समीप, मध्य प्रदेश की सीमा में हो रही अनियंत्रित ब्लास्टिंग को रोकने का अनुरोध किया गया।

सांसद ने चिंता व्यक्त की कि इस ब्लास्टिंग से विद्यार्थियों की सुरक्षा और शांत शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है, तथा जनपद ललितपुर से पाली सहित विभिन्न कस्बों की मध्य प्रदेश के साथ कनेक्टिविटी बेहतर करने हेतु मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के पास लंबित बस परमिटों को जल्द स्वीकृति देने पर चर्चा हुई उन्होंने विशेष रूप से पाली से बरेली के बीच चलने वाली बस के लंबित परमिट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस मार्ग के शुरू होने से हजारों ग्रामीण यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही झाँसी शहर की पेयजल आपूर्ति को निर्बाध सुनिश्चित करने के लिए सांसद जी ने माताटीला बांध स्थित इनटेक वेल के पास एक पुलिस चैकी स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बताया कि स्थानीय बाधाओं के कारण अक्सर जलापूर्ति में समस्या आती है, जिसे पुलिस पोस्ट की सुरक्षा से दूर किया जा सकता है।

# जिले में स्थापित होगा शुष्क खेती पर उत्कृष्टता केन्द्र

जिला संवाददाता

**बांदा।** शुष्क खेती पर उत्कृष्टता केंद्र स्थापना को लेकर कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कुलपति प्रो. एस0वी0एस0 राजू ने इक्रीसेट के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक को स्मृति चिन्ह देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा तथा इंटरनेशनल क्रॉप रिसर्च इंस्टिट्यूट फॉर द सेमि-एरिड ट्रॉपिक (इक्रीसेट) हैदराबाद आपसी सहयोग से ह्यशुष्क खेती पर उत्कृष्टता केंद्रह्ल की स्थापना पर कार्य कर रहे हैं।

**● वैज्ञानिक दल ने विश्वविद्यालय के शोध प्रक्षेत्र और प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया**

यह केंद्र बुन्देलखण्ड में जल संरक्षण, दलहन उत्पादन को बढ़ाने के लिये उन्नत तकनीकों के विकास के लिए कार्य करेगा। इक्रीसेट के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने कुलपति प्रो0 एस0वी0एस0 राजू से मुलाकात कर केंद्र की स्थापना के लिए कार्ययोजना पर चर्चा की और अध्यापकों तथा छात्रों के साथ भी बातचीत की। उन्होने कृषि के वैश्विक परिदृश्य और वर्तमान चुनौतियों पर विचार व्यक्त किए। कहा कि भारतीय कृषि ने पिछले 50 सालों में देश को खाद्यान्न में न केवल आत्मनिर्भर बनाया है बल्कि अब हम दूसरे देशों को कृषि उत्पाद निर्यात भी कर रहे हैं लेकिन भविष्य की चुनौतियां बदल रही हैं। उन्होने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ती जनसंख्या और विश्व बाजार मांग का सामना करने के लिए हमें नीतिगत बदलाव और तकनीकी विकास की आवश्यकता है। युवा वैज्ञानिकों से कहा कि कृषि समस्याओं को समझते हुए उनके समाधान पर केंद्रित शोध को अपना विषय बनाएं और नवाचार दें।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित केंद्र में विश्वस्तरीय कृषि तकनीकों को समाहित करते हुए उन्हें किसानों के लिए प्रदर्शित किया जाएगा। केंद्र में दालों की स्थानीय प्रजातियों को संरक्षित किया जाएगा और नवीन प्रजातियां भी विकसित होंगी। जिससे क्षेत्र में दलहन उत्पादन में वृद्धि होगी। इक्रीसेट वैज्ञानिक दल ने विश्वविद्यालय के शोध प्रक्षेत्र और प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया और अनुसंधान प्रक्रियाओं की जानकारी ली। इस दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

## करियर मेले में छात्राओं ने लगाये स्टॉल



**बांदा।** शहर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं के करियर मार्गदर्शन को लेकर करियर मेले का आयोजन हुआ। इसका उद्देश्य छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रोफेशनल कोर्सेज एवं रोजगार से जुड़े विकल्पों की जानकारी देना है। मेले में सिविल सेवा, बैंकिंग, लॉ, फैशन डिजाइनिंग, टीचिंग सेक्टर, ट्रेड तथा कौशल विकास से संबंधित स्टॉल लगाए गए जिसका संचालन छात्राओं ने किया। स्टॉल संचालन में अर्पिता दुबे, आराध्या गुप्ता, स्नेहा त्रिपाठी, वैष्णवी, अलबिया, शिवानी, कोमल, अंशु और शिल्पी व अन्य छात्राओं की भागीदारी रही। छात्राओं ने लोगों को करियर से जुड़ी उपयोगी जानकारी भी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य निमिषा रंजन, वरिष्ठ प्रवक्ता सीमा वर्मा व सभी शिक्षिकाओं का योगदान रहा। इस दौरान प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मराज, डॉ. सबीहा रहमानी, डॉ. दीक्षा गौतम, मोहित जायसवाल, प्रशांत द्विवेदी, डॉ. नरेंद्र मिश्रा, वंदना तिवारी व समाजसेवी शेख सादी जमा मौजूद रहे।

## नियमों को ताक पर रखकर दौड़ रहे बेखौफ ओवरलोड वाहन

**बांदा।** उत्तर प्रदेश से सटे मध्यप्रदेश सीमा क्षेत्र में गिट्टी, मोरम और बालू से लदे ओवरलोड वाहन दिन-रात बेखौफ दौड़ रहे हैं और यह लोगों तथा बेजुबान जानवरों के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं। इन पर प्रभावी अंकुश लगाना प्रशासन के लिए अब भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। कस्बा करतल के मुख्य मार्ग पर बुधवार की शाम तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रक की चपेट में आने से गौवंश की मौके पर ही मौत हो गई तथा राहगीर और बाइक सवार बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बालू से लदा ओवरलोड ट्रक बहुत तेज और अनियंत्रित गति से बस्ती के मुख्य मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान सड़क पर मौजूद गौवंश को ट्रक ने कुचल दिया। हादसे के बाद भी चालक ने वाहन नहीं रोका। सामने से आ रहे दो बाइक सवारों ने बाइक सड़क की विपरीत दिशा में मोड़कर पास की सब्जी की दुकान में घुसकर, सड़क किनारे जा रहीं महिलाओं ने भागकर जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और चैकी प्रभारी को जानकारी दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक का पीछा किया और कस्बे से लगभग 5 किलोमीटर दूर ग्राम महराजपुर के पास वाहन को पकड़ लिया। चालक को हिरासत में लेकर थाना, कोतवाली नरैनी में सुपुर्द कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू गौरक्षा समिति के तहसील नरैनी अध्यक्ष सोनू करवरिया थाना नरैनी पहुंचे और घटना को अमानवीय बताते हुए विरोध जताया। उन्होंने ओवरलोड वाहन और चालक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायती पत्र सौंपा।

## हॉस्पिटल के 2 वर्ष पूरे, निःशुल्क मेगा कैंप आयोजित

**बांदा।** शहर के नरैनी रोड स्थित शिव कृष्ण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के 2 वर्ष पूरा होने पर स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता सिंह व डायरेक्टर अरुणेश सिंह ने निःशुल्क मेगा कैंप आयोजित किया। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो लोगों का शिविर में उपचार किया गया तथा उन्हें दवाओं के साथ ही उचित परामर्श भी दिया गया। डॉ. सगीता सिंह ने महिला रोगियों, डॉ सोमेश त्रिपाठी गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ ने भी मरीजों का उपचार किया। मेगा कैप में लगभग 500 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में फिजिशियन डॉक्टर प्रिया दीक्षित, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपिका, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. देव व सर्जन डॉ. संजय कुमार ने मरीजों की जांच पड़ताल की और उन्हें निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई। वार्षिकोत्सव पर मरीजों के साथ अस्पताल आए तीमारदारों को भी खाना खिलाया गया। डॉक्टर संगीता सिंह व डायरेक्टर अरुणेश सिंह ने सभी का आभार जताया।

# नगर में आये दिन जाम से जनता परेशान

**ललितपुर (वीओएल)।** नगर में आये दिन जाम लगना कोई नई बात नहीं है, लेकिन आश्चर्य की बात तो यह है कि महानगरों की तर्ज पर छोटे से नगर में भी आधा-आधा किलोमीटर लम्बा जाम लगना बडी बात है। यातायात माह से लेकर सड़क सुरक्षा माह तक केवल कागजी खानापूर्ति ही रही। शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई पुख्ता योजना किसी के पास नहीं है, बस दोपहिया वाहन चालकों के चालान और कार पहिया वाहनों पर मेहरबानी जरूर बनी हुई है।

**● रात दस बजे के बाद डीजे बजा तो होगा जब्तः सीओ**

बुधवार रात ललितपुर-झांसी रोड पर एक साथ तीन-चार बारातों के एक साथ निकलने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। जाम को खुलवाने के लिए पुलिस के साथ लोगों को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लिहाजा गुरूवार को क्षेत्रधिकारी सदर सुनील कुमार ने सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक कर सख्ती बरतने के निर्देश दिये। क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार ने कहा कि निर्धारित समय रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाया गया तो सख्त कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा डीजे जब्तीकरण की भी कार्यवाही की जा सकती है। सीओ को डीजे संचालकों ने अवगत कराया कि वैवाहिक कार्यक्रम करने वाले लोग समय से बारात नहीं उठाते, जिस कारण समय में देरी होती है और निर्धारित समय से डीजे बंद करने पर बारात में शामिल लोगों द्वारा गालियां तक दी जाती हैं। इस पर सीओ ने कहा कि डीजे संचालक अपनी समस्याओं के लिए तत्काल पुलिस को अवगत करायें और नियमों का सख्ती से पालन करें, जिससे कि किसी को कोई असुविधा न हो। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि सड़क को घेरकर डीजे न चलायें, वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त स्थान बनाये रखें, जिससे वाहन चालकों को भी परेशानियां न हों। सीओ ने कहा कि पुलिस जनता के लिए चैबीसों घण्टे उपलब्ध है। इस दौरान शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी के अलावा अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक प्रबंध समिति की बैठक



**बांदा।** डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड प्रबन्ध समिति की बैठक हुई। बैंक सभापति पंकज अग्रवाल ने सहकारी देयों की वसूली, विविधीकरण वसूली, अल्पकालीन ऋण वितरण, निक्षेप के साथ ही पैक्स कम्प्यूटराइजेशन की समीक्षा की। बैठक निर्धारित एजेण्डा के अनुसार बैंक सचिव, मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ आकांक्षा वर्मा ने प्रस्तुत किया। जिसमें बैंक के वित्तीय वर्ष 2024-25 की सामान्य निकाय की बैठक मार्च माह में सम्पन्न कराने, बैंक मुख्यालय एवं सचिव आवास का सौन्दरीकरण कराने के निर्णय लिये गये। पंकज अग्रवाल ने बताया कि बैंक ने अपनी सदस्य सहकारी समितियों के माध्यम से भारत सरकार एवं राज्य सरकार के डिजीटलीकरण के तहत अब क्यू आर कोड उपलब्ध करा दिये गये है जिसके माध्यम से भी समिति अपने सदस्यों को उर्वरक वितरण करेगी। नाबार्ड के सौजन्य से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम ग्रामीण अंचल में 5 से 20 फरवरी तक दोनों जनपदों में आयोजित कराये जा रहे है जिससे ग्रामीण अंचल के निवासी डिजटली लेन- देन में क्या-2 सावधानी बरतनी चाहिये एवं समिति तथा सहकारी बैंक द्वारा ग्राहकों के हित में क्या-2 योजनायें संचालित की जा रही है, की जानकारी का जादूगर के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। इस दौरान उपसभापति मधुरेन्द्र प्रताप सिंह, अजय प्रताप सिंह, राजेश सिंह, सुशील द्विवेदी, राजभूषण द्विवेदी, अरविन्द, ओमप्रकाश कुशवाहा, रमेश कुमार मिश्रा, राजेश सिंह परिहार, दुर्गेश शुक्ला मौजूद रहे।

## एसपी ने आमजन की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिये निर्देश




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से 5 फरवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

# संदीप और आकाश बने मैन ऑफ द मैच




**ललितपुर (वीओएल)।** तुवन मंदिर ग्राउंड में चल रहे सदर विधायक कप 2026 में गुरुवार को हुये मैचों 2 टीमों ने जीत हासिल की है। जिसमें पहला मैच में चीरा क्रिकेट क्लब व बिरौरा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते चीरा क्रिकेट क्लब ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 72 रन का लक्ष्य रखा। तो वहीं बिरौरा क्रिकेट क्लब के तूफानी शेर 11 ओवर में 52 रन पर ढेर हो गए और 27 रन से मैच हार गये।

**● एमएलए कप 2026**

चीरा की ओर से संदीप ने धारदार बॉलिंग करते हुए 8 रन देकर 4 विकेट झटके और उनका साथ शोभाराम ने 14 रन देकर 3 विकेट लेकर दिया। दूसरा मैच चैबयाना क्रिकेट क्लब व राज एलेवन ललितपुर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुये चैबयाना क्रिकेट क्लब ने 12 ओवर में 82 रन बनाए, जिसमें प्रदीप कुशवाहा ने 25 रन बनाए। तो वहीं राज एलेवन ललितपुर ने सिर्फ नौ ओवर में 83 रन ठोककर जीत हासिल कर ली। टीम की ओर से आकाश राठौर ने 27 रन, करन कुशवाहा ने 14 रन बनाए और टीम को आसान जीत दिलाई। गेंदबाजी, बल्लेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर आकाश राठौर और संदीप को आयोजक श्रीकांत कुशवाहा द्वारा शील्ड व नगद पुरस्कार देकर खिलाडियों को सम्मानित किया। इस दौरान दीपेश राय, देशपत कुशवाहा, अभिषेक सोनी, दीपक चैरसिया, धर्मेन्द्र राजा, दीपक राठौर, मोहन पेंटर, सौरभ नायक, रिक्की कुशवाहा, नीलू कुशवाहा, अनुराग कंचन, विनोद पाठक, धर्मवीर कुशवाहा पार्षद, करन कुशवाहा पार्षद प्रतिनिधि, राजू कुशवाहा सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

## तन-मन पर ध्यान देने से ही हमारा जीवन बनता है सकारात्मकः बी.के. चित्ररेखा

ललितपुर (वीओएल)। विश्वास और एकता के लिए ध्यान राजयोग विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदानी भवन में मुख्य रूप से सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, डा.आर.एन. यादव, इंजी.हिमांशु नरवरिया, इंजी.सुरभि नरवरिया पहुंचे, जिनका स्वागत तिलक पुष्पों से किया गया। सभी को ध्यान राजयोग विषय पर व्याख्यान दिया। बीके चित्ररेखा दीदी ने बताया कि जीवन में हर कार्य की सफलता के लिए चाहे परिवार में, अपने निजी कार्यों में ध्यान अर्थात परमात्मा की याद से हमारे जीवन में कर्मेंद्रियों में एकता आती है, और आपसी विश्वास बढ़ता है जिससे हम सदा सफलता को प्राप्त करते है, तो ध्यान रखना है हमें अपने विचारों पर, वृत्ति पर, दृष्टि पर, बोल पर, चेहरे पर, व्यवहार पर यही ध्यान अर्थात अटेंशन के द्वारा हमारा जीवन सकारात्मक बनता है। सकारात्मक यानी पॉजिटीविटी ही सफलता का मूल सूत्र है। इसके साथ ही सदर विधायक ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए ध्यान के लिए सभी से आग्रह किया तथा स्वयं वरदानी भवन में आकर ध्यान मेडिटेशन करेंगे। इस कार्यक्रम में सीमा नरवरिया, रूप सिंह नरवरिया, डा.सृष्टि एवं पूरे नरवरिया परिवार ने सभी दीदीयो का तिलक माला एवं उपहार से सम्मान किया। फिर सभी को ईश्वरीय प्रसाद ब्रह्मा भोजन स्वीकार कराया। जिसमें बीके मायारानी दीदी, गीता दीदी, प्रीती दीदी, रुबी दीदी, प्रियंका दीदी, निशा बहन, पूजा बहन, शिवानी बहन एवं विद्यासागर भाई अनेक बीके भाई-बहन उपस्थित रहे।

## खितवांस शराब दुकान तोडफोड़ मामले में तीन महिलाओं को लिया गया हिरासत में

ललितपुर (वीओएल)। विगत दिनों महरौनी क्षेत्रांतर्गत ग्राम खितवांस में देशी व अंग्रेजी शराब की दुकान में आक्रोशित लोगों ने भीड़ के रूप में एकत्र होकर ताला तोड़ते हुये जमकर उपद्रव करते हुये दुकान में तोडफोड़ कर अवैध रूपयों की मांग करने और शराब की पेटियां सड़क पर फेंकते हुये तोड़ दी थी। प्रकरण में देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों के लाइसेंस धारक आबकारी ठेकेदारों ने एफआईआर दर्ज करायी थी। इस प्रकरण में नामजद कराये गये दस लोगों को विगत बुधवार को पुलिस ने हिरासत में लिया था। इसी क्रम में जांच के दौरान गुरूवार को प्रकाश में आयीं तीन महिलाओं को भी हिरासत में लिया है। गौरतलब है कि एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी के संयुक्त निर्देश व एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी कालू सिंह व सीओ महरौनी रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महरौनी कोतवाली में तैनात महिला पुलिस बल ने दर्ज एफआईआर धारा 115(2), 352, 351(3), 191(2), 191(3), 126(2), 333, 119(1), 61(2), 324(5) बीएनएस व आपराधिक कानून (संशोधित) अधिनियम की धारा 7 व धारा 3 लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 में वांछित भूरि, गुडडी व गीता को हिरासत में लिया है। जांच के बाद प्रकाश में आयीं महिलाओं को पकड ? वाली महिला पुलिस टीम में महिला कांस्टेबिल कृष्णा व महिला कांस्टेबिल सोनी गुप्ता शामिल रहीं।

## पति पर लाठी-डण्डों व चाकू से हमला करने का आरोप

**ललितपुर (वीओएल)।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह विगत 5-6 माह से दिल्ली व चण्डीगढ़ में रह रही थी। उक्त समय उसका पति जेल में था। बताया कि जेल से छूटने के बाद उसके पति ने उसे फोन करके बुलाया था। वह 10 दिन पहले ललितपुर पहुंची थी। आरोप है कि 4 फरवरी को अपराह्न करीब 3 बजे पति ने शराब पीने के लिए रुपयों की मांग की। विरोध करने पर पति ने गालियां देते हुये लाठी-डण्डों व चाकू से मारपीट कर दी, जिससे उसके शरीर में काफी चोटें आयीं। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पति ने शिकायत करने जान से मारने की धमकी देते हुये विषाक्त का सेवन कर आत्महत्या कर उसे फंसा देने की भी धमकी दी। महिला ने बताया कि उसका पति काफी आपराधिक किस्म का व्यक्ति है और पूर्व से उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उसके पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# दैलवारा के छपराई में 15 दिन से विद्युत आपूर्ति ठप



**ललितपुर (वीओएल)।** निकटवर्ती ग्राम दैलवारा के मोहल्ला छपराई में खराब विद्युत ट्रान्सफार्मर को बदलवाने के लिए ग्रामीणों ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि गांव के किसान व आम ग्रामीण विद्युत ट्रान्सफार्मर विगत पन्द्रह दिनों से खराब होने के कारण सम्पूर्ण गांव की विद्युत आपूर्ति ठप है।

**● ग्रामीणों ने लामबंद होकर डीएम को भेजा शिकायती पत्र**

बताया कि सम्बन्धित जेई को कई बार शिकायती पत्र देने एवं व्यक्तिगत रूप से मिलकर समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी है और न ही कोई ध्यान इस ओर दिया जा रहा है। बताया कि वर्तमान में फसल की सिंचाई का मुख्य समय चल रहा है और उक्त ट्रान्सफार्मर से क्षेत्र के कई किसानों के अस्थाई कनेक्शन जुड़े हुये हैं। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण किसान अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे खड़ी फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गयी हैं और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने जिलाधिकारी से दयनीय स्थिति और खेत कार्य को महत्वता देते हुये विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय राजेन्द्र कुमार, रामसिंह बुन्देला, सूरज कुमार, हरजू, सुकलाल, भग्गू, सतीशचंद्र, राजकुमार, लल्लू, मुन्नालाल के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से दम्पति घायल, केस दर्ज

ललितपुर (वीओएल)। महरौनी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पठा में रहने वाले गरीबदास पुत्र थोबन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 1 जनवरी को शाम करीब 6 बजे वह अपनी पत्नी रामरती के साथ मोटर साइकिल नम्बर यू.पी.94 क्यू 0868 पर सवार होकर ललितपुर से निवाई आ रहा था। रास्ते में रिलाइंस पेट्रोल पम्प के पास मसौरा बैरियल से आगे सागर रोड ही आया था कि तभी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 7960 जिसे थाना नाराहट के ग्राम पटना जरौली निवासी राजू पुत्र द्वारका चला रहा था ने जोरदार टक्कर मार दी और मौके से भाग गया।

**जिला कार्यालय-यू.पी. को आपरेटिव फेडरेशन लि., गाजीपुर**

पत्रांकः पी.सी.एफ./धान खरीद 2025-26 एवं गेहूं खरीद 26-27 हैण्डलिंग टेण्डर/358 दिनॉकः-24.01.2026

**प्रेस विज्ञप्ति-निविदा ई-टेण्डरिंग की सूचना**

मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद वर्ष 2025-26 एवं गेहूँ खरीद वर्ष 2026-27 में पी.सी.एफ. द्वारा वाराणसी में स्थापित धान/गेहूं क्रय केन्द्रो पर हैण्डलिंग कार्य हेतु हैण्डलिंग ठेकेदारो की नियुक्ति के सम्बन्ध में निविदायें यू.पी. ई-टेण्डर बेवसाईट http://etender.up.nic.in से डाऊनलोड कर दिनांक 30.01.2026 की अपराहन 01:30 बजे तक अपलोड की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं समस्त जानकारी नियम व शर्ते उपरोक्त बेवसाईट पर उपलब्ध है। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

(श्रीनिवास यादव)
जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ.-गाजीपुर
मो.नं.- 8765984620 - dschan.pcf@gmail.com

# संसदीय गरिमा पर संकट

हर संस्था के अपने कुछ नियम, अनुशासन और विशेष कार्यप्रणाली होती है। संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंदिर है और इसके भी संचालन के नियम-कानून हैं और सभी संसद उससे पूरी तरह बंधे हुए हैं। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी। परंपरा रही है कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में सरकार की जिन नीतियों, कार्यक्रमों और प्राथमिकताओं का उल्लेख किया है, सांसद उन पर चर्चा करते हैं। आलोचना भी करते हैं। विपक्ष का एजेंडा कुछ अलग भी हो सकता है। याद करें, जब केंद्र में कांग्रेस की पीवी नरसिम्हा राव सरकार थी और अटल बिहारी वाजपेयी नेता प्रतिपक्ष थे, तब अटल जी ने राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में ही, बहस के दौरान, चीन का मुद्दा आक्रामक अंदाज में उठाया था। मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए सरकार थी, तब लालकृष्ण आडवाणी ने भी चीन के साथ सीमा-विवाद, सुरक्षा-विवाद और सैन्य तनावों का जिक्र करते हुए मनमोहन सरकार की आलोचना की थी। भारत-चीन संबंधों, टकरावों और विवादों पर संसद में बोलना वर्जित नहीं है। लेकिन संसद के दोनों सदन-लोकसभा और राज्यसभा-निश्चित नियमों में बंधे हैं।



**भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर कोई भी बात तब तक नहीं करनी चाहिए जब तक पूरी तरह से प्रमाणित न हो।**

लोकसभा के नियम 349 (1) के तहत सांसद किसी भी किताब, पत्रिका, अखबार को उद्धृत नहीं कर सकते, जब तक वे उद्धरणों को सत्यापित नहीं करते। नियम 353 के तहत, यदि सांसद को इसी आधार पर अपनी बात कहनी है, तो वह स्पीकर और संबद्ध मंत्री को पहले नोटिस देगा। स्पीकर ओम बिरला ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उद्धरणों के संदर्भ में इन नियमों का बार-बार हवाला दिया। स्पीकर ने नियम के अनुसार अपनी व्यवस्था भी दे दी, लेकिन नेता प्रतिपक्ष जिद पर अड़े रहे। सवाल करते रहे कि आखिर सरकार डरी हुई क्यों है? सरकार उनके वक्तव्य से असहज क्यों है? दरअसल नेता प्रतिपक्ष पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे द्वारा लिखित, लेकिन अभी तक अप्रकाशित किताब के कुछ अंश संसद में पढ़कर प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह की आलोचना करना चाहते थे। राहुल गांधी जो वाक्य बोल पाये, उनमें डोकलाम टकराव का जिक्र सुनाई दिया, जबकि चीनी सेना के साथ तनाव, टकराव और युद्ध जैसे हालात पूर्वी लद्दाख में पैदा हुए थे। जून, 2020 को जो गलवान संघर्ष हुआ और हमारे 20 जांबाज सैनिक शहीद हुए, वह भी लद्दाख में हुआ था। जनरल नरवणे तब सेना प्रमुख थे और वह अप्रैल, 2022 तक इस पद पर रहे। गौरतलब है कि जनरल नरवणे की कथित आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' अभी तक प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन उसका हार्डकवर अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर उपलब्ध है। किताब के प्रकाशन की अनुमति देना सरकार का विशेषाधिकार है, क्योंकि पूर्व सेना प्रमुख की किताब राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारी युद्ध रणनीति से भी जुड़ी है। हमारा दुश्मन देश उन जानकारियों का नाजायज फायदा उठा सकता है। लिहाजा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की संसद में आपत्ति और हस्तक्षेप तार्किक था। उन्होंने स्पीकर से आग्रह किया कि नेता प्रतिपक्ष को इस विषय पर न बोलने दिया जाये। क्योंकि वह देश को गुमराह कर रहे हैं। राहुल गांधी के हाथ में दिल्ली प्रेस की पत्रिका कारवां की फोटोप्रति थी, जिसमें कुछ अंश छपे हैं। इससे पहले करीब दो साल पहले कुछ अंश 'द प्रिंट' पत्रिका में छप चुके हैं। पीटीआई ने भी कुछ अंश दिसंबर, 2023 में प्रकाशित किए थे। जाहिर है कि जनरल नरवणे की किताब के कई अंश तो सार्वजनिक हो चुके हैं। सदन में रक्षा मंत्री, गृहमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री की जबरदस्त आपत्तियां इसलिए थीं, ताकि राहुल गांधी के जरिए कुछ विवादास्पद जानकारियां लोकसभा के रिकॉर्ड में दर्ज न हो सकें और इस तरह विकृत इतिहास न बन सके। दरअसल चीन का मुद्दा जनरल नरवणे के खुलासों तक ही सीमित नहीं है। भारत-चीन रिश्तों, गलवान, डोकलाम को लेकर अनेक मत हैं। चूंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा भी है। इसलिए जरूरी है कि इस मुद्दे पर कोई भी ऐसी बात न रखी जाये जो पूरी तरह प्रमाणित न हो। विपक्ष को भी यह समझना चाहिए और संसद में जिम्मेदारी से बोलना चाहिए।

### विचार

किसी के बहुत सताने पर भी, उसे सताने का प्रयास नहीं करना चाहिए, क्योंकि दुखी प्राणी का शोक ही सताने वाले का नाश कर देता है।

–महाभारत.

धर्म–कर्म, सत्य–सदाचार, शक्ति एवं लक्ष्मी सभी शील पर आश्रित हैं। शील ही इन सबकी जड़ है।

–वेदव्यास.

इतिहास, पुराण साक्षी हैं कि मनुष्य के संकल्प के सम्मुख देव, दानव सभी पराजित होते हैं।

–इमर्सन.

संतोष को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इस मंत्र से कठिन से कठिन समय में मन विचलित नहीं होता।

–प्रेमचंद.

पूंजी तो मृत श्रम है जो जीवित श्रम का शोषण करते समय पिशाच की भांति जीवित रहती है और जितना अधिक जीवित रहती है, उतना ही अधिक शोषण करती है।

–कार्ल मार्क्स.

# किशोरों के मस्तिष्क पर हावी सोशल मीडिया

**नरेंद्र शर्मा**

**भारत नाजुक दो राहे पर खड़ा है, क्योंकि 700 मिलियन से अधिक इंटरनेट यूजर 25 साल से कम के है। गाजियाबाद जैसी दुखद घटना को पुनः होने से रोकना है, तो वैश्विक ट्रेंड के संग चलना ही होगा।**

गाजियाबाद जिले के व्यस्त सैटेलाइट टाउन साहिबाबाद की भारत सिटी की नवीं मंजिल के अपने अपार्टमेंट में फोरेक्स ट्रेडर चेतन कुमार अपनी दो पत्नियों (दोनों बहनें) व पांच बच्चों के साथ रहते थे, जिनमें चार लड़कियां व एक लड़का था। बुधवार (4 फरवरी 2026) की रात को चेतन कुमार, दोनों पत्नियां और एक छोटा लड़का व एक छोटी लड़की एक कमरे में सो रहे थे, जबकि शेष तीन लड़कियां दूसरे कमरे में थीं। तीनों बहनें, जिनमें से छोटी मात्र 12 साल की थी, को ऑनलाइन कोरियाई लव गेम खेलने की लत थी, जिसमें टास्क करने की एक श्रृंखला को मुकम्मल करना होता है। सुबह लगभग 2:15 बजे तीनों बहनों ने एक साथ अपने अपार्टमेंट की बालकनी से नीचे छलांग लगा दी। चेतन कुमार के एक पड़ोसी ने उन्हें नीचे गिरते हुए देखा। उन्हें एम्बुलेंस से पास में ही लोनी के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें 'आगमन पर मृत लाया गया' घोषित किया। इस हादसे ने देश के पूरे मध्य वर्ग को झकझोरकर रख दिया है और ऑनलाइन लत के कुप्रभावों को एक बार फिर बहस के केंद्र में ला दिया है कि युवा दिमागों पर उसका बहुत बुरा असर पड़ रहा है।

निशिका-16, प्राची-14, व पाखी-12, ने अपने पीछे एक रौंगटे खड़ा करने वाला नोट छोड़ा है, 'पढ़ो हर बात जो इस डायरी में लिखी है, सब कुछ इसमें है।' इस नोट पर रोता हुआ एक ईमोजी है और हस्तलिखित संदेश भी, 'सॉरी पापा, आई एम रियली सॉरी।' डायरी लड़कियों के सामान से मिली है। तीनों बहनें स्कूल नहीं जाती थीं और पिछले दो साल से घर पर ही थीं। लड़कियों की शिक्षा अनियमित थी और उनका अकादमिक प्रदर्शन भी औसत से नीचे था। उनके पैरेंट्स ने पिछले कुछ दिनों से उनके द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल को सीमित कर दिया था, जिससे वह परेशान व बेचैन थीं। शायद इसी वजह से उन्होंने यह भयावह कदम उठाया। इन बहनों को कोविड-19 महामारी के दौरान ऑनलाइन गेमिंग की लत पड़ गई थी, जिसे वह लगभग बिना ब्रेक के खेलती थीं। उन्हें विशेष रूप से कोरियाई लव गेम की लत थी। कोरियाई लव गेम जैसे मोबाइल गेम्स में बच्चे अजनबियों से बातें करते हैं। दोस्ती और प्यार की बातों से शुरू होने वाला गेम 'गेम मास्टर' के खौफनाक खेल में बदल जाता है। बच्चों को अलग-अलग टास्क दिये जाते है। एक रिपोर्ट के मुताबिक आखिर में 50वें दिन होता है खुदकुशी का चैलेंज।



**बचपन**

इस दौरान बच्चों को धमकाया भी जाता है। कोरियाई लव गेम कहां खेला जाता है? इसका कोई सटीक जवाब नहीं है। पुलिस का कहना है कि इस तरह के गेम या तो सोशल मीडिया या फिर कुछ खास मोबाइल एप्स में खेले जाते हैं। गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप स्टोर पर ऐसा कोई समर्पित गेम इस लेखक को सर्च करने पर नहीं मिला। अनुमान यह है कि ऐसे खेलों का संबंध डार्क वेब से है। इन गेम्स में गेम मास्टर वही अजनबी होता है जो खुद को कोरियाई या विदेशी नागरिक बताता है और बच्चों के साथ संपर्क में रहता है। पहले वह बच्चों से नरमी से पेश आता है और उनका भरोसा जीतने के बाद फिर उन पर सख्ती दिखाने लगता है, जब बच्चे गेम के आदी हो जाते हैं, तो वह उन पर हुकुम चलाने लगता और चैलेंज निरंतर कठिन करता रहता है। पचासवें दिन खुदकुशी का चैलेंज होता है। गौरतलब है कि कुछ वर्ष पहले ब्लू व्हेल चैलेंज गेम वायरल हुआ था, जब इसकी वजह से दुनियाभर से आत्महत्याओं की खबरे आने लगीं, तो इस पर अनेक देशों में प्रतिबंध लगा दिया गया। लेकिन एक बार फिर खतरनाक ऑनलाइन 'टास्क गेम्स' वापस आ रहे हैं, जिससे पैरेंट्स के दिल दहल रहे हैं? कोरियाई लव गेम, ब्लू व्हेल, ब्लैकआउट चैलेंज और साल्ट एंड आइस चैलेंज ऑनलाइन प्रकट हो रहे हैं, इसलिए नहीं कि वह ट्रेंड में हैं बल्कि उनका संबंध वास्तव में चिंताजनक नतीजों से जोड़ा जा रहा है, जैसा कि तीन बहनों की खुदकुशी से। अतः यह असहज प्रश्न फिर से प्रासंगिक हो गया है कि बच्चों के लिए इंटरनेट वास्तव में कितना सुरक्षित है?

दरअसल, इस चिंताजनक समस्या का समाधान यह नहीं है कि कुछ खतरनाक ऑनलाइन गेम्स पर प्रतिबंध लगा दिया जाये बल्कि यह है कि बच्चों व किशोरों की इंटरनेट तक पहुंच पर विराम लगा दिया जाये। दुनिया बच्चों के लिए सोशल मीडिया की सीमा निर्धारित कर रही है। अब समय आ गया है कि भारत भी ऐसा ही करे। हम एक उम्र का होने पर ही किसी को ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने की अनुमति देते हैं और इस प्रकार की समय सीमा अन्य चीजों पर भी है, जैसे शराब पीना या विवाह करना। यह आयु सीमाएं किसी मनमानी परम्परा की वजह से नहीं हैं बल्कि विज्ञान आधारित, विशेषकर मानव दिमाग की संरचना से संबंधित हैं। प्री-फ्रंटल कोर्टेक्स दिमाग का वह हिस्सा है जो निर्णय, योजना, आवेग नियंत्रण व दीर्घकालीन नतीजों की समीक्षा के लिए जिम्मेदार है। यह हिस्सा बचपन या किशोरावस्था में पूर्णतः विकसित नहीं हो पाता है। न्यूरो वैज्ञानिक शोध से मालूम होता है कि प्री-फ्रंटल कोर्टेक्स 25 साल की आयु तक पूर्णतः विकसित नहीं हो पाता है और उसकी नोक-पलक का दुरुस्त होना 30 वर्ष की आयु तक जारी रहता है। विकास की इस समय-सारणी से स्पष्ट हो जाता है कि किशोर आवेग व्यवहार, भावनात्मक अस्थिरता और साथियों के प्रभाव का अधिक शिकार क्यों होते हैं? इसके बावजूद आज 8-10 साल के बच्चों के हाथ में मोबाइल फोन है और वह बिना रोक-टोक सोशल मीडिया को एक्सेस कर रहे हैं। यह डिजिटल लैंडस्केप इस तरह से डिजाइन किये गये हैं कि ध्यान आकर्षित करें, भावनात्मक कमजोरियों का शोषण करें, अस्पष्ट एल्गोरिद्म के माध्यम से। अब दुनियाभर की समझ में आ रहा है कि बच्चों के लिए अप्रतिबंधित सोशल मीडिया एक्सेस गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जिसके गहरे मानसिक व सामाजिक परिणाम हैं। इसलिए पिछले एक वर्ष के दौरान अनेक देशों ने इस संदर्भ में बहस को एक किनारे करते हुए ठोस निर्णय लिए हैं।

सबसे पहले पिछले साल दिसम्बर में ऑस्ट्रेलिया ने प्रतिबंध लगाया कि 16 बरस से कम के बच्चे सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं कर सकते और लाखों नाबालिग बच्चों के एकाउंट्स टिकटाक, इंस्टाग्राम, फेसबुक, स्नैपचैट, यू-ट्यूब व अन्य प्लेटफॉर्म्स से हटा दिये गये। अब फ्रांस की नेशनल असेंबली ने 15 साल से कम के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंधित किया है और यह विधेयक अब सीनेट में है। अन्य यूरोपीय देश जैसे डेनमार्क, स्पेन, जर्मनी आदि भी इसी दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। मलेशिया ने घोषणा की है, वह 2027 में 16 साल से कम के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा देगा, जबकि मिस्र इसे 'डिजिटल अव्यवस्था' कहते हुए इस पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहा है। यह सांस्कृतिक सेंसरशिप नहीं है। यह वक्त की जरूरत है। इसलिए भारत को भी चाहिए कि 16 साल से कम के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगा दे और इसका समर्थन करने के लिए आयु-पुष्टि का ठोस तरीका लागू करे। भारत नाजुक दो-राहे पर खड़ा है। क्योंकि 700 मिलियन से अधिक इंटरनेट यूजर 25 साल से कम के है। गाजियाबाद जैसी दुखद घटना को पुनः होने से रोकना है, तो वैश्विक ट्रेंड के संग चलना ही होगा।

### सोशल मीडिया

कांग्रेस ने विश्वासघात करने में अन्नदाता को भी हीं छोड़ा, इस देश में 10 करोड़ किसानों के पास 2 हेक्टेयर से कम जमीन है, छोटे किसानों पर कभी ध्यान ही नहीं दिया गया। केशव प्र. मौर्य.



इंडिया–यूएस के बीच अनेक शर्तों के साथ समझौते से अमरीका द्वारा 18 फीसद टैरिफ लगाने की खबर कितनी जनहित में है इसका आकलन अभी जल्द बाजी है। मायावती.



भारत फिस्कल मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ने के साथ कर्ज में कटौती के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, अर्थव्यवस्था की जरूरतों के लिए पूर्व में सरकार को अधिक कर्ज लेना पड़ा। निर्मला सीतारमण.



# असीमित ऊर्जा

### अंतर्दृष्टि

अध्यात्म असीमित ऊर्जा का स्रोत है। आध्यात्म की शक्तियां असाधारण हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है।

वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

# उपयोगिता आधारित व्यवस्था

### व्यंग्यलोक


चक दे ...चक दे इंडिया .. लो जी अपने देश में हॉकी का खेल भी शुरू हो चुका है। उधर मेरे घर के सामने वाले मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे है। वे हर दिन क्रिकेट ही खेलते हैं। आस-पास के घरों के शीशे तोड़ देते हैं। उन्हें समझाते हैं कि कुछ और खेल खेला करें, लेकिन वे सिवा क्रिकेट के कोई और खेल खेलने को राजी नहीं होते। हमारे देश के लोगों को दीवानगी की हद तक क्रिकेट पसंद है। घर हो या ऑफिस, सब काम-धाम छोड़ कर क्रिकेट की चर्चा करते हैं। स्पोर्ट्स चैनल पर मैच के रिपीट टेलीकास्ट देखते हैं। बावजूद इसके उन्हें हॉकी से लगाव है। वे भले ही क्रिकेट खेलते हैं, लेकिन हॉकी से प्यार करते हैं क्योंकि प्यार में उपयोगिता को तरजीह देते हैं।

अब 'उपयोगी' को प्यार करने की संस्कृति पनप रही है। अधुनातन परिवारों में उपयोगी मां-बाप पाले जाते हैं, वर्ना लोग कुत्ते पाल लेते हैं। लिव इन रिलेशनशिप भी उपयोगिता आधारित व्यवस्था है (हॉकी बहुत उपयोगी है। लगभग हर घर में पायी जाती है। लकड़ी की, प्लास्टिक की और यहां तक कि लोहे की बनी हॉकी भी रहती है। हॉकी और बल्लम, असामाजिक तत्वों के उपयोगी हथियार माने गए हैं। कॉलेज के हॉस्टल में छात्र हॉकी दिखाकर जूनियर्स की रेगिंग लेते हैं। हॉकी के सहारे दो गुटों के बीच की लड़ाइयां निपटाई और जीती जाती हैं। पिताजी रात में हॉकी को अपने सिरहाने रखकर सोते थे ताकि घर में घुसे चोरों की हॉकी से धुनाई कर सकें। हॉकी पर बनी फिल्म चक दे इंडिया खूब चली। लोगों ने अनेक बार देखी। मुझे हॉकी को देखकर टांगों की याद आ जाती है। उनमें विकट समानता है। दिखने में एक जैसी दिखती हैं। ऊपर से सीधी और नीचे से पंजे की तरफ टेढ़ी। सीधे भाग पर जोर देकर टेढ़े भाग से धौल जमाने का काम लिया जाता है। हॉकी से बॉल पर धौल जमाई जाती है और टांग से पिछड़ी पर। दोनों जगह प्रयुक्त 'धौल' के शब्दार्थ भिन्न है। एक को 'शॉट लगाना' कहते हैं और दूसरे को 'लात जमाना'। गोया कि टांग अड़ाना और हॉकी अड़ाना एक ही बात है। अड़तालीस साल पहले हम हॉकी के विश्व चैम्पियन थे। हॉकी के जादूगर थे, हॉकी खेलने में माहिर थे। अब टांग अड़ाने में निपुण हैं। असल में, टांगों को हॉकी समझने की चूक हुई है। जिसने टांग अड़ाई वही हॉकी प्लेयर हो लिया। सरकारी महकमे और राजनीति के क्षेत्र टांग अड़ाने के अखाड़े हैं। यहां टांग अड़ाने में पारंगत बहुतायत में पाए जाते हैं। यदि टांग अड़ाने की विश्व प्रतिस्पर्धा में भाग लेते तो हम आज भी विश्व चैम्पियन होते।



राकेश सोहम

# पहली महिला कुलपति राजकुमारी अमृत कौर



### इतिहास

**अपराजिता**

भारत के उच्च शिक्षा इतिहास में राजकुमारी अमृत कौर का नाम केवल इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है कि वे स्वतंत्र भारत की पहली महिला स्वास्थ्य मंत्री बनीं, बल्कि इसलिए भी कि वे भारत में किसी विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति बनीं। उनका समूचा जीवन शिक्षा, सेवा, राष्ट्रनिर्माण और महिला सशक्तिकरण की एक अद्वितीय मिसाल है। राजकुमारी अमृत कौर का जन्म 2 फरवरी 1889 को पंजाब के कपूरथला रियासत में हुआ था। वे कपूरथला के महाराजा हरनाम सिंह की पुत्री थीं। राजघराने में जन्म लेने के बावजूद उनका झुकाव बचपन से ही वैभव की बजाय मानव सेवा और अनुशासन की ओर था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा शिमला में हुई और आगे की पढ़ाई के लिए उन्हें इंग्लैंड भेजा गया। वहाँ उन्होंने प्रतिष्ठित संस्थानों में अध्ययन किया और अंग्रेजी साहित्य, इतिहास तथा दर्शन में विशेष रुचि विकसित की। ब्रिटेन में अपने अध्ययन के दौरान उन्होंने पश्चिमी शिक्षा प्रणाली को निकट से समझा। यही अनुभव आगे चलकर भारत में शिक्षा सुधारों के लिए उनके काम आया।

**महात्मा गांधी से मुलाकात**

इंग्लैंड से लौटने के बाद अमृत कौर का संपर्क महात्मा गांधी से हुआ। गांधीजी के विचारों ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। उन्होंने सादा जीवन अपनाया, विदेशी वस्त्र त्यागे और स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से जुड़ गईं। वे गांधीजी की निकट सहयोगी बनीं और कई आंदोलनों में हिस्सा लिया। कई बार जेल भी गईं। एक राजकुमारी का जेल जाना उस समय समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक घटना थी। गांधीजी के विचारोंकृसत्य, अहिंसा, स्वदेशी और समानताकृने उन्हें गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने राजसी जीवन त्यागकर गांधीजी के आश्रम में रहना स्वीकार किया। खादी पहनना, सादा भोजन करना और सेवा को जीवन का उद्देश्य बनाना उनके दैनिक जीवन का हिस्सा बन गया। उनके अन्दर का यह परिवर्तन केवल बाहरी नहीं था, बल्कि उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन को राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

**स्वतंत्रता संग्राम में योगदान**

राजकुमारी अमृत कौर ने कई आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी निभाई-असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन तथा भारत छोड़ो आंदोलन के औरां वह कई बार जेल गईं और कठोर परिस्थितियां झेलीं। उनका विशेष योगदान महिलाओं को राष्ट्रीय आंदोलन से जोड़ने में रहा। वे महिला स्वयंसेविकाओं को संगठित करती थीं और गांव-गांव जाकर लोगों को स्वतंत्रता संग्राम के लिए प्रेरित करती थीं। उनकी निर्भीकता और संगठन क्षमता के कारण वे कांग्रेस नेतृत्व की भरोसेमंद सहयोगी बन गईं। वह महिला सशक्तिकरण की अग्रदूत रहीं, वह मानती थीं कि जब तक महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर नहीं होंगी, तब तक राष्ट्र सशक्त नहीं बन सकता। उन्होंने महिला शिक्षा, बाल विवाह उन्मूलन, विधवा पुनर्विवाह और स्त्री स्वास्थ्य जैसे विषयों पर जोरदार अभियान चलाए।

राजकुमारी अमृत कौर ऑल इंडिया वीमेंस कॉन्फ्रेंस की प्रमुख नेताओं में रहीं और लंबे समय तक इसकी अध्यक्ष भी रहीं। इस मंच के माध्यम से उन्होंने महिलाओं की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किया।

**स्वतंत्र भारत की पहली महिला स्वास्थ्य मंत्री**

आजादी के बाद 1947 में बने पहले मंत्रिमंडल में उन्हें भारत की केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया। इस भूमिका में उन्होंने एम्स जैसे राष्ट्रीय संस्थान की नींव रखी और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर दिया। टीबी और मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम उन्हीं के जरिये शुरू किए गये। राजकुमारी अमृत कौर केवल पदों तक सीमित नहीं थीं। वे व्यवहारिक रूप से महिलाओं को आगे बढ़ाने में विश्वास करती थीं। उन्होंने महिला डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएँ बनाईं। नर्सिंग को सम्मानजनक पेशे का दर्जा दिलाने में योगदान दिया। लड़कियों की उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने फंड स्थापित किए। राजकुमारी का व्यक्तित्व बहु आयामी था और उन्होंने न सिर्फ शिक्षा, नर्सिंग जैसे क्षेत्रों में अपना बहुमूल्य योगदान दिया बल्कि देश को आजाद कराने में उनकी भूमिका को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता है।

## आपकी बात

### कर्मियों का शोषण

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी। परमानेन्ट होने के लिए अन्य युवाओं के साथ आवेदन करना होगा। इससे उनकी सेवा सुरक्षा को तय करना चाहिए। दरअसल सरकार को आउटसोर्सिंग भर्तियों के बजाय संविदा भर्तियां करनी चाहिए ताकि ठेकेदारों के शोषण से युवाओं को बचाया जा सके। दरअसल आउटसोर्सिंग कर्मियों का शोषण कई तरीके से सेवा प्रदाता करते हैं। यहां तक कि उनके वेतन कई महीनों तक नहीं देते हैं और धन उगाही भी करते रहते हैं।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

### स्टार्टअप को प्रोत्साहन

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टार्टअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, तो उनको नियमों का पालन ठीक से करना चाहिए। स्टॉर्टअप हमारी अर्थव्यवस्था को विकसित बनाने और देश को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने की संभावनाओं से भरे हुए हैं। इसलिए सरकार को नवोदित उद्यमियों, नवाचार को संकल्पित युवाओं को हर तरह से मदद देनी चाहिए।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## डाकघर में 249 में हो रहा दस लाख का बीमा

**अयोध्या।** अन्य बीमा कम्पनी से महंगी प्रीमियम पर बीमा करवाने में असमर्थ लोगों के लिए डाक विभाग का इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के एक विशेष सामूहिक दुर्घटना सुरक्षा बीमा लेकर आया है जिसमें वर्ष में महज 249 एवं 299 की प्रीमियम के साथ लाभार्थी का 10 लाख एवं 15 लाख का एक्सीडेंट बीमा होगा। 1 साल खत्म होने के बाद अगले साल यह बीमा रिन्यू करवाना होगा इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक या किसी डाकघर से लाभ लिया जा सकता है। गुरूवार को इस बीमा योजना को जनपद में गति देने के लिए लखनऊ के क्षेत्रीय प्रबंधक शैलेन्द्र तिवारी व मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एच के यादव ने अयोध्या, अम्बेडकरनगर जनपद के आई पी पी बी वरिष्ठ प्रबंधक चेतन जायसवाल वरिष्ठ प्रबंधक पवन प्रताप सिंह, सहायक डाक अधीक्षक ओमेश्वर, मनोज कुमार डाक निरीक्षक, हरिमोहन सिंह, गौरव सोनी, अभिषेक तिवारी, अभिनव गुप्ता मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, मण्डल कार्यालय में बैठक किया। इस दौरान श्री यादव ने उक्त जानकारी देते हुए यह भी बताया कि इंश्यूऊपर आयु के लोगों को यह सामूहिक दुर्घटना बीमा सुरक्षा मिलेगी।

# हवाई अड्डों तक बनीं दो लेन सड़कें

### यात्रियों को आवागमन में हुई सहूलियत, क्षेत्रीय विकास को मिली गति

जिला संवाददाता

**बहराइच।** प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रदेश में विकसित हो रही वायु, जल, सड़क एवं रेल नेटवर्किंग की कनेक्टिविटी से प्रदेश के उद्योगों, मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों को अपना माल देश, विदेश के बाजारों में भेजने, पर्यटन के लिए देशी विदेशी पर्यटन के लिए परिवहन के विभिन्न साधनों के बीच निर्बाध रूप से पहुँच की सुविधा प्रदान कर रही है। देश में सबसे तेजी से बढ़ती हुई राज्य अर्थव्यवस्था में से एक के रूप में प्रदेश सरकार द्वारा अवस्थापना सुविधाओं का त्वरित विकास किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में 7 आधुनिक एक्सप्रेसवे का निर्माण कर पूरे प्रदेश में क्षेत्रीय परिवहन एवं कनेक्टिविटी से उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की आधारभूत संरचना को आधुनिक एवं सुदृढ बनाने की दिशा में निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश के 17 एयरपोर्ट टर्मिनलों को दो लेन सड़कों से जोडने की महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने में लोक निर्माण विभाग की भूमिका अत्यंत सराहनीय एवं प्रसंसनीय रही है। सरकार के स्पष्ट विजन, प्रभावी नेतृत्व और कार्यकुशलता का ही परिणाम है कि

- 07 हवाई अड्डो तक यात्रियों को एयरपोर्ट तक तेज, सुरक्षित और सुगम पहुंच की सुविधा और पर्यटन को बढ़ावा मिला है
- इस परियोजना को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं मानकों के अनुरूप पूरा करने पर विशेष बल दिया गया

हवाई अड्डों तक सडक कनेक्टिविटी अब पहले से कहीं अधिक बेहतर, सुरक्षित और सुगम हो गई है।

इस परियोजना को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं मानकों के अनुरूप पूरा करने पर विशेष बल दिया गया। विभाग ने क्षेत्रवार आवश्यकताओं के अनुसार सड़क चौडीकरण, ठोस और टिकाऊ, ड्रेनेज व्यवस्था, संकेतक, स्ट्रीट लाइटिंग एवं यातायात सुरक्षा के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्य संपादित किया गया है। प्रदेश के 10 एयरपोर्ट टर्मिनल पहले से ही दो लेन सड़क कनेक्टिविटी से जुड़े हुए हैं, जिनका रखरखाव एवं सुदृढीकरण लोक निर्माण विभाग द्वारा निरंतर किया जा रहा है। इनमें आगरा, झांसी, गाजियाबाद, बरेली, अयोध्या, गाजीपुर, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज एवं श्रावस्ती शामिल है।

इन स्थानों पर किए गए कार्यों के कारण यात्रियों को निर्वाध आवागमन की सुविधा मिल रही है तथा यातायात दबाव की कमी आई है।

प्रदेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा अलीगढ़, चित्रकूट, सोनभद्र, आजमगढ़, सहारनपुर, कुशीनगर एवं कानपुर कुल 07 एयरपोर्ट टर्मिनलों तक दो लेन सड़क कनेक्टिविटी का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से संबंधित जनपदों में आवागमन सुगम हुआ है और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिली है। इन 07 हवाई अड्डो तक यात्रियों को एयरपोर्ट तक तेज, सुरक्षित और सुगम पहुंच की सुविधा और पर्यटन को बढ़ावा मिला है। अयोध्या, कुशीनगर, चित्रकूट व श्रावस्ती जैसे प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों को नई कनेक्टिविटी तथा आर्थिक सशक्तिकरण उद्योग, व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिला है।

इन सड़कों के निर्माण से यातायात की सुरक्षा और दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। प्रदेश में 17 एयरपोर्ट टर्मिनलों को दो लेन सड़कों से जोडने का कार्य लोक निर्माण विभाग की दक्षता, तकनीकी क्षमता और प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

उत्तर प्रदेश सरकार के सतत प्रयासों से यह योजना न केवल हवाई परिवहन को मजबूती दे रही है, बल्कि राज्य को आधुनिक, सशक्त और विकसित इंफ्रास्ट्रक्चर वाला प्रदेश बनाने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित हो रही है।

## चलती कार बनी आग का गोला, टला बड़ा हादसा

**अयोध्या।** जनपद में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। थाना पूराकलंदर क्षेत्र के अंतर्गत फसल अनुसंधान केंद्र के पास प्रयागराज हाईवे पर चल रही महिंद्रा एक्सयूवी कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई



और धू-धू कर जलने लगी। कार में सवार लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई और यातायात भी प्रभावित हुआ। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। हालांकि आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के चलते कार में आग लगी होगी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

## राज्यपाल के हाथों सम्मानित होंगे जनपद के कृषक संजीव कुमार गौड़





**बहराइच।** राज भवन प्रांगण में 06 से 08 फरवरी तक आयोजित होने वाली प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के दौरान राज्यपाल आनंदीबेन मफतभाई पटेल बागवानी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के 10 चयनित कृषकों को सम्मानित करेंगी। उत्कृष्ट कार्य के लिए चयनित प्रदेश के 10 कृषकों में देवीपाटन से चयनित जनपद बहराइच के कृषक संजीव कुमार गौड़ को भी सम्मानित किया जायेगा। विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत ग्राम मझौवा बुजुर्ग निवासी संजीव कुमार गौड़ द्वारा लगभग 30 एकड़ क्षेत्रफल में औद्यानिक फसलों की खेती की जाती है, इसमें इनके द्वारा 25.00 एकड़ क्षेत्रफल में पपीता की खेती की जा रही है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में आकांक्षी जनपद बहराइच में उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा व जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी द्वारा सब्जी व फल की जहर मुक्त खेती एवं फसल की सुरक्षा के लिए एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक (आईपीएम) के प्रयोग के लिए संयुक्त रूप से संचालित किये जा रहे जागरूकता अभियान से प्रभावित होकर उच्च शिक्षित कृषक संजीव कुमार गौड़ द्वारा फसल की सुरक्षा के लिए कीटनाशक के स्थान पर एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक (आईपीएम) का प्रयोग करते हुए विषमुक्त उत्पादन किया जा रहा है। वही फसल की सुरक्षा के लिए एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक अन्तर्गत स्टीकी ट्रैप, सोलर लाइट ट्रैप एवं ल्योर का प्रयोग किया जा रहा है।

## प्रभाकर मणि ने जेआरएफ परीक्षा में बनाया स्थान

**अयोध्या।** जनपद के महबूबगंज शेरवाघाट के निवासी किसान परिवार में जन्मे प्रभाकर मणि यादव (प्रभु) ने जेआरएफ की परीक्षा में मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाया है, इनके ही बड़े भाई अमित यादव जो कि वर्तमान में लोको पायलट के पद पर अयोध्या में अपनी सेवाएं दे रहे है ने कहा कि उनका छोटा भाई बहुत ही प्रतिभाशाली है इस उपलब्धि से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है और हमारी इच्छा है कि प्रभाकर और भी ऊंचाइयों को छूए, प्रभाकर के पिता विद्याराम यादव, ने बताया कि बचपन से ही पढ़ने लिखने में प्रभाकर मेहनती रहे हैं और उनकी इस सफलता से पूरे परिवार सहित क्षेत्र का मान सम्मान बढ़ा है।

## मध्यस्थता अभियान 2.0 व राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक



**बाराबंकी।** मध्यस्थता अभियान 2.0 व राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने को लेकर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय प्रथम वन्दना सिह की अध्यक्षता मे विचार-विमर्श बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे सिविल जज सीनियर डिवीजन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव पूर्णकालिक शिवानी ने मध्यस्थता अभियान 2.0 एवं राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने लिए नालसा व सालसा के गाइड लाइन का अनुसरण करते अधिक से अधिक मामलों के चिन्हाकंन व निस्तारण पर चर्चा की। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी अल्पना सक्सेना ने अधिक से अधिक सुलह-समझौता योग्य वैवाहिक मामले तथा मोटर दुर्घटना से संबंधित मामले जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित कर मामलों का शीघ्र और सहज निपटारा लोक अदालत एवं मध्यस्थता के माध्यम से किया जा सके।

- नालसा व सालसा के अधिकाधिक मामलों का निस्तारण कराया जाए: वंदना सिंह

# सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव शुरू

**अयोध्या।** जिले के शाहगंज स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर पर एक सामूहिक दुरदुरिया अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के गांवों से आई 501 सौभाग्यवती महिलाओं ने अवसान मैया की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम आयोजक आनंद सोनी ने बताया अयोध्या धाम के शाहगंज में विश्व का पहला मंदिर सिद्धेश्वर नाथ जिसमें 365 पुजारी का योगदान रहता है 16 वर्ष महाशिवरात्रि के उपलक्ष में पांच दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव आयोजित किया जाता है जिसमें प्रथम दिन विराट दुरदुरिया कार्यक्रम के साथ शुरू होकर विशाल भंडारे पर समाप्त होता है जिसमें 13 फरवरी को विशाल शोभायात्रा 15 फरवरी को 5 कुंडीय महायज्ञ 16 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। यह अनुष्ठान समूचे समाज राष्ट्र और क्षेत्र के कल्याण के लिए आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन



सामूहिकता और भारतीय संस्कृति को जागृत करते हैं, तथा हमारी परंपराओं के परिचायक हैं। सोनी ने मातृशक्ति के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जब पुरुष और माताएं मिलकर कोई कार्य करते हैं तो मनोकामनाएं निश्चित रूप से पूर्ण होती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जहां नारियों का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। मंदिर प्रांगण में आयोजित इस दुरदुरिया में महिलाओं ने कई समूहों में बंटकर अवसान मैया की पूजा की। पूजा-अर्चना के बाद उन्हें अवसान माता की कथा सुनाई गई। शामिल महिलाओं ने देश और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में अगरबत्ती, धूप और फूलों की सुगंध से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पूजन के बाद सभी महिलाओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया और फिर उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर शरद तिवारी, पुष्कर दत्त तिवारी, अजय सोनी, राज सोनी, कन्हैया, अंकुर सोनी, आदित्य जी, शुभम जयसवाल, केशव, संदीप, अंकुर यादव, सुमित कसौधन, लाल जितेंद्र प्रताप सिंह, आदर्श आदि कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## एसडीएम के नेतृत्व में सरकारी भूमि पर बने अस्थायी कब्जों को कराया गया जमीदोज



**बहराइच।** नानपारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रामनगर गुलरिया, हरिहरपुर पुरैना व जलालपुर स्थित गाटा संख्या 551 रकबा 0.006 हेक्टेयर एवं गाटा संख्या 470 रकबा 0.10 हेक्टेयर जोकि राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के नाम दर्ज है तथा गाटा संख्या 122 रकवा 0.099 हेक्टेयर खलिहान व गाटा संख्या 766 रकवा 0.034 हेक्टेयर पर ग्राम के ही कुल 06 व्यक्तियों के द्वारा लंबे समय से सरकारी भूमि पर अस्थाई टीन शेड व झोपड़ी डालकर किये गये अवैध कब्जे को उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय पांडेय, राजस्व निरीक्षक मिश्रीलाल पाल व क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा एसएसबी व पुलिस की मदद से हटवा दिया गया। अवैध कब्जों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही से अवैध कब्जेदारों के हौसले पस्त होते दिखायी दे रहे हैं। तहसील प्रशासन की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश क्षेत्र में गया है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहसील प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्यवाही से आमजन में यह विश्वास और मजबूत हुआ है कि वर्तमान प्रशासन अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध पूरी दृढ़ता से कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 29 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 1 वारण्टी व 4 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 29 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## अपहृता बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना बड्डूपुर पुलिस ने मु0अ0सं0-30/2026 धारा 64(1)/87/137(2) बीएनएस व 3/4 पाक्सो से सम्बन्धित अपहता को बरामद कर सम्बन्धित अभियुक्त अंकित कुमार पुत्र इन्दल सरन निवासी कोडरी सन्तसरन थाना बड्डूपुर को गिरफ्तार किया।

## हत्या के मामले में निरुद्ध बंदी की बिगड़ी तबीयत, इलाज के दौरान हुई मौत

**बहराइच।** जिला कारगार में हत्या के मामले में निरुद्ध एक बंदी की गुरुवार को अचानक तबियत खराब हो गई। जेल में तैनात चिकित्सक की ओर से प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल में भेजा गया, जहां पर उनकी मौत हो गई शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जरवल थाना क्षेत्र का रहने वाला अयूब उर्फ मैकु उम्र 70 वर्ष 1996 में इलाके में हुई हत्या के मामले आरोपी था। न्यायालय में दोष सिद्ध होने के बाद वो जिला कारगार में निरुद्ध था। गुरुवार को अचानक चक्कर आने के बाद वो बेहोश हो गया, कारागार के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया इस दौरान उसकी मौत हो गई। नानपारा में अवैध कब्जों के विरूद्ध जारी है ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

# वर्तमान सरकार और चुनाव आयोग लोकतंत्र में घिनौना षड़यंत्र रच रहे: डॉ. पुनिया

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** जिस प्रकार वर्तमान सरकार और चुनाव आयोग लोकतन्त्र में घिनौना षडयन्त्र रच रही है, इससे पहले कभी नहीं हुआ। उक्त उद्गार ओबरी स्थित सांसद आवास पर एसआईआर को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद डा0पी0एल पुनिया ने मीड़िया से रुबरु होते हुये कहे। प्रेस वार्ता मे पूर्व सांसद डा0 पुनिया ने कहा कि चुनाव आयोग के दावों की पोल खुल रही है। आज पंजरौली ग्रामसभा की महिला लज्जावती ने अपने जिंदा होने के साक्ष्य प्रस्तुत कर बताया कि मेरे घर की दूसरी महिला मुन्नी देवी भी जीवित है जिसे चुनाव आयोग ने मृत घोषित कर दिया है। इसी प्रकार हैदरगढ़ सुबेहा की भी कुछ कहानी है। उन्होने फॉर्म 7 के दुरूपयोग के गम्भीर आरोप लगाते हुये कहा कि ये छपे छपाये फॉर्म भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बीएलओ को देकर मतदाताओं के नाम कटवाने का दबाव बनाया जा रहा है। जिसका बीएलओं द्वारा विरोध भी किया जा रहा है। जिलाधिकारी से इस कृत की शिकायत के साथ चुनाव आयोग को चेतावनी देते हुये कांग्रेस पार्टी ने सख्त कार्यवाई की मांग की।

जिस प्रकार जीवित को मृत्यु और मृत्यु को जीवित वर्तमान सरकार और चुनाव आयोग की मिली भगत से यह षडयन्त्र रचा जा रहा है उससे यह आभास हो रहा है की लोकतंत्र की धज्जियाँ सरे आम उड़ाई जा रही है। जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा उठाये गये मुद्दों को सही ठहराते हुए जनपद बाराबंकी के कोने कोने से फॉर्म 7 के दुरूपयोग की शिकायतें आ रही हैं। और साक्ष्य के साथ गम्भीर आरोप लगाते हुये कहा कि ये छपे छपाये फॉर्म भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बीएलओ को देकर मतदाताओं के नाम कटाने का दबाव बनाया जा रहा है। प्रेस वार्ता में नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, राम हरख रावत, विजयपाल गौतम मौजूद रहे।

- चुनाव आयोग ने मृत घोषित किया महिला लज्जावती ने अपने जिंदा होने के दिये साक्ष्य: डॉ. पुनिया
- एसआईआर प्रक्रिया में हो रही धांधली को लेकर पूर्व सांसद ने की प्रेस वार्ता

# हरि कृष्णा ग्रुप की वर्षगांठ पर 42 लोगों ने किया रक्तदान



**अयोध्या।** हरि कृष्णा ग्रुप की किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी की वर्षगांठ के अवसर पर गुरुवार को रक्तदान एवं निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्रुप के मुख्य अतिथि एवं एमडी घनश्याम ढोलकिया ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई और स्वेच्छा से 42 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी द्वारा घनश्याम ढोलकिया का स्वागत अभिनन्दन भी किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि समाज की सेवा करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता कर हम अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हैं। उन्होंने कहा कि हरि कृष्णा ग्रुप आगे भी इसी तरह जनकल्याणकारी कार्य करता रहेगा। शिविर में निःशुल्क मधुमेह जांच के लिए पदमा लैब सहयोगी के रूप में शामिल रही। यह शिविर 5 फरवरी 2026 को सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मैनेजर अनूप सिंह, शिवम मिश्रा, मोहम्मद नसीम, उमेश शर्मा, राहुल मिश्रा, नंदनी, सुमन, समा, प्रोपराइटर प्रमोद धवन, गौतम धवन, श्रेया, प्रीति, पूजा, मैनेजर शुभम जैन, सीएसआर प्रमुख रितेश उपाध्याय सहित हरि कृष्णा ग्रुप डायमंड ज्वेलरी की पूरी टीम मौजूद रही। बताते चलें कि हरि कृष्णा ग्रुप के किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने जनवरी 2023 में अयोध्या में अपना पहला शोरूम खोलकर उत्तर प्रदेश के बाजार में प्रवेश किया था। बीते 18 वर्षों से यह ब्रांड भारतीय महिलाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाले हीरे के आभूषण सुलभ करा रहा है। अयोध्या में अपनी उपस्थिति के माध्यम से ब्रांड ने स्थानीय ग्राहकों को विश्वसनीय और आकर्षक आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई है। वर्तमान में किसना देशभर में 3,500 से अधिक रिटेल आउटलेट्स के साथ भारत के सबसे तेजी से बढ़ते हीरा आभूषण ब्रांडों में शामिल है। कंपनी का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए हर अवसर के लिए सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद आभूषण उपलब्ध कराना है।

## एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

# राम जन्मभूमि में हुई देव धन्वंतरि की स्थापना

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** देवासुर संग्राम में समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश लेकर प्रकट हुए आयुर्वेद के देव भगवान धन्वंतरि की कांस्य प्रतिमा श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर के परिक्रमा पथ स्थित वीथिका भित्तिचित्र में भगवान विष्णु के धन्वंतरि अवतार के रूप में स्थापित की गई है। यह जानकारी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय जी ने दी। ज्ञातव्य हो कि श्री राम जन्मभूमि में प्राण.प्रतिष्ठा के समय से ही विश्व आयुर्वेद परिषद उत्तर प्रदेश के चिकित्सक प्रकोष्ठ सहप्रभारी डॉ पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में विश्व आयुर्वेद परिषद अयोध्या के मुख्य संरक्षक व प्रचार प्रमुख डॉ आनंद उपाध्याय एवं अयोध्या के चिकित्सक प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ विवेक श्रीवास्तव द्वारा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से इस संबंध में अनेक चरणों की वार्ता व पत्राचार के पश्चात यह पुनीत कार्य संपन्न हुआ।

विश्व आयुर्वेद परिषद ने इस पुनीत कार्य में योगदान के लिए कारसेवक पुरम में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय जी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर डा पंकज श्रीवास्तव डॉ. आनंद उपाध्याय व डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने विश्व आयुर्वेद परिषद का प्रतिनिधित्व करते हुए चंपत राय जी को भगवान धन्वंतरि की लघु प्रतिमाए अभिनंदन पत्र व अंगवस्त्र प्रदान कर विश्व आयुर्वेद परिषद व आयुर्वेद चिकित्सकों की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया।

अभिनंदन समारोह से भाव विभोर दिखे चंपत राय जी ने विश्व आयुर्वेद परिषद को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान धन्वंतरि संपूर्ण विश्व के स्वास्थ्य रक्षक हैं और विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रयासों से ही प्रेरणा लेकर लोक कल्याण की भावना से ही तीर्थ क्षेत्र में भगवान धन्वंतरि की स्थापना परिक्रमापथ पर की।

# सील दुकान में युवती के कैद होने का आरोप तथ्यहीन: नगर आयुक्त

अयोध्या। **नगर निगम ने मोहल्ला फ**तेहगंज में गृह एवं जलकर के बकाएदार स्वर्गीय बेचन राम की दुकान (भवन संख्या 06/20/25) के सील करने के दौरान युवती के कैद होने के आरोप को बेबुनियाद बताया है और आशंका जताई है कि नगर निगम को बदनाम करने की साजिश के तहत युवती को बाद में पीछे के रास्ते से दुकान में ले जाया गया था। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने सील दुकान में युवती के कैद होने के आरोप पर स्पष्ट किया कि स्वर्गीय बेचन राम पर 90,800 गृह एवं जलकर के रूप में बकाया था, जिसकी वसूली के लिए 29 जून 2025 को बकाया बिल भेजा गया। बिल भुगतान न होने पर 17 नवंबर 2025 को डिमांड नोटिस जारी की गई, जो उन्हें 25 नवंबर 2025 को तामील कराया गया। इसके बाद क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक श्री देवीप्रसाद द्वारा कई बार टैक्स जमा करने के लिए व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया गया। बकाया न जमा होने पर कुर्की की कार्रवाई के लिए 17 जनवरी 2026 को समाचार पत्र में सार्वजनिक नोटिस प्रकाशित कराई गई।

- पुलिस एवं नगर निगम की टीम ने दुकान सील करने के पहले सभी लोगों को किया था बाहर

इसके बाद भी बकाया न जमा करने पर चार फरवरी 2026 को कुर्की के लिए नगर निगम की टीम क्षेत्रीय पुलिस बल एवं प्रवर्तन दस्ता के साथ लगभग 1:30 बजे दोपहर नियत स्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि दूकान सील करने की कार्रवाई के दौरान फतेहगंज चैकी प्रभारी दो महिला पुलिस कर्मी के साथ मौजूद थे। उन्होंने दुकान के भीतर की जांच भी की थी। इस दौरान बेचन राम की वारिशों में से दो लोगों संतोष कुमार एवं बैजनाथ ने अपना-अपना बकाया धनराशि 30-30 हजार रुपये जमा कर दिए और उन्हें इसकी रसीद भी दे दी गई, किंतु तीसरे वारिस रिंकू गुप्ता ने बकाया कर देने से इनकार करते हुए विवाद किया और दुकान सील करने को कहा। नगर आयुक्त ने बताया कि दुकान सील करने की कार्रवाई पूरी तरह से जांचोपरांत की गई। नगर निगम के पास दुकान सील करने की कार्रवाई के दौरान का वीडियो उपलब्ध है, जिसमें युवती को बाहर करते साफ देखा जा सकता है। नगर निगम की टीम के लौटने के छह घंटे बाद खड्यंत्र के तहत जानबूझकर लड़की के कैद होने का तथ्य संज्ञान में लाया गया।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

*बहराइच।* मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया ग अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, वीमेन पावर लाइन 1090108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया।

संक्षेप

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**जामो, अमेठी।** अपनी बाइक से घर जा रहे युवक को बृहस्पतिवार की दोपहर नहर पटरी पर एक टैंकर ने टक्कर मार दिया। जिससे युवक घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस से उसे सीएचसी लाया गया जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बृहस्पतिवार की दोपहर शारदा सहायक खंड 49 नहर पटरी पर राजाराम यादव पुत्र श्यामनारायण यादव उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी भगन अहीर का पुरवा थाना अमेठी अपने घर जा रहे थे कि सूरतगढ़ मोड़ पर पीछे से एक टैंकर जिसका नम्बर लफ्ड37577 ने काफी जोर से टक्कर मार दिया घायल को राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अंतर्जनपदीय गैंग के चार चोर गिरफ्तार

**रायबरेली।** कोतवाली सलोन क्षेत्र में हाल ही में खेतों से सिंचाई के डीजल इंजन और चारा काटने की मशीन चोरी की दो बड़ी घटनाएं हुई थीं। इन मामलों में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए, एक सक्रिय चोरी गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक सूचना पर चार आरोपियों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि थाना सलोन में दो अलग-अलग शिकायतों के आधार पर मुकदमे दर्ज किए गए थे। दोनों मामलों में धारा 303(2) बीएनएस (पूर्व में आईपीसी की संबंधित धाराएं) के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। बाद में गिरफ्तारी के दौरान अतिरिक्त धाराएं 317(2), 317(4), 317(5) बीएनएस भी जोड़ी गई। पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के दौरान ग्राम तरई मोड़ (थाना क्षेत्र) पर घेराबंदी कर शिव शंकर उर्फ शंकर पुत्र देवतादीन, विपिन निर्मल पुत्र हीरालाल, संदीप पुत्र शिवबहादुर सिंह, रंजीत निर्मल पुत्र हीरालाल सभी ग्राम पुरमई सुल्तानपुर, थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों से 4 अदद सिंचाई इंजन की बॉडी, 4 अदद सिंचाई इंजन के हेड, 2 अदद लोडिंग ऐंगल, 3 अदद सिंचाई इंजन का पिस्टन, 7000 रुपये नगद (चोरी के सामान बेचकर प्राप्त), चक्का लोहा, जनरेटर, चारा काटने की टूटी हुई मशीन, पंप सेट (फील्डमार्सल कंपनी), एक लोडर (संख्या यूपी7 2एटी934) बरामद किया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यवसायी घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** अज्ञात वाहन के टक्कर मार देने से एक फल विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के नरायनपारा गांव के संतोष सोनकर (35) बुधवार को रात लगभग आठ बजे बाइक से भदैया (लंभुआ) की तरफ से अपने घर नरायनपारा आ रहे थे। जुलहा तारा गांव के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे स्थित गड्ढे में गिर गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक हेलमेट नहीं पहना था। मृतक के बहनोई रामतीरथ की दी गई तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत विनोहरा, विकासखण्ड-राही में सदर विधायक अदिति सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसके अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पूर्ण की गयी पेयजल योजना को औपचारिक रूप से सम्बन्धित ग्राम पंचायत एवं ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति (वीडब्ल्यूएससी) को हस्तांतरित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन, रखरखाव एवं सतत प्रबंधन की जिम्मेदारी स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित करना है।

सदर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि जल अर्पण कार्यक्रम जल जीवन मिशन के उद्देश्यों को धरातल पर साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तान्तरण स्थानीय स्वामित्व, जवाबदेही तथा सामूहिक सहभागिता को सुदृढ करेगा, जिससे पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम स्तर पर संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी मिलने से योजनाओं की गुणवत्ता एवं सेवा निरन्तर बनी रहेगी।

इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल से जल के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए यह बताया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत राज्य में सुरक्षित, स्वच्छ एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान हर घर जल घोषणा, (जल अर्पण प्रतीकात्मक हस्तांतरण) ग्राम पंचायत एवं वीडब्ल्यूएससी प्रतिनिधियों को प्रदान किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जल संसाधनों का संरक्षण, उचित उपयोग एवं प्रबंधन केवल सरकारी दायित्व न होकर सामूहिक सामाजिक उत्तरदायित्व है, जिसमें ग्राम पंचायतों, ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों तथा नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता (सिविल एवं वि०यॉ०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), व अन्य वरिष्ठ अधिकारी, ग्राम प्रधान, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या मे ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारी संगठन की भव्य शोभा यात्रा का हुआ आयोजन

जिला संवाददाता (vol)

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां कस्बे में ब्रह्माकुमारी संगठन द्वारा शिव जयंती के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा कस्बे के मुख्य स्थल से प्रारंभ होकर महाराजगंज रोड, शिवगढ़ रोड, लखनऊ रोड, लालगंज रोड सहित कस्बे के सभी प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई।

शोभायात्रा के दौरान शिव भक्ति, आध्यात्मिक संदेशों और शांति के प्रतीकों से सजा वातावरण पूरे कस्बे को शिवमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने ह्लॐ शांतिह्व और शिव भक्ति से जुड़े संदेशों के माध्यम से जनमानस को अध्यात्म और नैतिक मूल्यों की ओर प्रेरित किया। इस पावन आयोजन में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया। यात्रा में शामिल लोगों ने शिव जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मानव जीवन में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया।

ब्रह्माकुमारी संगठन के सदस्यों ने बताया कि शिव जयंती आत्मशुद्धि, सकारात्मक सोच और विश्व शांति का प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों के प्रसार के साथ-साथ आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। शोभायात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं ने शिव जयंती के अवसर पर शांति, सद्भाव और कल्याण की कामना की।

## डीसीएम-कंटेनर की टक्कर में दो की मौत

**अमेठी।** जिले में लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर बृहस्पतिवार को डीसीएम और कंटेनर की टक्कर में दो लोगों मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, राजमार्ग पर वारिस गंज के समीत तेज रफ्तार डीसीएम गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी और सामने से आ रहा कंटेनर से उसकी टक्कर हो गयी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए दो लोगों को जगदीशपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान राहुल यादव (37) और शिशुपाल (35) के रूप में हुई है। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना प्रभारी तनुज पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# महिलाओं को अदाणी फाउंडेशन ने कुल्हड़ मशीन बांटे




**गौरीगंज, अमेठी।** अदाणी फाउंडेशन टिकरिया ने आज स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आय सृजन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुल्हड़ बनाने की मशीनों का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त स्वतः रोजगार प्रवीणा शुक्ला एवं अदानी सीमेंट (टिकरिया) स्पोर्ट्स क्लब की अध्यक्षा अनुराधा शर्मा सहित स्पोर्ट्स क्लब की सदस्यों को पुष्प गुच्छ भेंट कर की गई। इस अवसर पर शिवा स्वयं सहायता समूह, बेलखोर एवं राम स्वयं सहायता समूह, रघुपुर की महिलाओं को कुल्हड़ बनाने की मशीन प्रदान की गई। इस मशीन के माध्यम से समूह की महिलाओं को न केवल अपने उत्पादक कार्य में सुविधा मिलेगी, बल्कि समय की बचत के साथ-साथ उनकी आय में भी वृद्धि होगी। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन टिकरिया की सीएसआर टीम से मोहित शुक्ला एवं योगेश शुक्ला, सक्षम से सुधांशु मिश्रा एवं उनकी टीम, तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की उपस्थिति रही।

## आय से अधिक संपत्ति के जांच की मांग

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** तहसील परिसर में एसडीएम अभिनव कनौजिया के स्थानांतरण व एसडीएम की आय से अधिक संपत्ति की निष्पक्ष जांच कराने सहित अन्य मांगों को लेकर गुरूवार को 36 वें दिन स्थानीय बार एसोसिएशन मुसाफिरखाना के अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला के अगुवाई में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने एसडीएम के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। गुरुवार को एसडीएम अभिनव कनौजिया के स्थानांतरण की मांग को लेकर बार एसोसिएशन अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला के अगुवाई में अधिवक्ताओं ने स्थानीय तहसील परिसर में एसडीएम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि एसडीएम अभिनव कनौजिया अधिवक्ताओं और वादकारियों के साथ सही ढंग से पेश नहीं आते। अधिवक्ताओं का प्रदर्शन पिछले एक माह से चल रहा है। किन्तु अभी तक शासन की तरफ से कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। जनवरी महीने में अधिवक्ताओं की महा पंचायत भी हो चुकी है। वही अधिवक्ताओं ने 30 व 31 जनवरी को सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक तहसील गेट पर जबरदस्त धरना प्रदर्शन कर प्रशासन को आगाह कर चुके हैं। फिलहाल बार एसोशियशन मुसाफिरखाना व उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया के बीच जारी खींचतान का अंत होता नहीं दिख रहा है। कार्य बहिष्कार व आंदोलन के 36 दिन बाद भी कोई निर्णय न होने से वाद करियों व काश्तकारों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

# आवारा कुत्तों का कहर जारी, अधिकारी मौन



**अमेठी।** विकासखंड भेटुआ विकास खंड में आवारा कुत्तों के काटने के मामलों में अचानक वृद्धि देखी गई है। सीएचसी भेटुआ में जनवरी से पहले जहां रोजाना दो से चार मामले आते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर प्रतिदिन 25 से 30 हो गई है। गुरुवार को भी बड़ी संख्या में कुत्ते के काटने से पीड़ित लोग एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाने के लिए भेटुआ सीएचसी पहुंचे। सीएचसीके अधीक्षक डॉ. अभिमन्यु कुमार वर्मा ने बताया कि जनवरी से ही कुत्ते काटने के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। इसे देखते हुए अस्पताल में एंटी-रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। कुत्तों के अचानक आक्रामक होने का कारण बताते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि भारत में आवारा कुत्तों का मुख्य प्रजनन काल अक्टूबर से दिसंबर होता है। बच्चे पैदा होने के बाद मादा कुत्ते अपने पिल्लों की रक्षा के लिए अत्यधिक सुरक्षात्मक और आक्रामक हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि पिल्ले जनवरी-फरवरी में 8 से 12 सप्ताह के होते हैं, जब वे घूमना शुरू करते हैं। इस दौरान भी मां अपने बच्चों को बचाती है। इसलिए जनवरी में यदि कोई इंसान, खासकर बच्चे या राहगीर, उनके पास आते हैं, तो मादा कुत्ता रक्षात्मक हमला कर सकती है। बचाव के लिए डॉ. वर्मा ने आवारा कुत्तों से दूरी बनाए रखने, उन्हें अचानक न छूने और बच्चों को अकेला न छोड़ने की सलाह दी है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई कुत्ता काट ले, तो तुरंत डॉक्टर से एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाएं।

# एसआईआर में नाम दर्ज कराने में छूट रहे पसीने



**महराजगंज रायबरेली।** बछरावां विधानसभा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) नोटिसों की सुनवाई गुरुवार को तहसील सभागार और ब्लॉक कार्यालयों व स्कूलों में बने बूथों पर हुई। फार्म में नाम, पता, उम्र और अन्य विवरणों में त्रुटियों के कारण सुबह से ही लोग नोटिस का जवाब देने और नाम कटने से बचने के लिए तहसील और ब्लॉक कार्यालय पहुंचे। सुबह से ही तहसील व ब्लाक परिसर में भारी भीड़ उमड़ी रही। लोग जरूरी दस्तावेज लेकर तो आए, लेकिन पुराने रिकॉर्ड जुटाने में दिक्कतें आने से कई बार लौटना पड़ा। तहसील प्रशासन ने सुविधा के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए थे, लेकिन लंबी कतारों और कागजातों के कारण अफरातफरी का माहौल बना रहा।

महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कत शादी के बाद दूसरे राज्य या जनपद से आई महिलाएं और बुजुर्ग इस प्रक्रिया में सबसे अधिक परेशान दिखे। कई महिलाओं को मायके से 2003 की वोटर लिस्ट और परिवार रजिस्ट्री की प्रतियां जुटानी पड़ीं। कुछ महिलाओं ने बताया कि मायके में उनके माता-पिता नहीं हैं, जिससे फॉर्म जमा करने में भारी परेशानी आ रही है। छोटे बच्चों को साथ लाकर महिलाएं घंटों लाइन में खड़ी रहीं। बुजुर्गों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था न होने से भी नाराजगी देखने को मिली। एसआईआर की प्रक्रिया लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी है। बछरांवा विधानसभा के एसआईआर की प्रक्रिया में 2003 की सूची से 47325 अनमैपिंग व विसंगतियां वाले 22800 मतदाताओं को नोटिस भेजे गए थे। दावों की सुनवाई के लिए विधानसभा में कुल 33 एईआरओ लगाए गए हैं। नोटिस मिलने के बाद ईआरओ के समक्ष अपने वोट को साबित करने में मतदाताओं को पसीने छूट रहे हैं। कई विवाहित महिलाएं ऐसी हैं, जिन्हें मायके में कोई प्रूफ नहीं मिल पा रहा है। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि अबतक करीब 9863 मतदाताओं के नोटिस व दावों की सुनवाई हो गई है। जिसमें से 1343 मतदाताओं ने नाम कटने पर आपत्तियां दर्ज कराई है। सुनवाई के लिए हर स्तर से प्रयास जारी हैं। जिसके लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को नियमित सुनवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## वाराणसी की तरफ से आ रही कार बस में पीछे से टकरायी, कार सवार तीन श्रद्धालु घायल

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** सुलतानपुर लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर अयोध्या दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की कार आगे चल रही रोडवेज बस में पीछे से टकरा गई। जिससे तीन श्रद्धालु घायल हो गए और कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना के बाद तत्काल पहुंची पुलिस एवं एनएचआई कर्मियों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों का हड़ताल पहुंचा और सड़क पर क्षतिग्रस्त कार को किनारे किया। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के डकाही बाईपास के पास फोरलेन पर आगे चल रही रोडवेज बस में वाराणसी की तरफ से आ रही कार पीछे से टकरा गई। कार पर बैठे लोगों ने बताया कि आगे रोड पर चल रही थी और पीछे कार थी, बस चालक ने अचानक ब्रेक लगाकर बस को धीमा किया और उसी समय पीछे चल रही कार बस से टकरा गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि कार में सवार सिखडी भदोही निवासी लालचंद मिश्रा उम्र लगभग 76 वर्ष, प्रेम मिश्रा 72 वर्ष तथा मंशा मिश्रा 44 वर्ष घायल हो गए। पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर उनका इलाज हुआ। पुलिस ने बताया कि यह लोग अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे थे।

# राष्ट्रीय स्तर पर चमक बिखेर रहे हैंडबॉल खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला हैंडबॉल संघ सुलतानपुर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में जिले के राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों में सुमित गौड़, निहाल जायसवाल, जय सिंह और मोव कामरान ने उप्र हैंडबॉल टीम की तरफ से खेलते हुए फेडरेशन कप लखनऊ में कांस्य पदक प्राप्त किया तथा जिले का नाम रोशन किया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विक्रम सिंह और पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस सुब्रत सिंह सनी रहे उन्होंने खिलाड़ियों को खेल किट व खेल उपकरण देकर सम्मानित किया और आश्वासन भी दिया कि जो भी सुल्तानपुर का खिलाड़ी राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करेगा उसे हमेशा ऐसे ही सम्मानित व उत्साहित किया जाएगा। खेल धिकारी राजेश सोनकर ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया तथा उज्वल भविष्य की कामना की और खेल विभाग की तरफ से खिलाड़ियों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। ये सभी खिलाड़ी सुलतानपुर के निवासी है तथा पंत स्टेडियम से अभ्यास कर आगे बढ़े हैं। इन सभी खिलाड़ियों ने लखनऊ में पदक जीतने के बाद कलकत्ता में आयोजित राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप में भी प्रतिभाग किया तथा प्रदेश की तरफ से खेलते हुए टीम में अहम भूमिका निभाई। निहाल जायसवाल ने जनवरी में ऑल इंडिया पुलिस गेम में भी उत्तर प्रदेश पुलिस टीम से खेलते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया तथा अपना प्रमोशन पक्का किया। इस अवसर पर स्टेडियम हैंडबॉल कोच प्रवीण मिश्रा राष्ट्रीय खिलाड़ी उदय प्रताप सिंह तथा संघ के पदाधिकारी व खिलाड़ी मौजूद रहे।

# 8 फरवरी से पांचवीं राज्य स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का होगा शुभारंभ

**बछरावां रायबरेली।** महिलाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर व आत्मविश्वासी बनाने के उद्देश्य से स्वर्गीय बालकृष्ण द्विवेदी स्मारक के तत्वावधान में पाँचवीं राज्यस्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 8 फरवरी को शेषपुर दखिना, टोल प्लाजा के समीप आयोजित होगी।

आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त पहल है, जिसमें विभिन्न राज्यों की प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ी भाग लेकर अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस, टी.एस.बी. वाराणसी, दिल्ली, गाजियाबाद, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, बंगाल एवं महाराणा प्रताप सहित कई नामचीन टीमें शिरकत करेंगी, जिससे मुकाबले अत्यंत रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक होने की उम्मीद है।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की उभरती महिला खिलाड़ियों को एक समान मंच उपलब्ध कराना, उनकी प्रतिभा को निखारना और समाज में यह संदेश देना है कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की क्षमता रखती हैं। खेल गतिविधियां महिलाओं के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता और सामाजिक सहभागिता को भी मजबूत करती हैं। आयोजक संदीप द्विवेदी अध्यक्ष अरुणाभ फाउंडेशन ने कहा कि यह आयोजन केवल खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीम भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने क्षेत्रवासियों और खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने का आह्वान किया।

## यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर शिल्पा यादव ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र के हरसायन नागापुर (दियरा) निवासी शिल्पा यादव ने वर्ष 2026 में आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कुल 300 अंकों में से 188 अंक प्राप्त कर सहायक प्राध्यापक पद हेतु पात्रता के साथ-साथ पीएच.डी. में प्रवेश के लिए भी क्वालीफाई किया है। शिल्पा यादव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा परिषदीय विद्यालय से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कलावती गर्ल्स इंटर कॉलेज, शाहपुर लपटा से वर्ष 2016 में 80 प्रतिशत अंकों के साथ हाईस्कूल, तथा वर्ष 2018 में विज्ञान वर्ग (जीव विज्ञान) से 66 प्रतिशत अंकों के साथ इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। उच्च शिक्षा के क्रम में उन्होंने कलावती गर्ल्स महाविद्यालय शाहपुर लपटा से वर्ष 2021 में 75 प्रतिशत अंकों के साथ बी.ए. तथा वर्ष 2023 में 70 प्रतिशत अंकों के साथ एम.ए. (राजनीति शास्त्र) की डिग्री प्राप्त की। शिल्पा ने यूजीसी नेट की तैयारी घर से ऑनलाइन माध्यम द्वारा मोबाइल के जरिए की। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, रिश्तेदारों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष और गर्व का माहौल है। शिल्पा यादव ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। शिल्पा के बड़े भाई रणवीर राजकुमार इंटर कॉलेज में प्रवक्ता के रूप में कार्यरत हैं। उनके पिता जगत नारायण यादव मेरठ में प्राइवेट नौकरी करते हैं, जबकि माता कमला देवी एक कुशल गृहिणी हैं।



## संग्रह अमीन हत्याकांड में वर्चुअल गवाही दर्ज

**सुलतानपुर।** संग्रह अमीन हत्याकांड में गुरुवार को विवेचक अमर सिंह की वर्चुअल गवाही दर्ज की गई। उनसे बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने जिरह की। अन्य आरोपियों की ओर से विवेचक से शेष जिरह सात फरवरी को होगी। मुसाफिरखाना कोतवाली के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उसके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में जलालुद्दीन समेत कई अन्य के खिलाफ सुनवाई चल रही है।

## शौच के लिए गया ई रिक्शा चालक नदी में फिसला, पानी में डूबने से हुई मौत

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** गुरुवार की सुबह लगभग आठ बजे शौच के लिए गया रिक्शा चालक नदी में फिसल गया और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए सुलतानपुर भेज दिया। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के मकसूदन निवासी ई रिक्शा चालक राजमणि निषाद उम्र 45 वर्ष गुरुवार की सुबह गांव के पास स्थित गोमती नदी के किनारे शौच के लिए गया था। परिजनों के मुताबिक इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नदी में गिर पड़ा। जैसे ही ग्रामीणों को जानकारी हुई उसे नदी के पानी से बाहर निकाले और अस्पताल ले आए। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।

# एक्सईएन हत्याकांड में पूर्व नगर कोतवाल गवाही के लिए तलब

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जल निगम के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के चर्चित मामले में तत्कालीन सीओ सिटी प्रशांत सिंह ने गुरूवार को कोर्ट में गवाही दी। उनसे बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने जिरह की। अभियोजन पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि एडीजे द्वितीय राकेश पांडेय ने पूर्व नगर कोतवाल अरुण कुमार द्विवेदी को 16 फरवरी को गवाही के लिए तलब किया है। अधिशासी अभियंता संतोष कुमार की 17 अगस्त 2024 कोतवाली नगर के विनोवापुरी मोहल्ले में किराए के मकान में हत्या कर दी गई थी। मामले में जल निगम के सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व एक अन्य आरोपी प्रदीप राम के विरुद्ध अदालत में सुनवाई चल रही है।

## पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर दर्ज किया केस

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** सड़क दुर्घटना में मृत ओमप्रकाश के मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के रानीपुर कायस्थ गांव के बोरिंग मैकेनिक ओम प्रकाश 21 जनवरी को बाइक से अपने साथी राधेश्याम के साथ देर शाम पांडेबाबा की तरफ से अपने घर आ रहे थे। पदारथपुर उपाध्याय गांव के मोड पर सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दिया। जिससे मौके पर ओमप्रकाश की मौत हो गई एवं राधेश्याम गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका अभी तक उपचार चल रहा है। बुधवार को मृतक के पुत्र रिंटू कुमार की दी गई तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# शिव भक्तों ने महाशिवरात्रि न मनाने की दी चेतावनी



**रायबरेली।** जिले के हरचंदपुर कस्बे के रघुवीरगंज बाजार मजरे कंडौरा में स्थित श्री गंगेश्वर महादेव मंदिर, जो लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुराना भव्य एवं ऐतिहासिक मंदिर है, हजारों शिव भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु पूजा-अर्चना, आरती करते हैं और प्रसाद वितरण होता है। मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि, गणेश पूजन, ज्येष्ठ मास के मंगलवार को भंडारे, यज्ञ-अनुष्ठान, मांगलिक कार्यक्रम, व्यापारियों की बैठकें और मेडिकल कैंप जैसे बड़े आयोजन नियमित रूप से होते हैं। शिव भक्त स्वयं मंदिर की देखभाल, साफ-सफाई और रखरखाव करते हैं। मंदिर मुख्य बाजार मार्ग के किनारे स्थित है, जहां दिनभर हजारों लोग खरीदारी के लिए आते हैं। समस्या तब शुरू हुई जब मंदिर के प्रवेश द्वार के दोनों ओर पटरी पर बैठने वाले कुछ लोगों ने धीरे-धीरे गुमटियां (छोटी दुकानें/ कयोस्क) लगा लीं। शिव भक्तों के विरोध पर वे हटाने का आश्वासन देते रहे, लेकिन कुछ समय पहले इन्होंने सामने पक्का चबूतरा भी बना लिया। मना करने पर ये लोग जबरन कब्जा करने पर उतारू हो गए।

इस अवैध अतिक्रमण से बाजार में आवागमन में बाधा, जाम की स्थिति, मंदिर के सामने पानी भरना, गंदगी-कीचड़ फैलना और श्रद्धालुओं-ग्रामीणों को भारी असुविधा हो रही है। लिखित व मौखिक शिकायतों के बाद 2 फरवरी 2026 को रात 9:30 बजे नायब तहसीलदार सदर पश्चिम रमाकांत मिश्र राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच की, मौजूद लोगों से बात की और मंदिर के सामने रखी दुकानों/गुमटियों को गलत ठहराया। अगले दिन 3 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजे थाने पर सभी पक्षकारों को बुलाया गया। प्रथम पक्ष (शिव भक्त, व्यापारी) से लगभग सौ लोग पहुंचे, जबकि विपक्ष (गुमटी लगाने वाले पांच लोगों में से) केवल दो लोग आए। विपक्ष ने दावा किया कि गुमटियां बाबा बागेश्वर ट्रस्ट की जमीन पर हैं, इसलिए नहीं हटाएंगे। वहीं प्रथम पक्ष ने स्पष्ट किया कि मंदिर डेढ़ सौ वर्ष पुराना है और ट्रस्ट की स्थापना 1980 के आसपास हुई, कभी ट्रस्ट का यहां कोई कब्जा या दखल नहीं रहा। नायब तहसीलदार ने फिलहाल गुमटियों को बंद रखने और पटरी पर दुकानें लगाने पर रोक लगा दी। मामले में कोर्ट में अवैध कब्जे का वाद लंबित बताया जा रहा है। शिव भक्तों और व्यापारियों का आरोप है कि गुमटियों की मनमानी और सरहंगी से हजारों लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। यदि महाशिवरात्रि से पहले ये गुमटियां नहीं हटाई गईं, तो वे महाशिवरात्रि का पर्व नहीं मनाएंगे। इस संबंध में ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी, हरचंदपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनजीत सिंह, योगेश मोहन घिल्डियाल, आदि ने सीएम को संबोधित शिकायती पत्र डीएम को सौंपा है।

संक्षेप

## दहेज हत्या में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना पचोखरा पुलिस ने दहेज हत्या मे वांछित दो अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या में वांछित दो अभियुक्तगण तिलक सिंह उर्फ पप्पू पुत्र राजाराम उर्फ रज्जो, विक्रम उर्फ व्यापारी पुत्र तिलक सिंह उर्फ पप्पू निवासीगण नगला प्रेम गढी घिरौली थाना पचोखरा जिला फिरोजाबाद को गढी घिरौली बम्बा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया है।

## युवती ने फांसी लगायी

**मथुरा।** कोसीकलां कस्बे के गोपालबाग स्थित लॉर्ड कृष्णा सिटी में मंगलवार शाम एक युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। कोसीकलां के गोपालबाग की लॉर्ड कृष्णा सिटी कॉलोनी में रहने वाली 18 वर्षीय युवती लता पत्नी कुलदीप मूल निवासी होली वाला मोहल्ला, टप्पल थाना टप्पल जनपद अलीगढ़ ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों द्वारा इस घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गयी। सूचना के आधार पर थाना कोसीकलां के प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि युवती ने कमरे की छत में लगे कुंडे से चुन्नी और साड़ी के सहारे फांसी लगाई थी। पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गयी है

## कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम चलाने का ऐलान किया

**मथुरा।** सेठबाड़ा स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर गुरुवार को मासिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए पूर्व में किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा हुई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर ने की। बैठक को संबोधित करते हुए मुकेश धनगर ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए समाज में सांप्रदायिकता फैलाने का प्रयास कर रही है। धनगर ने नौझील में एक विशेष समुदाय के प्रधानाध्यापक पर भाजपा नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों को इसका उदाहरण बताया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा सरकार ने धार्मिक मूल्यों को भी खतरे में डाल दिया है। उन्होंने मणिकर्णिका घाट और माघ मेले में पूज्य शंकराचार्य एवं ब्राह्मण बालकों के कथित अपमान के मामलों का जिक्र किया। धनगर ने कहा कि इस पर किसी हिंदू संगठन की प्रतिक्रिया सामने न आना सरकार की मानसिकता को दर्शाता है। श्री धनगर ने ȁमनरेगा बचाओ संग्रामȁ के तहत प्रत्येक विधानसभा और ग्राम पंचायत स्तर पर पदयात्रा निकालने की घोषणा की। उन्होंने कार्यकताओं से मजदूरों, शोषितों और वंचितों की आवाज बनने का आह्वान किया। बैठक का संचालन मनोज गौड़ ने किया। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि, आसिफ कुरेशी, गीता दिवाकर, योगेश यादव, रवि वाल्मीकि, शैलेंद्र चैधरी, संदीप चैधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण



**मथुरा।** डीएमचंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों का निरीक्षण किया। डीएम ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्राप्त पत्रों तथा उनके निस्तारण की कार्यवाही का अवलोकन किया। डीएमने रजिस्टरों का गहनतापूर्ण अध्ययन करते हुए निर्देशित किया कि समयबद्धता के साथ संबंधित प्रार्थी को निस्तारण आख्या से अवगत कराए। डीएम ने स्वयं एक प्रार्थी को फोन किया और जानकारी ली कि उन्हें सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत सूचना प्राप्त हो गई है या नहीं, जिसपर प्रार्थी द्वारा अवगत कराया गया कि उसे सूचना प्राप्त हो गई है।

डीएम ने चरित्र प्रमाण पत्र के रजिस्टर का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चरित्र प्रमाण पत्रों की पेंडेंसी को अभियान चलाकर एक सप्ताह में समाप्त करें तथा प्रभारी अधिकारी के माध्यम से डीएम को अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें।

डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे कार्यालय, नगरीय निकाय अनुभाग, संग्रह अनुभाग, न्यायालय नगर मजिस्ट्रेट, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय, शस्त्र अनुभाग, संयुक्त निदेशक अभियोजन, ईडीएम कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। डीएम ने नगरीय निकाय अनुभाग में ऑनलाइन हैसियत के कार्य को चेक किया। उन्होंने चेक लिस्ट का अवलोकन किया। उन्होंने जानकारी ली कि हैसियत प्रमाण पत्र बनाने के लिए कितना शुल्क लगता है, जिसपर अवगत कराया गया कि उक्त आवेदन निःशुल्क है। डीएमने निरीक्षण में निर्देश दिए कि सभी कार्यालय अपने-अपने अभिलेखों का सुरक्षित रख-रखाव सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अभिलेखों के रख-रखाव के साथ-साथ अनावश्यक फाइलों को कार्यालय से हटाने के निर्देश दिए। शस्त्र अनुभाग निरीक्षण में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया है कि वरासत में कोई भी लाइसेंस लंबित नहीं है। डीएम ने भूलेख अनुभाग में विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सर्विस बुक का अवलोकन किया। डीएम ने निर्देश दिए कि सेवानिवृत्त / रिटायरमेंट के उपरांत समस्त देयकों का ससमय भुगतान सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सर्विस बुक अपडेट करने के निर्देश दिए। डीएम द्वारा ईडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने पोर्टल पर बियोंड टाइम लंबित निवास, जाति, आय आदि प्रमाण पत्रों की जानकारी ली, जिसपर अवगत कराया गया कि कोई भी आवेदन बियोंड टाइम लंबित नहीं है। निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त पंकज वर्मा, एडीएम न्यायिक सुरेंद्र कुमार, एडीएम नमामि गंगे नंद प्रकाश मौर्य, सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर आदेश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी मनमोहन तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का नाम लेकर 80 लाख की ठगी



**मथुरा।** जनपद के थाना हाईवे क्षेत्र में रहने वाले खजान सिंह पुत्र जहान सिंह, निवासी 60 जमुना धाम ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का नाम इस्तेमाल कर की गई 80 लाख की ठगी का खुलासा किया है। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने मंत्रालय में नौकरी लगवाने का झांसा देकर उससे और उसके रिश्तेदारों से करीब 80 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित खजान सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी हर्षित शर्मा पुत्र राजेश शर्मा, निवासी अंतापाड़ा मथुरा कई वर्षों से उसके संपर्क में था। आरोपी खुद को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का करीबी बताते हुए उनके मंत्रालय और कार्यालयों में नौकरी दिलाने का दावा करता रहा। इसी भरोसे में आकर खजान सिंह और उसके परिचितों ने उसे कुल 80 लाख रुपये दे दिए, जिसमें से 15 लाख रुपये आन लाइन दिए गए और शेष रकम नगद में दी गई। जब काफी समय बीतने के बाद भी नौकरी नहीं लगी, तो खजान सिंह आरोपी को लेकर दिल्ली गया और केंद्रीय मंत्री से मिलवाया। वहां सच्चाई सामने आ गई कि आरोपी का मंत्री से कोई संबंध नहीं है। इसके बाद आरोपी ने पैसा लौटाने और अपनी कार देने का वादा किया, लेकिन न पैसा लौटाया और न ही कार दी। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने साजिश रचते हुए अपने साथियों राहुल शर्मा पुत्र शिवराम, निवासी असगरपुर हाईवे, मथुरा, चिंटू चैधरी निवासी नामालूम, मथुरा तथा एक अज्ञात व्यक्ति को भेजकर उसकी कार चोरी कराने का प्रयास कराया। यह घटना दिनांक 17 दिसंबर 2025 की रात करीब 11 बजे पीड़ित के घर पर हुई। सतर्कता के चलते चोरी की कोशिश नाकाम हो गई और आरोपी मौके पर पकड़ लिए गए, जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद है।

खजान सिंह का आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने थाना हाईवे मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने मामले की जांच उप निरीक्षक दीपक नागर को सौंपी है। पूरे मामले में केंद्रीय मंत्री का नाम इस्तेमाल कर ठगी करने का आरोप सामने आने से राजनीतिक गलियारों में भी हलचल मच गई है।

# सीएम आवास के 137 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित



**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत विकासखंड अरांव में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विकास की मुख्य धारा से वंचित 137 पात्र लाभार्थियों को उनके स्वयं के पक्के आवास के स्वीकृति प्रमाण पत्र सौंपे गए, प्रशासन की ओर से दी गई इस सौगात ने लाभार्थियों के जीवन में खुशियों का संचार कर दिया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह तथा ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत रहे, उन्होंने संयुक्त रूप से लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए, और उन्हें नए घर की बधाई दी और कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, सर पर पक्की छत होने से न केवल परिवार सुरक्षा महसूस करेगा, बल्कि समाज में उनका सम्मान भी बढ़ेगा, जब लाभार्थियों के हाथों में उनके अपने घर का प्रमाण पत्र आया तो उनके चेहरों पर खुशी झलक रही थी, लाभार्थियों ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी रमेश रंजन का इस अवसर पर कोटि-कोटि बार धन्यवाद अर्पित किया, इस दौरान खंड विकास अधिकारी शिव गोविंद सिंह, सहायक विकास अधिकारी राजेश कुमार समस्त पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## 13 दिन से लापता युवक का शव नाले में पड़ा मिला, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद 23 जनवरी को घर से सामान देने के लिए बड़ा बाजार आया युवक का शव बुधवार को एटा रोड स्थित रोटी बैंक के पास नाले में पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। नाले में शव पड़ा देखकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से निकलवाया। उसके बाद युवक के शव की परिजनों ने शिनाख्त की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद भेज दिया। परिजनों ने युवक की हत्या होने का शक जाहिर किया है। प्रशान्त जैन निवासी एटा चौराहा मुस्तफाबाद रोड 23 जनवरी की शाम को अपने सामान को सेल करने के लिए बड़ा बाजार गया था। उसके बाद से व्यापारी गायब हो गया। युवक के परिजनों ने युवक को सभी संभावित स्थान पर तलाश किया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा तब पत्नी ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गुरुवार दोपहर को जब रोटी बैंक के पास कुछ लोगों ने एक युवक का शव नाले में पड़े देखा तो हैरत में पड़ गए। रोटी बैंक के पास प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का रोटी खाने के लिए आना जाना रहता है। लेकिन इस दौरान किसी की नजर नहीं पड़ी। शव देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला। उसके बाद युवक की पत्नी ने शव की शिनाख्त अपने पति प्रशांत के रूप में की। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताते हुए कहा कि शव देखने से 13 दिन पुराना नहीं लग रहा है। किसी ने उसकी हत्या कर शव को नाले में डाला गया है। पीड़ित परिवार ने कड़ी जांच की मांग की है जिससे मामले का खुलासा हो सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार राना का कहना है कि गुमशुदगी में दर्ज युवक का शव नाले से बरामद हुआ है। युवक किसी तरह से नाले में गिर पड़ा है। क्योंकि मामले की पहले से जांच चल रही थी। वह दुकानों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में पैदल आता दिखाई दे रहा था। इसी मोबाइल टावर पर आकर मोबाइल भी बंद हुआ है। इसके साथ ही शराब पीने का आदी के साथ ही बीमार भी था। पोस्टमार्टम से स्थित साफ होगी।

## हनी ट्रैप से लाखों की उगाही में चौकी इंचार्ज सहित सिपाही निलंबित

**मथुरा।** थाना फरह क्षेत्र की ओल चैकी इलाके में हनी ट्रैप के जरिए लाखों रुपए की उगाही का मामला सामने आया है। प्रकरण में लापरवाही और संलिप्तता के आरोप में चौकी इंचार्ज और एक सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। वही ग्राम प्रधान समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आगरा के थाना जगदीशपुर निवासी जगदीश सिंह ने इस संबंध में अपर पुलिस महानिदेशक आगरा परिक्षेत्र से शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि उनकी जमीन रेल विकास निगम द्वारा अधिगृहीत की गई थी। जिसके एवज में उन्हें मुआवजा मिला था। आरोप है कि इसी जानकारी के आधार पर सपना उर्फ राजबाला और उसके सहयोगी श्याम घाट निवासी औरंगाबाद मथुरा ने उन्हें अपने जाल में फसाया और करीब 12 लाख की उगाही कर ली। पीड़ित का आरोप है कि इस पूरी साजिश में जो निवासी हिस्ट्रीशीटर ग्राम प्रधान खूबीराम भी शामिल था। प्रधान ने एक मकान में किराए पर कमरा लेकर पीड़ित को वहां बुलाया। जहां एक महिला के साथ उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया गया। शिकायत के मुताबिक 31 जनवरी को सपना ने फोन कर जगदीश सिंह को जो बुलाया। वहां खुबीराम उसे मकान की ऊपरी मंजिल पर ले गया। आरोप है कि कुछ देर बाद खूबीराम ओल पुलिस चैकी से दो पुलिसकर्मियों को लेकर मौके पर पहुंचा। जिसके बाद पीड़ित को चैकी ले जाया गया। वहां पुलिसकर्मियों ने खुद को चैकी प्रभारी बताते हुए शाम करीब 5 बजे तक उसे चैकी में बंधक बनाए रखा। इस दौरान बलात्कार के मुकदमे में फंसने की धमकी देकर पांच लाख की मांग की गई। दवाव में आकर पीड़ित ने मौके पर एक लाख दे दिए और शेष रकम दो फरवरी देने का आश्वासन दिया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी कार चैकी पर खड़ी कर ली गई थी। और पूरी रकम देने के बाद ही वहांन छोड़ने की बात कही गई। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ग्राम प्रधान महिला आरोपी चैकी इंचार्ज और एक अज्ञात कांस्टेबल के खिलाफ कार्रवाई की गई जा रही है। दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

# विद्युत विभाग के खिलाफ किसान यूनियन टिकैत का धरना-प्रदर्शन



**फिरोजाबाद।** हाथवंत स्थित विद्युत उप केंद्र के समीप भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ किसानो के उत्पीड़न एवं गलत विद्युत बिल के साथ-साथ विद्युत कर्मियों द्वारा अनावश्यक उत्पीड़न करने के संबंध में अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया। धरना स्थल पर थाना खैरगढ़ पुलिस बल मौजूद रहा। धरना प्रदर्शन की जानकारी होने पर अधिशासी अभियंता जसराना एवं उप खंड अधिकारी फरिहा ने भाकियू के पदाधिकारीयों से वार्ता कर किसानों की मांगों का निस्तारण करने का आश्वासन दिया। अधिशासी अभियंता के आश्वासन पर धरना समाप्त हो सका। भाकियू टिकैत के आगरा मंडल उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र भाटिया के नेतृत्व में विद्युत उप केंद्र हाथवंत के समीप विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने किसानों के साथ उत्पीड़न करने के खिलाफ धरना प्रदर्शन शुरू किया। सुरेश चंद भाटिया ने बताया कि 27 जनवरी को विद्युत उप केंद्र पर अवर अभियंता को एक ज्ञापन दिया गया था। जिस पर कार्रवाई न होने पर 5 फरवरी को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन विद्युत उप केंद्र हाथवंत के समीप में शुरू हुआ। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की जानकारी होते ही विद्युत उप केंद्र हाथवंत पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। वहीं विद्युत विभाग जसराना के अधिशासी अभियंता राहुल सिंह, उप खंड अधिकारी फरिहा बृजेश कुमार भी मौके पर पहुंच गए। अधिशासी अभियंता राहुल सिंह ने किसान यूनियन के पदाधिकारियों से वार्ता कर मांगों का निस्तारण करने का आश्वासन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया।

भाकियू का धरना प्रदर्शन मूलचंद निवासी रणधीरपुरा की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ था जिसमें सुरेश चंद्र भाटिया मंडल उपाध्यक्ष आगरा, नीरज कुमार प्रमोद पाराशर, हरेंद्रकुमार, अनूप भाटिया, महेश चंद्र निषाद, वीरभान सिंह, हुकम सिंह राणा के साथ-साथ सैकड़ो भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सांसद हेमामालिनी ने किया सीआईआरजी वैज्ञानिक बकरी पालन कैलेंडर का विमोचन



**मथुरा।** सीआईआरजी वैज्ञानिक बकरी पालन कैलेंडर का विमोचन एक गरिमामय एवं स्मरणीय अवसर पर हेमा मालिनी सांसद (लोकसभा), मथुरा एवं प्रसिद्ध अभिनेत्री द्वारा किया गया। उनकी उपस्थिति ने इस अवसर को विशेष महत्व प्रदान किया और कृषि, किसानों तथा ग्रामीण विकास से जुड़ी गतिविधियों के प्रति उनके निरंतर सहयोग को दशार्या। सीआईआरजी वैज्ञानिक बकरी पालन कैलेंडर में वैज्ञानिक बकरी पालन के प्रमुख पहलुओं जैसे प्रजनन, आहार, स्वास्थ्य देखभाल, आवास तथा रोग नियंत्रणकृपर माहवार मार्गदर्शन दिया गया है। यह कैलेंडर किसानों के लिए एक व्यावहारिक उपकरण के रूप में तैयार किया गया है, जिससे वे समय पर कृषि कार्यों की योजना बना सकें, उत्पादकता बढ़ा सकें, नुकसान कम कर सकें तथा वर्ष भर टिकाऊ एवं लाभकारी बकरी पालन को प्रोत्साहित किया जा सके। इस विमोचन समारोह में डॉ. मनीष कुमार चटली, निदेशक, आईसीएआर केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-सीआईआरजी); डॉ. मुकेश भाकत, प्रमुख, एपीआर प्रभाग; डॉ. गोपाल दास, प्रधान वैज्ञानिक, एजीबी प्रभाग; तथा डॉ. अरविंद कुमार, प्रधान वैज्ञानिक, एएनएमपीटी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम आईसीएआर-सीआईआरजी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा, जिसने बकरी अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में वैज्ञानिक उत्कृष्टता, नवाचार तथा विस्तार गतिविधियों के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में गोष्ठी आयोजित

**मड़ियाहूं, जौनपुर।** स्थानीय कोतवाली परिसर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत पुलिस विवाह सेवा प्रदाता एवं सामुदायिक स्वयंसेवकों के साथ गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी अमित सिंह ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद को बाल विवाह से मुक्त बनाने के लिए लोगों को जागरूक करना था।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए बाल संरक्षण अधिकारी ने कहा कि बाल विवाह को रोकना केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के की शादी कानूनन अपराध है। बाल विवाह में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी लोग दोषी माने जायेंगे। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत यह एक संज्ञेय और गैरजमानती अपराध है जिसमें दोषी पाए जाने पर कम से कम दो वर्ष की सजा या एक लाख रुपये तक का जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है। बाल विवाह कानून के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1929 में शारदा एक्ट लागू किया गया था जिसमें 1976 में संशोधन कर लड़कियों की शादी की आयु 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित की गयी। सख्त कानून के बावजूद वर्ष 2004-05 तक लगभग 46 प्रतिशत बाल विवाह होते रहे जिसके बाद 2006 में कानून को और सख्त बनाते हुये इसे गैरजमानती अपराध घोषित किया गया। लोगों से अपील की गयी कि बाल विवाह की जानकारी मिलने पर तुरंत 1090, 112 या नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दें।

अन्त में कोतवाली प्रभारी अमित सिंह ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलायी। सभी ने संकल्प लिया कि वे न केवल बाल विवाह नहीं करेंगे, बल्कि लोगों को जागरूक भी करेंगे और एक बैनर पर बाल विवाह मुक्त करने को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी अमित सिंह, रमेश कुमार, चन्द्रकान्त सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## नगर आयुक्त ने हनुमानगंज वार्ड का किया औचक निरीक्षण, सुनीं जनसमस्याएं



**फिरोजाबाद।** नगर निगम प्रशासन शहर की बुनियादी सुविधाओं और साफ सफाई को लेकर पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में गुरुवार सुबह नगर आयुक्त प्रशान्त नागर ने वार्ड संख्या 49 हनुमानगंज का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने क्षेत्र में सोर्स सेग्रीगेशन, साफ सफाई की स्थिति, पेयजल आपूर्ति, चल रहे निर्माण कार्यों और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की बारीकी से जांच की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छता अभियान में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और नागरिकों को शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त के साथ क्षेत्रीय पार्षद, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्रीमती हृदेश कुमारी, संबंधित सफाई एवं खाद्य निरीक्षक तथा अवर अभियंता निर्माण जल मुख्य रूप से मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने नगर आयुक्त को क्षेत्र की कुछ प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया, जिसके निस्तारण हेतु उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय सीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और जनसुविधाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## डीएम ने बोर्ड परीक्षा 2026 के प्रश्न पत्रों को बने स्ट्रांग रूम तथा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन एवं अपर जिलाधिकारी वि०रा०विशु राजा ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उ०प्र० प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 के प्रश्न पत्रों हेतु बनाये गये स्ट्रांग रूम तथा जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया, गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सभी 106 परीक्षा कन्द्रों की निगरानी सी०सी०टी०वी कैमरों के माध्यम से करने हेतु एक-एक कम्प्यूटर लगाया गया है, जिससे परीक्षा पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से विद्यालय में बने स्ट्रॉग रूप में रखे प्रश्नपत्रों तथा बोर्ड परीक्षा की 247 की निगरानी की जायेगी, जिलाधिकारी ने सम्बन्धितों को निर्देश दिये कि सभी परीक्षा केन्द्रों में बने स्ट्रांग रूप में रखी चारों लोहे की अलमीरा में डबल लॉक होना चाहिए, जिसकी चाबी सुरक्षा की दृष्टि की अलग-अलग अधिकारियों के पास रखी जाये, स्ट्रांग रूप में रखी चारों डबल लॉक अंलमीरा के मुंह सीसीटीवी कैमरा की तरफ होने चाहिए, स्ट्रांग रूप का गेट पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरा में दिखना चाहिये, परीक्षा केन्द्र पर सभी सीसीटीवी कैमरें ठीक लोकेशन पर सेट हों। इसके पश्चात सभी केन्द्र व्यवस्थपकों की बर्चुअल मीटिंग की गयी, बर्चुअल मीटिंग में जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार तथा अपर जिलाधिकारी वि०रा०विशु राजा ने सभी केन्द्र व्यवस्थपकों को परीक्षा केन्द्र में लगे सीसीटीवी कैमरो 247 घण्टे ऑनलाइन रखने को निर्देशित किया तथा परीक्षा केन्द्रों में बने स्ट्रांग रूप में रखी चारों लोहे की अलमीरा में डबल लॉक लगाने तथा डबल लॉक अलमीरा के मुंह सीसीटीवी कैमरा की तरफ करने के निर्देश दिये, जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूप का गेट पूरी तरह से सीसीटीबी कैमरा में दिखें तथा परीक्षा केन्द्र पर सभी सीसीटीवी कैमरें की लोकेशन ठीक करने के भी निर्देश दिये।

# संस्कृतियन उड़ो तो आसमान छूलो, खेलो तो खूब छक्के मारो

- संस्कृति विवि में हुई बाक्स क्रिकेट लीग व पतंग महोत्सव




**मथुरा।** संस्कृति विवि में बॉक्स क्रिकेट की संस्कृति प्रीमीयर लीग 2026 और पतंग महोत्सव के दौरान पूरा परिसर विद्यार्थियों के शोर-शराबे और उत्साह से भरी किलकारियों से गूंजता रहा। अतिथियों और विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने विद्यार्थियों में जोश भरते हुए कहा कि उड़ो तो आकाश को छूलो, खेलो तो छक्कों की बारिश कर दो।

सुबह से ही क्रिकेट के मैदान पर बाक्स क्रिकेट के लिए नीलगिरी, विंध्यांचल, अरावली, शिवालिक हाउस की टीमें अपनी पूरी तैयारियों के साथ पहुंच गईं और उधर मुख्य मैदान पर चारों तरफ रंग बिरंगी पतंगें नजर आने लगीं। आयोजनों का शुभारंभ करते हुए संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने बच्चों में जोश भरते हुए कहा कि लक्ष्य जीतने का होना चाहिए लेकिन हार को भी स्वीकारने में नहीं हिचकना चाहिए। हार हमें सबक देती है अच्छा करने का और फिर खेलकर जीतने का। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आप पढ़ाई में निरंतर कठिनाइयों को चुनौतियों को हराकर जीतते हैं उसी तरह का जज्बा खेल में भी बनाएं। संस्कृति विवि के कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी ने कहा कि आपको पतंग की तरह से उड़कर ऊंचाईयों को छूना है और आकाश में छा जाना है। आज का दिन खेलने का है और खेलों में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का है। पूरा मन लगाकर खेलें। इस मौके पर संस्कृति विवि के प्रति कुलपति डा. रघुराम भट्ट ने सभी खिलाड़ियों को उनकी सफलता के लिए प्रोत्साहित किया। संस्कृति विवि की सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, डाइरेक्टर जनरल विवेक अग्रवाल, कैम्पस के निदेशक डा. रजनीश त्यागी ने विद्यार्थियों से जोशीले नारे लगवाकर वातारवरण में उत्साह भर दिया। इससे पूर्व स्वागत समिति की डा. दुर्गेश वाधवा, डा. गरिमा गोस्वामी और शुभ्रा पांडे ने सभी अतिथियों का पटुका ओढ़ाकर सम्मान किया। संस्कृति एफएम के आरजे जय ने अपनी अद्भुत संचालन क्षमता से माहौल में चार चांद लगा दिए।

कार्यक्रम के दौरान पहुंचीं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एश्वार्या कौशिक ने इस आयोजन में विशेष आकर्षण का काम किया। उन्होंने बच्चों से खूब राधे-राधे के जयकारे लगवाए और विद्यार्थियों के साथ पतंग भी उड़ाई। उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए छात्र-छात्राओं में होड़ लग गई। संस्कृति एफएम पर हुई बातचीत में एश्वर्या ने कहा कि संस्कृति विवि आकर बहुत अच्छा लगा। यहां के वातावरण में संस्कृति की गाथा और संस्कार की खुशबू है। उन्होंने बताया कि राधा की भक्ति और उसका प्रचार उनका परम उद्देश्य है।

## नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन ने महा प्रबंधक को सौंपा 24 सूत्रीय ज्ञापन

**टूंडला।** नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन, टूंडला द्वारा मंडल उपाध्यक्ष कामरेड ओमबीर सिंह के नेतृत्व में महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के टूंडला आगमन पर रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर मेंस यूनियन के प्रतिनिधित्व द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। यूनियन ने गाड़ी संख्या 54355 एवं 54356 का संचालन टूंडला क्रू से बांदीकुई तक पूर्व की भांति कराए जाने एवं टूंडला क्रू से गाड़ियों का पूर्ववत संचालन एचआरएमएस पोर्टल से जुड़े लंबित मामलों के निस्तारण, मैकेनिकल विभाग के हेल्परों को क्लर्क पद हेतु समान अवसर ट्रेन मैनेजर कैडर में री-स्ट्रक्चरिंग तथा एत्मादपुर में क्रू व ट्रेन मैनेजरों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था की मांग रखी। इसके अतिरिक्त रेलवे कॉलोनियों में चिल्ड्रन पार्क मिनी जिम स्टेडियम निर्माण, कम्युनिटी हॉल के संचालन हेतु बॉडी फॉर्मेशन, सब-ऑर्डिनेट रेस्ट हाउस की व्यवस्था, जर्जर रेल आवासों की मरम्मत, रेलवे अस्पताल टूंडला में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं गायनेकोलॉजिस्ट की पूर्ण व्यवस्था एंव रेलवे अस्पताल टूंडला में रिक्त पदों को भरने नई बिल्डिंग को पुरानी अस्पताल बिल्डिंग के समीप बनाए जाने, टीआरडी कर्मचारियों को रिस्क व ड्रेस अलाउंस दिलाने तथा इंजीनियरिंग विभाग में सीनियरिटी से जुड़ी विसंगतियों को दूर करने की मांग की गई। साथ ही सी.डब्लू डिपो में रोलिंग हट्स के पास शौचालय, महिला रनिंग कर्मचारियों के लिए चेंजिंग रूम, नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर एवं क्रू लिंक के सही संचालन की भी मांग उठाई गई। इस अवसर पर मुख्य ब्रांच के शाखा मंत्री गौरव कुमार लोको शाखा के शाखा मंत्री सरदार सिंह यादव शाखा अध्यक्ष नाहर सिंह मीणा शाखा अध्यक्ष सत्येंद्र यादव गौरव पाल संजीव कुमार यादव सहित अनेक कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### रॉयल एनफील्ड हंटर 350 खरीदना हुआ और किफायती

नयी दिल्ली। रॉयल एनफील्ड हंटर 350 देश में सबसे अधिक किफायती और लोकप्रिय प्रीमियम मोटरसाईकल के सेगमेंट में लगातार अपनी स्थिति मजबूत कर रही है। यह केवल 4,999 रुपये के शुरूआती डाउन पेमेंट पर उपलब्ध है। हंटर 350 ने युवाओं के लिए प्रीमियम मोटरसाईकल खरीदने का सपना पूरा करना बहुत आसान बना दिया है।पहली बार मोटरसाईकल खरीदने वाले ग्राहक, ऑफिस जाने वाले युवा और युवा प्रोफेशनल 6 साल की अधिकतम भुगतान अवधि के साथ केवल 3,655 रुपये प्रति माह की ई.एम.आई (ईक्वेटेड मंथली इंस्टॉलमेंट) पर हंटर 350 खरीद सकते हैं। हंटर 350 बहुत आसान फाईनेंसिंग और किफायती ब्याज दरों के साथ मिल रही है, जिसने मिड-साईज मोटरसाईकल कैटेगरी में प्रवेश करना और अधिक आसान बना दिया है।

### प्रोटियन ई-गवर्नेंस और यूआईडीएआई ने माघ मेला 2026 में आधार सेवाओं का शिविर स्थापित किया

बंगलुरु। प्रोटियन ई-गवर्नेंस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सहयोग से माघ मेला 2026 में एक समर्पित आधार सेवा शिविर स्थापित किया है। यह पहल भारत के सबसे बड़े सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजनों में से एक के साथ आवश्यक नागरिक सेवाओं को एकीकृत करती है। इस पहल का उद्देश्य मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए आधार सेवाओं को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाना है, ताकि डिजिटल पहचान सेवाएं सीधे आयोजन स्थल पर ही उपलब्ध कराई जा सकें। प्रोटियन और यूआईडीएआई के बीच स्थापित इस संयुक्त आधार सेवा शिविर के माध्यम से संबंधित सभी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### थम्स अप का नया तूफानी एंथम लॉन्च

मुंबई। थम्स अप ने अपने नए एंथम टेस्ट द थंडर को हनुमानकाइंड और विशाल ददलानी के साथ लॉन्च किया है। यह गाना थम्स अप की पहचान रहे जोश, बेबाकी और तूफानी अंदाज को पूरी ताकत के साथ पेश करता है। गाने की आत्मा वही मशहूर पंक्ति है– आज कुछ तूफानी करते हैं, जो आज के युवाओं की सोच और एनर्जी से सीधा जुड़ती है। हनुमानकाइंड और विशाल ददलानी का यह नया सहयोग थम्स अप को आज की युवा पीढ़ी के और करीब लाता है। हनुमानकाइंड जहां नए जमाने के हिप-हॉप की रॉ और बेबाक ऊर्जा लेकर आए हैं, वहीं विशाल ददलानी की दमदार आवाज गाने को हर उम्र के दर्शकों से जोड़ती है। दोनों कलाकारों का जुनून और तीखापन थम्स अप के कड़क स्वाद और तूफानी व्यक्तित्व से पूरी तरह मेल खाता है।

### सोशल दूसरास्टेडियम के रूप में आ रहा वापस

नयी दिल्ली। 7 फरवरी से 8 मार्च तक जब आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 पूरे भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा, तो सोशल #दूसरास्टेडियम के रूप में वापस आ रहा है, जो क्रिकेट फैंस को हर मैच लाइव देखने के लिए एकदम सही जगह देगा। भारत इस टूनार्मेंट में डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर उतर रहा है और ऐतिहासिक तीसरा टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है, इसलिए दांव ऊंचे हैं और सोशल का माहौल भी इस मौके के हिसाब से ही होगा। फैंस बड़ी स्क्रीन, जोरदार चीयर्स, भरी हुई टेबल और एक जबरदस्त मैचडे वाइब की उम्मीद कर सकते हैं जो स्टेडियम वाली फीलिंग को पड़ोस में ले आता है।

### एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का आयोजन 16 से

नयी दिल्ली। भारत 16 से 20 फरवरी 2026 के बीच नई दिल्ली में इंडियाएआई इम्पैक्ट समिट 2026 की मेजबानी करने जा रहा है। इस समिट में दुनिया भर के बड़े एआई नेता, सरकारों के नीति-निमार्ता, विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर और उद्योग जगत के प्रमुख लोग एक साथ आएंगे। यह समिट उन लोगों को एक मंच पर लाएगी जो नई और उन्नत एआई तकनीक बना रहे हैं, जो एआई को बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर रहे हैं, और जो यह तय कर रहे हैं कि एआई का उपयोग किन नियमों और सीमाओं के तहत होगा। मुख्य वक्ताओं में सुंदर पिचाई, डेमिस हसाबिस, ब्रैड स्मिथ, फेई-फेई ली, मुकेश अंबानी, सुनील भारती मित्तल आदि उपस्थित रहेंगे।

# सेंसेक्स में 504 अंकों की गिरावट




मुंबई। वैश्विक शेयर बाजारों के कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन सत्रों के बाद बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 504 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी में 133 अंक की गिरावट आई। विश्लेषकों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति घोषणा से एक दिन पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु, आईटी एवं पूंजीगत उत्पाद शेयरों में तेज बिकवाली से धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स कारोबार के अंत में 503.76 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,313.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 666.07 अंक गिरकर 83,151.62 अंक तक आ गया था। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 133.20 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,642.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल, भारती एयरटेल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटीसी, इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, ट्रेंट, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। पिछले कुछ सत्रों में अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर बनी सकारात्मक धारणा से तेज उछाल देखने को मिला था लेकिन अब मुनाफावसूली हावी रही और बाजार में गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी शेयरों में बिकवाली और अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने से जोखिम से बचने की प्रवृत्ति मजबूत हुई। इसके साथ आरबीआई की शुक्रवार को होने वाली मौद्रिक नीति घोषणा पर भी सबकी नजरें टिकी रहीं। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार सुबह द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देंगे। मौद्रिक नीति समिति की बैठक बुधवार से शुरू हो गई है। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,447 शेयर गिरकर बंद हुए जबकि 1,737 शेयरों में तेजी रही और 158 अन्य अपरिवर्तित रहे। क्षेत्रवार सूचकांकों में पूंजीगत उत्पाद खंड में सर्वाधिक 1.07 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि धातु खंड में 1.05 प्रतिशत, टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 0.88 प्रतिशत और फोकस आईटी खंड में 0.78 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यूरोपीय बाजार कमजोरी के रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बुधवार को मिला-जुला रुख देखने को मिला था। घरेलू बाजार सीमित दायरे में कारोबार करते रहे और निवेशक नए घरेलू संकेतकों के अभाव में सतर्क बने रहे। समग्र धारणा स्थिर होने के बावजूद मानक सूचकांक ऊंचे स्तर पर अपनी तेजी कायम नहीं रख पाए।

# रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 90.33 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 14 पैसे मजबूत होकर 90.33 रुपये (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

घरेलू मुद्रा में यह मजबूती भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीदों और जिंस कीमतों में गिरावट के कारण आई। हालांकि, निवेशक समझौते की शर्तों को लेकर और स्पष्टता की प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसलिए बढ़त सीमित रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि महत्वपूर्ण कॉरपोरेट डॉलर की मांग और घरेलू शेयर बाजार की कमजोर स्थिति ने रुपये की बढ़त को सीमित कर दिया। व्यापार समझौते की उम्मीदों के बावजूद, विदेशी मुद्रा व्यापारियों का कहना है कि बाजार अब जश्न मनाने से ज्यादा पुष्टि करने की ओर ध्यान दे रहा है, क्योंकि अभी तक कोई आधिकारिक दस्तावेज जारी नहीं हुए हैं और दोनों पक्षों ने अंतिम शर्तें औपचारिक रूप से प्रकाशित नहीं की हैं। इसके अलावा निवेशक शुक्रवार को होने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की ब्याज दर घोषणा के संकेतों का इंतजार कर रहे हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 90.52 पर खुला और अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 90.06 के उच्चस्तर तक गया और 90.53 के निचले स्तर तक आया। अंततः रुपया 90.33 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 14 पैसे अधिक है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीदों के बीच रुपया सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर सकता है, हालांकि घरेलू बाजार की कमजोरी और मजबूत डॉलर तेजी को सीमित कर सकते हैं। तेल की ऊंची कीमतें और अमेरिका-ईरान के बीच तनाव भी रुपये को उच्चस्तर पर दबाव में रख सकते हैं। निवेशक शुक्रवार को आरबीआई की मौद्रिक नीति पर ध्यान देंगे। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह-सदस्यीय दर निर्धारण समिति ने बुधवार को द्विमासिक ब्याज दरों पर विचार शुरू किया। मौद्रिक नीति समिति का निर्णय शुक्रवार सुबह घोषित किया जाएगा। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.29 प्रतिशत बढ़कर 97.90 पर कारोबार कर रहा था।

# ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दर को 3.75 प्रतिशत पर स्थिर रखा

लंदन। ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को 3.75 प्रतिशत पर स्थिर बनाए रखने की घोषणा की। यह फैसला मुद्रास्फीति के लक्ष्य से ऊपर बने होने और आर्थिक वृद्धि में सुधार के संकेतों के बीच किया गया है।

बैंक ऑफ इंग्लैंड की नौ-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो दर को स्थिर रखने का फैसला बहुमत से किया। समिति के पांच सदस्य दर अपरिवर्तित रखने के पक्ष में थे जबकि चार सदस्य इसमें 0.25 प्रतिशत की कटौती चाहते थे। वसंत ऋतु तक महंगाई दर के लक्ष्य के करीब आने की उम्मीद है। यदि हालात अनुकूल रहते हैं तो इस साल दरों में और कटौती की गुंजाइश होनी चाहिए। पिछले 18 महीनों में बैंक ऑफ इंग्लैंड ने धीरे-धीरे ब्याज दरों में कटौती की है। आखिरी बार दिसंबर में ब्याज दर घटाई गई थी। इस फैसले के साथ जारी आर्थिक अनुमानों के मुताबिक, आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति दर दो प्रतिशत के लक्ष्य पर लौट सकती है। फिलहाल ब्रिटेन में खुदरा मुद्रास्फीति 3.4 प्रतिशत पर बनी हुई है। ब्याज दर कम होने से आमतौर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है क्योंकि इससे कर्ज सस्ता होता है, उपभोक्ता खर्च बढ़ता है और कारोबारी निवेश को प्रोत्साहन मिलता है। हालांकि, इससे कीमतों पर दोबारा दबाव बनने का जोखिम भी रहता है।

# सोने और चांदी के भाव में 10 प्रतिशत की भारी गिरावट



नयी दिल्ली। अंतराष्ट्रीय बाजारों में कमजोर रुझानों और मजबूत अमेरिकी डॉलर के बीच वायदा कारोबार में चांदी तथा सोने की कीमतों में दो सत्र की तेजी के बाद बृहस्पतिवार को 10 प्रतिशत तक की भारी गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च में आपूर्ति वाले चांदी के अनुबंधों की कीमत 26,850 रुपये या 10 प्रतिशत टूटकर 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,68,850 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

इसी तरह, अप्रैल में आपूर्ति वाले अनुबंधों के लिए सोने की कीमत बुधवार के बंद भाव 1,53,046 रुपये प्रति 10 ग्राम की तुलना में 2,310 रुपये या 1.51 प्रतिशत फिसलकर 1,50,736 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। सोने और चांदी ने हाल की बढ़त को गंवा दिया, जिससे दो दिन की तेजी का सिलसिला टूट गया क्योंकि कीमती धातुओं के बाजारों में नए सिरे से बिकवाली का दबाव और बढ़ी हुई अस्थिरता लौट आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, चांदी और सोने के वायदा भावों में घरेलू व्यापार में देखी गई गिरावट का ही प्रभाव नजर आया। कॉमेक्स बाजार में मार्च में आपूर्ति वाली चांदी 8.85 डॉलर या 10.48 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 75.55 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। दिन के दौरान इसमें 13 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई और यह 73.38 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के निचले स्तर पर पहुंच गई थी। कीमती धातुओं पर नए सिरे से बिकवाली का दबाव और बढ़ती अस्थिरता से चांदी की कीमतों में 14 प्रतिशत तक की गिरावट आई और यह करीब 73 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

# सरकार ने छतरियों पर 100 रुपये का न्यूनतम आयात मूल्य लगाया

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सरकार ने छतरियों पर न्यूनतम आयात मूल्य बृहस्पतिवार को 100 रुपये प्रति इकाई निर्धारित किया, जिसका उद्देश्य देश में छतरी के विनिर्माण को बढ़ावा देना है। इस मूल्य से कम कीमत वाली छतरियों का आयात अनुमति नहीं होगी।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि तैयार छतरियों के आयात की नीति और शर्तें अब मुक्त से अंकुश की श्रेणी में डाल दी गई हैं। हालांकि, यदि प्रति छतरी का सीआईएफ (लागत, बीमा और भाड़ा) मूल्य 100 रुपये या उससे अधिक है, तो आयात पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा।

हालांकि, ये अंकुश अग्रिम प्राधिकरण, निर्यात-उन्मुख इकाइयों (ईओयू) और विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) वाले आयातकों पर लागू नहीं होंगे। सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के आम बजट में छतरियों के आयात पर शुल्क बढ़ाकर 60 रुपये प्रति छतरी या 20 प्रतिशत कर दिया है, जिसमें जो भी राशि अधिक हो, वही लागू होगी। छतरियों के पुर्जे, सजावट और सहायक सामान के आयात पर शुल्क बढ़ाकर 10 प्रतिशत या 25 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया गया है, जिसमें अधिकतम राशि लागू होगी।

# भारत व खाड़ी सहयोग परिषद ने एफटीए पर बातचीत शुरू करने के लिए नियम-शर्तों पर किये हस्ताक्षर

नयी दिल्ली। भारत और पश्चिमी एशियाई देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) ने मुक्त व्यापार समझौते पर औपचारिक बातचीत शुरू करने के लिए नियम एवं शर्तों पर बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर किए।

नियम एवं शर्तों में प्रस्तावित व्यापार समझौते का दायरा और तौर-तरीके बताए गए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीसीसी के साथ बातचीत को लेकर नियम एवं शर्तों पर हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता की। जीसीसी, खाड़ी क्षेत्र के छह देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का समूह है। गोयल ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने में सहायक होगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि करीब एक करोड़ भारतीय जीसीसी क्षेत्र में रह और काम कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि यह अत्यंत उचित है कि अब हम एक अधिक मजबूत और सुदृढ़ व्यापारिक व्यवस्था में प्रवेश करें जो वस्तुओं एवं सेवाओं के अधिक मुक्त प्रवाह को सक्षम बनाएगी, नीति में पूर्वानुमान तथा स्थिरता लाएगी और अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने में मदद करेगी। यह समझौता भारत के साथ-साथ जीसीसी देशों की खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा को भी बढ़ावा देगा।

### सेवई में बैंक ऑफ बड़ौदा की नयी शाखा का शुभारंभ



लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा ने ग्राहक सेवा एवं बैंकिंग अभिगम्यता के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए लखनऊ जनपद के सेवई क्षेत्र में अपनी नई शाखा का विधिवत शुभारंभ किया। शाखा का उद्घाटन बैंक ऑफ बड़ौदा, लखनऊ अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख शैलेन्द्र कुमार सिंह ने ग्राम प्रधान तथा अन्य सम्मानित ग्राहकों की गरिमामयी उपस्थिति में संयुक्त रूप से किया। स अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा, लखनऊ मेट्रो क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री कमलेश राठौर एवं उप क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में बैंक के ग्राहकों के साथ-साथ लखनऊ के प्रतिष्ठित नागरिकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

### सैमसंग ने पेश की नयी गैलेक्सी एफ70 सीरीज

गुरुग्राम। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने बिल्कुल नई गैलेक्सी एफ70 सीरीज की घोषणा की है। इसे उन युवा उपभोक्ताओं के लिए बनाया गया है जो खुद को अभिव्यक्त करना चाहते हैं। आज के युवाओं के लिए स्मार्टफोन कैमरा संवाद करने, जुड़ने और अपनी डिजिटल मौजूदगी बनाने के लिए एक 'क्रिएटिव वॉइस' (रचनात्मक आवाज) बन गया है। आज की पीढ़ी के लिए कंटेंट सिर्फ बातचीत का जरिया नहीं है, बल्कि यह तय करता है कि लोग उन्हें कैसे याद रखेंगे। हर फोटो, स्टोरी और पोस्ट के पीछे एक खास उद्देश्य होता है—चाहे वह किसी मूड को बताना हो, किसी पल को कैद करना हो या अपनी बात मजबूती से रखनी हो। सैमसंग के तकनीकी नेतृत्व और अर्थपूर्ण नवाचारों पर आधारित गैलेक्सी एफ70 सीरीज कैमरे को स्मार्टफोन अनुभव के केंद्र में रखती है।

# सरकार 17.2 लाख करोड़ की उधारी बाजार को बाधित किये बिना जुटायेगी

नयी दिल्ली। आर्थिक मामलों की सचिव अनुराधा ठाकुर ने कहा है कि अगले वित्त वर्ष के लिए प्रस्तावित 17.2 लाख करोड़ रुपये का ऋण बाजार को बाधित किये बिना जुटाया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निजी क्षेत्र के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध हो। उन्होंने कहा, सरकारी ऋण कार्यक्रम में 5.5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज भुगतान भी शामिल है। इस प्रकार, कुल ऋण 11.73 लाख करोड़ रुपये होगा।

यानी यह पहले की तरह ही लगभग समान है जब उनसे पूछा गया कि क्या रिकॉर्ड 17.2 लाख करोड़ रुपये का ऋण निजी निवेश को प्रभावित कर सकता है, उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि यह एक उचित आंकड़ा है। कुल मिलाकर, यह एक बड़ी राशि है, लेकिन यह भी सही है कि बड़ी संख्या में बॉन्ड भी परिपक्व हो रहे हैं। ठाकुर ने भरोसा दिलाया कि यह कर्ज प्रबंधन योग्य है और यह आंकड़ा सावधानीपूर्वक गणना और विश्लेषण के बाद तय किया गया है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में 14.61 लाख करोड़ रुपये के सकल उधारी का अनुमान लगाया है, जबकि बजट अनुमान 14.82 लाख करोड़ रुपये था।

### नेक्स्ट जेनरेशन कैथ लैब का अनावरण



लखनऊ। रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ ने कार्डियोलॉजी और न्यूरोवैस्कुलर मेडिसिन में एडवांस्ड इंटरवेंशनल देखभाल को मजबूत करने के लिए अपनी लखनऊ फैसिलिटी में नेक्स्ट-जेनरेशन कैथ लैब का उद्घाटन किया है। यह नई प्रणाली हाई-डेफिनिशन रियल-टाइम इमेजिंग, बेहतर वर्कफ़्लो क्षमता और मरीजों के ज्यादा आराम के जरिए सुरक्षित, तेज और ज्यादा सटीक मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस फैसिलिटी का उद्घाटन ऐसे समय में हुआ है जब अस्पतालों में जटिल कार्डियक और न्यूरोवैस्कुलर इंटरवेंशन में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, और इलाज के लिए मिनिमली इनवेसिव तकनीकों की तरफ रुझान बढ़ रहा है।

## पेज एक का शेष

### बीसीसीआई की

में संशोधन किया। पीठ ने कहा हम आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करने के लिए इसे एक उपयुक्त मामला पाते हैं, ताकि यह साबित हो सके कि अदालत का आशय न तो आजीवन प्रतिबंध लगाने का था और न ही इस मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों में इतना कठोर प्रतिबंध लगाना उचित या आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने संज्ञान लिया कि ठाकुर नौ साल से अधिक समय से बीसीसीआई के कामकाज से अलग रहे हैं। न्यायालय ने इस बात पर विचार किया कि ठाकुर ने तब उसके समक्ष बिना शर्त माफी मांगी थी। ठाकुर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता पी.एस. पटवालिया ने कहा कि ठाकुर को बीसीसीआई के कामकाज से जुड़े रहने से रोकने का आदेश आजीवन नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, सब कुछ मुझ पर (ठाकुर पर) आ पड़ा, क्योंकि मैं बीसीसीआई का अध्यक्ष था। मैं बस इतना कह रहा हूं कि यह अब हमेशा के लिए नहीं चल सकता।

### राज्यसभा में

में भारत की विकास दर काफी ऊंची है। ऊंची विकास दर और कम महंगाई एक अनोखी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 में जब हम सत्ता में आए, तब देश छठी नंबर की अर्थव्यवस्था था। आज हम दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने के करीब हैं।

### चीनी मांझे

की बिक्री ही नहीं, बल्कि भंडारण व परिवहन पर भी कठोर नजर रखी जाएगी। सीएम योगी ने प्रदेश भर में विशेष अभियान चलाकर चाइनीज मांझे की आपूर्ति श्रृंखला को पूरी तरह तोड़ने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस अभियान की प्रगति और कार्रवाई की उच्च स्तर पर नियमित समीक्षा करने का भी निर्देश दिया है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि जनता की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। चाइनीज मांझा न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह आमजन, बच्चों और पशु-पक्षियों के लिए जानलेवा खतरा भी है।

### किसानों को

है, यह पहले की तुलना में 13 फीसदी बढ़ा है। यही सुशासन है और इसी दिशा में हमें और मजबूती से आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज सरकार और अन्नदाता किसान मिलकर सोच रहे हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग खेती में कैसे किया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और उत्तर प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन) को मंच पर सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संगोष्ठी में जो मॉडल प्रस्तुत किए गए, वे पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा हैं। दिव्यांगजनों द्वारा संचालित कसया मिल्क प्रोड्यूसर एफपीओ, जिसमें 1,005 सदस्य हैं, इसका जीवंत उदाहरण है। पूर्वी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों में, जिन्हें पहले कमजोर माना जाता था, दिव्यांगजनों ने अपनी मेहनत और क्षमता से नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह आंखें खोलने वाला काम है और इसके लिए वे सभी अभिनंदन के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने मथुरा की 750 महिलाओं वाली सरसों उत्पादन कंपनी का उल्लेख करते हुए कहा कि मैंने स्वयं उनकी प्रदर्शनी देखी है। किस तरह मस्टर्ड ऑयल को प्रोसेसिंग से जोड़कर महिलाओं ने बेहतर मुनाफा कमाया, यह पूरे प्रदेश के लिए सीख है। सरकार इस तरह के प्रयासों को हर स्तर पर सहयोग देगी। सीएम योगी ने कहा कि आज सहकारिता क्षेत्र भी बदल रहा है। सहकार से समृद्धि की ओर के विजन के तहत डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस और पारदर्शी नीतियों से सहकारी संस्थाओं में सुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जो विश्व बैंक के साथ एग्री-टेक के क्षेत्र में काम कर रहा है। कृषि, एमएसएमई, महिला, एग्री-टेक और युवा उद्यमिता आज सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 से पहले की स्थिति को याद करते हुए कहा कि सहकारिता क्षेत्र में माफिया हावी था। रिजर्व बैंक ने 16 जिला सरकारी बैंकों को डिफाल्टर घोषित कर बंदी का आदेश कर दिया था। आज हमारी सरकार में इन्हीं 16 में से 15 बैंक प्रॉफिट में आ चुके हैं और 16वें को भी प्रॉफिट में लाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर में भी एक समय ऐसा था, जब उत्तर प्रदेश से बड़े पैमाने पर पलायन हो चुका था। हस्तशिल्प और निर्यात लगभग ठप थे और एमएसएमई सेक्टर बंदी की कगार पर खड़ा था। हमारी सरकार ने इसे एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) के रूप में आगे बढ़ाया। आज उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जो एमएसएमई सेक्टर को 5 लाख रुपये का सुरक्षा बीमा दे रहा है। आज प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट्स कार्यरत हैं और लगभग 3 करोड़ परिवार इसी सेक्टर पर निर्भर हैं। टेक्नोलॉजी, मार्केट, पैकेजिंग और डिजाइनिंग से जोड़कर ओडीओपी को एक ब्रांड बनाया गया है। परिणाम यह है कि प्रदेश का निर्यात 84 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा है। प्रधानमंत्री जब विदेश जाते हैं, तो राष्ट्राध्यक्षों को ओडीओपी प्रोडक्ट्स उपहार में देते हैं। उत्तर प्रदेश के एफपीओज की ताकत को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा में आयोजित इस ट्रेड शो में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन एफपीओ और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर का रहा। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश का क्रेडिट-डेबिट रेशियो (सीडी रेशियो) 9 वर्षों में 43 प्रतिशत से बढ़कर 61 प्रतिशत हो गया है। लक्ष्य है कि इसी साल 31 मार्च तक इसे 62 प्रतिशत और 2026-27 में 65 प्रतिशत तक पहुंचाया जाए।

### सहकारी कैब

की किराया बढ़ोतरी का प्रावधान होगा। इसमें मुनाफे का सीधा वितरण ड्राइवरों के बीच किया जाता है। आठ प्रमुख सहकारी संगठनों के सहयोग से शुरू हुए इस मंच ने दो दिसंबर को दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में पायलट संचालन शुरू किया था। सहकारिता मंत्रालय के अनुसार, भारत टैक्सी दुनिया का पहला और सबसे बड़ा सहकारिता-आधारित टैक्सी सेवा मंच और ड्राइवरों के स्वामित्व वाला सबसे बड़ा परिवहन मंच बनकर उभरा है। पायलट चरण के बाद से अब तक तीन लाख से अधिक ड्राइवर इस मंच से जुड़ चुके हैं, जबकि एक लाख से ज्यादा उपयोगकर्ताओं ने पंजीकरण कराया है। दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में प्रतिदिन 10,000 से अधिक यात्राएं पूरी की जा रही हैं और अब तक करीब 10 करोड़ रुपये सीधे ड्राइवरों को वितरित किए जा चुके हैं।

### संत परंपरा

परंपरा किसी एक संप्रदाय या वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि वसुधैव कुटुंबकम के भाव के साथ सम्पूर्ण मानवता को जोड़ती है। सनातन धर्म शाश्वत है, समय के साथ स्वयं को सुदृढ़ करता है और किसी भी परिस्थिति में अपनी प्रासंगिकता नहीं खोता। राज्य सरकार की नीतियों पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड में सामाजिक समरसता और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए धर्मांतरण विरोधी कानून, सख्त दंगारोधी कानून तथा विभिन्न प्रकार की कट्टर और विघटनकारी मानसिकताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है। समान नागरिक संहिता लागू कर राज्य ने समान अधिकार और समान कर्तव्यों की दिशा में ऐतिहासिक पहल की है। वहीं, नकल विरोधी कानून से युवाओं के भविष्य को सुरक्षित किया गया है, जिसके चलते अब तक 28 हजार से अधिक युवाओं को पारदर्शी ढंग से सरकारी सेवाओं में अवसर मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सांस्कृतिक पुनर्जागरण के एक नए युग से गुजर रहा है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण और बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान जैसे कार्य भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिला रहे हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि हरिद्वार स्थित भारत माता मंदिर राष्ट्र की चेतना का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 में प्रस्तावित कुंभ मेले की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं और ब्रह्मगिरी महाराज का जीवन निरंतर साधना, सेवा और सद्कर्म का प्रेरक उदाहरण रहा है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि बीते एक दशक में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है और आज विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। उन्होंने कहा कि अवसंरचना विकास और युवा शक्ति के सामूहिक प्रयास देश को विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर कर रहे हैं। संत समाज भारतीय संस्कृति की रक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता को मजबूत कर रहा है।

### मेघालय : अवैध

की जा रही थी, तो कुमार ने कहा, हां, ऐसा ही लगता है। उन्होंने कहा कि विस्फोट की वजह का पता अभी नहीं चला है, और इसकी जांच की जाएगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने 2014 में मेघालय में रैट-होल कोयला खनन तथा खनन के दूसरे अवैज्ञानिक तरीकों पर प्रतिबंध लगा दिया था। मोदी ने घोषणा की कि प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी, जबकि घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

### भारत-अमेरिका

कई अन्य मुद्दों पर भी संबंधों में गिरावट देखी गई, जिनमें पिछले साल मई में ट्रंप द्वारा भारत-पाकिस्तान संघर्ष को समाप्त करवाने का दावा किया जाना और वाशिंगटन की नयी आव्रजन नीति शामिल है। मोदी से फोन पर हुई बातचीत के बाद ट्रंप ने दावा किया था कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करने और अमेरिका एवं वेनेजुएला से और अधिक तेल खरीदने पर सहमत हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, बाजार की वस्तुनिष्ठ परिस्थितियों और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्यों के अनुरूप ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना हमारी रणनीति का मूल आधार है। भारत के सभी कदम इसी बात को ध्यान में रखकर उठाए गए हैं और आगे भी उठाए जाएंगे। जायसवाल ने वेनेजुएला के साथ भारत के दीर्घकालिक ऊर्जा संबंधों का भी उल्लेख किया।

### यूपी की

प्राधिकरण (यीडा) के साथ एग्रीमेंट साइन किया है। यीडा द्वारा लेआउट प्लान को मंजूरी दिए जाने के बाद परियोजना के पहले चरण की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रोजेक्ट के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि शूटिंग की तैयारियों के साथ-साथ फिल्म सिटी के निर्माण कार्य की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। जमीन की मैपिंग पूरी होने के बाद करीब 20 दिनों के भीतर शूटिंग सेट तैयार कर लिया जाएगा, जिससे फिल्म निर्माण से जुड़ी गतिविधियां शुरू हो सकेंगी। इसके साथ ही फिल्म सिटी के निर्माण का कार्य भी शुरू हो जाएगा और जल्द ही सीएम योगी व पीएम मोदी के कर कमलों से इसका विधिवत शुभारंभ होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बोनी कपूर की कंपनी ने ही 2017 में रिलीज हुई बॉलीवुड फिल्म मॉम को प्रोड्यूस किया था और अब उन्होंने इसके दूसरे पार्ट की शूटिंग को यूपी में करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इंटरनेशनल फिल्म सिटी यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-21 में विकसित की जा रही है।




# दिल्ली कैपिटल्स ने दिया 204 रन का लक्ष्य

## जेमिमा ने 37 गेंद में आठ चौकों से 57 रन की पारी खेली



वडोदरा। कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स की अगुआई में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चार विकेट पर 203 रन बनाए।

जेमिमा ने 37 गेंद में आठ चौकों से 57 रन की पारी खेली जबकि लॉरा वौल्वार्ट (44 रन, 25 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) और चिनेल हेनरी (नाबाद 35, 15 गेंद, चार चौके, दो छक्के) ने चौथे विकेट के लिए 24 गेंद में 55 रन की तूफानी साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। जेमिमा ने वोल्वार्ट के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 76 रन जोड़े। दिल्ली की टीम चार सत्र में चौथी बार फाइनल में खेलते हुए पहली बार खिताब जीतने की कोशिश कर रही है जबकि पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम की नजरें दूसरे खिताब पर हैं। बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद लिजेल ली (37) और शेफाली वर्मा (20) ने दिल्ली कैपिटल्स को सधी हुई शुरुआत दिलाई। शेफाली ने लॉरेन बेल पर पारी का पहला चौका मारा जबकि लिजेल ने सयाली सतघरे पर लगातार दो छक्के जड़े।

शेफाली ने अरुंधति रेड्डी पर दो चौके मारे लेकिन इसी ओवर में विकेटकीपर ज् चा घोष को कैच दे बैठीं। दिल्ली ने पावर प्ले में एक विकेट 53 रन बनाए। लॉरा वोल्वार्ट ने आते ही अरुंधति पर चौका जड़ा जबकि लिजेल ने श्रेयंका पाटिल का स्वागत लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्के के साथ किया। नेदिन डि क्लर्क ने लिजेल को ग्रेस हैरिस के हाथों कैच कराके रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाई। लिजेल ने 30 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और इतने ही चौके मारे। कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स और वोल्वार्ट ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। जेमिमा ने डि क्लर्क पर दो चौके जड़ने के बाद श्रेयंका पर तीन चौके मारे। दिल्ली के रनों का शतक 11वें ओवर में पूरा हुआ। जेमिमा ने डि क्लर्क की गेंद पर एक रन के साथ 32 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जिसमें सात चौके शामिल रहे। जेमिमा ने सतघरे पर भी चौका जड़ा लेकिन इसके बाद उनकी फुलटॉस गेंद को डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर डि क्लर्क के हाथों में खेल गई। चिनेल हेनरी ने 19वें ओवर में डि क्लर्क पर चार चौकों और एक छक्के से 24 रन बटोरे और फिर सतघरे पर भी छक्का मारे। वोल्वार्ट पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट हुईं।

# अंडर 19 विश्व कप : जॉर्ज, म्हात्रे के शानदार फॉर्म के दम पर भारत का पलड़ा इंग्लैंड पर भारी



हरारे। छठा खिताब जीतने की कोशिश में जुटी भारत की अंडर 19 क्रिकेट टीम जब आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड से खेलेगी तो उसकी उम्मीदें शानदार फॉर्म में चल रहे अपने बल्लेबाजों पर टिकी होंगी।

अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने जीत दर्ज की जिसमें कप्तान आयुष म्हात्रे और सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज ने यादगार पारियां खेली। इस जीत से पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम का हौसला बढा है जिसने पिछली बार 2022 में खिताब जीता था। भारत ने अमेरिका के खिलाफ पहले ग्रुप मैच से ही बेहतरीन खेल दिखाया है। सेमीफाइनल में 300 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान को हराकर भारतीय टीम ने अपराजेय रिकॉर्ड कायम रखा। अब उसका सामना एक और अपराजेय टीम इंग्लैंड से होना है। भारत को बखूबी पता है कि गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड के हौसले बुलंद है और उसे हराना आसान नहीं होगा। भारत को एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा और नजरें वैभव सूर्यवंशी पर भी लगी होंगी जिनके बल्ले से हो रही आतिशबाजी का जवाब तलाशने के लिये विरोधी गेंदबाज जूझते नजर आये हैं। अगले महीने 15 वर्ष के हो रहे सूर्यवंशी तीन अर्धशतक और एक शतक लगा चुके हैं। इंग्लैंड के सामने उन्हें हालांकि संयम से खेलना होगा क्योंकि मैन्नी लुम्सडेन की अगुवाई में उसके पास मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण है। भारत का अंडर 19 विश्व कप फाइनल में रिकॉर्ड अच्छा रहा है और दसवीं बार टीम फाइनल में पहुंची है। पिछली बार 2022 में वेस्टइंडीज में हुए टूर्नामेंट में भारत ने इंग्लैंड को ही हराया था। अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में म्हात्रे के फॉर्म में लौटने से बल्लेबाजी और मजबूत हुई है। मध्यक्रम में विहान मल्होत्रा ने कई अच्छी पारियां खेली हैं जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू भी दो अर्धशतक लगा चुके हैं। दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल और आर एस अम्बरीश की मौजूदगी में भारतीय तेज आक्रमण भी अच्छा रहा है लेकिन इंग्लैंड के बल्लेबाज तेज गेंदबाजों को खेलने में माहिर हैं। ऐसे में स्पिनर कनिष्क चौहान और खिलन पटेल की भूमिका अहम हो जायेगा हालांकि टीम संयोजन पिच की स्थिति पर निर्भर करेगा। टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले शीर्ष पांच गेंदबाजों में कोई भारतीय नहीं है। इंग्लैंड के मैन्नी लुम्सडेन 15 विकेट लेकर शीर्ष पर है। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। इंग्लैंड के लिये बेन मायेस ने एक शतक और दो अर्धशतक समेत 399 रन बनाये हैं। कप्तान थॉमस रियू भी अच्छे फॉर्म में हैं और सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक समेत 299 रन बना चुके हैं। **टीमें : भारत:**

आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उद्धव मोहन और किशन सिंह। **इंग्लैंड :** थॉमस रियू (कप्तान), राल्फी अलबर्ट, अली फारूक, बेन डॉकिंस, कालेब फाकनेर, फरहान अहमद, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, ल्यूक हैंड्स, इसाक मोहम्मद, मैन्नी लुम्सडेन, बेन मायेस, जेम्स मिंटो, जोसेफ मूरेस, सेबेस्टियन मोर्गन। मैच का समय : दोपहर एक बजे से।

संक्षेप

### थाईलैंड से हारकर भी भारत क्वार्टर फाइनल में

चीन। युवा तन्वी शर्मा के शानदार प्रदर्शन के बावजूद गत चैम्पियन भारत को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में ग्रुप वाय के दूसरे मैच में बृहस्पतिवार को थाईलैंड के हाथों 2 . 3 से पराजय झेलनी पड़ी। इस हार के बावजूद भारत ने क्वार्टर फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया है। म्यामां को पहले मैच में 5 . 0 से हराने के बाद भारत ग्रुप वाय में थाईलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहा। दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी और 2024 में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम की सदस्य रही तन्वी ने विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज बुसानन ओंगामरूनंगफान को 21 . 14, 17 . 21, 21 . 18 से हराया। गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने इसके बाद 65वीं रैंकिंग वाली टी क्लीबायीसुन और नत्तामोन लेइसुआन की जोड़ी को 21 . 14, 20 . 22, 21 . 11 से हराया। रक्षिता रामराज हालांकि 2023 विश्व जूनियर चैम्पियन 19 वर्ष की पिचामोन ओमात्लिपुत से 19 . 21, 17 . 21 से हार गई। दूसरे युगल मैच में तनीषा क्रास्टो और श्रुति मिश्रा को एच मिजाद और नापापाकोर्न तुंगकासातान ने 19 . 21, 21 . 14, 21 . 15 से हराया। मालविका बंसोड को पहले एकल में पोर्नपिचा चोइकीवोंग ने 21 . 18, 21 . 14 से हराया।

### लवलीना ने की जीत से शुरुआत

स्पेन। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने यहां बोक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026 में यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को आसानी से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की जबकि हितेश गुलिया भी अगले दौर में पहुंच गए जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। लवलीना महिलाओं के 75 किलोग्राम वर्ग में शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने तेज और सटीक मुक्कों के संयोजन से यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले में हराकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुषों के 70 किलोग्राम वर्ग में हितेश ने भी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए कनाडा के विन्सेंट सांटाओरिएलो को 5-0 से शिकस्त दी। लवलीना के अलावा भारत की अन्य महिला मुक्केबाजों ने भी दमदार जीत दर्ज कीं। मंजू रानी ने फ्रांस की ग्लोरिया डिअलेमेडा को 5-0 से हराया तो वहीं नीतू (51 किलोग्राम) ने स्पेन की लौरा काल्डेरॉन को पहले राउंड में आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोका जाना) से जीत दर्ज की। कुसुम ने स्पेन की क्लाडिया अलकानिज को 4-। से जबकि अरूंधति चौधरी ने कजाखस्तान की अजीजा इसिना को 5-0 से पराजित किया। बाद में सनामाचा चानू ने कनाडा की विक्टोरिया पेने पर 4-। से फैसले से एक और जीत हासिल की।

# भारत के खिलाफ मैच हमारे नियंत्रण में नहीं, सरकार का फैसला है: पाक कप्तान

कोलंबो। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने अपने क्रिकेट बोर्ड के रुख को बरकरार रखते हुए बृहस्पतिवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार करने का फैसला उनकी सरकार ने लिया था और यह उनके नियंत्रण में नहीं था।

पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 15 फरवरी को यहां होने वाले अपने बहुप्रतीक्षित पुरुषों के टी20 विश्व कप ग्रुप लीग मैच का रविवार को बहिष्कार करने की घोषणा की। हालांकि पाकिस्तानी सरकार ने सात फरवरी से शुरू होने वाली प्रतियोगिता में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी को मंजूरी दे दी। सलमान ने कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, भारत का मैच हमारे नियंत्रण में नहीं है। यह सरकार का फैसला है और हम इसका सम्मान करते हैं। वे जो भी कहेंगे, हम वही करेंगे। टी20 विश्व कप शनिवार को भारत और श्रीलंका के अलग-अलग स्टेडियम में शुरू होगा। सलमान ने कहा कि अगर दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी नॉकआउट में फिर आमने-सामने होते हैं तो वे फिर से पाकिस्तान सरकार द्वारा लिए गए फैसले का पालन करेंगे। सलमान ने कहा, मैंने यह बात पहले भी कही है। यह सरकार का फैसला है और हम उसका सम्मान करते हैं। वे जो कहेंगे, हम वही करेंगे। मुझे नहीं पता कि मैच होगा या नहीं लेकिन सरकार ने एक बात कही है और हम वही करने जा रहे हैं। मुझे मैच के बारे में नहीं पता। उन्होंने कहा, अगर हमें सेमीफाइनल या फाइनल में उनके साथ फिर से खेलना पड़ा तो हमें उनके (सरकार के) पास वापस जाना होगा और उनकी सलाह पर काम करना होगा। आधिकारिक सरकारी बयान के माध्यम से बताया गया पाकिस्तान का यह फैसला टूर्नामेंट से बांग्लादेश को हटाने के खिलाफ एक राजनीतिक विरोध है। आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने सुरक्षा कारणों से मुकाबलों को भारत से श्रीलंका में स्थानांतरित करने के बांग्लादेश के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था।

सलमान ने कहा कि बांग्लादेश का टूर्नामेंट में नहीं खेलना दुख की बात है। उन्होंने कहा, वे हमारे भाई हैं। मैं कहूंगा कि वे टूर्नामेंट में हमारा समर्थन कर सकते हैं। और उन्हें देखकर बेहद दुख होता है। वे विश्व कप नहीं खेल रहे हैं।

### भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का फैसला सही, हम बांग्लादेश के साथ : पाक प्रधानमंत्री

कराची। भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच के बहिष्कार को सही फैसला बताते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि बांग्लादेश के समर्थन के लिये यह सोच समझकर लिया गया फैसला है। पाकिस्तान सरकार ने अपनी क्रिकेट टीम को कोलंबो में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाला मैच नहीं खेलने के लिये कहा है। इससे पहले सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार पर बांग्लादेश को विश्व कप से हटाकर स्कॉटलैंड को उसकी जगह शामिल किया गया। शरीफ ने यहां सरकार की एक बैठक के बाद कहा, हमने टी20 विश्व कप पर स्पष्ट रूख अपनाया है कि हम भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे क्योंकि खेल के मैदान पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा, हमने सोच समझकर यह रूख अपनाया है और हम पूरी तरह से बांग्लादेश के साथ हैं। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल सही फैसला है। जवाब में बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरूल ने जवाब में अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा।

# भारत की टी20 मानसिकता सभी टूर्नामेंट के लिए एक जैसी: सूर्यकुमार



मुंबई। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि सबसे छोटे प्रारूप में टीम की सफलता का राज सभी प्रतियोगिताओं में एक जैसी मानसिकता अपनाना है।

टी20 विश्व कप के सह-मेजबान के रूप में भारत जब आईसीसी टूर्नामेंट में दावेदार के टैग के साथ उतरेगा तो यही सोच उसकी सबसे बड़ी ताकत होगी। उन्होंने ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर की फिटनेस पर भी अपडेट दिया और कहा कि उनकी वापसी में किसी तरह की जल्दबाजी नहीं की जाएगी। गत चैंपियन भारत शनिवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में अमेरिका से भिड़ेगा। भारत की नजरें रिकॉर्ड तीसरा खिताब जीतने पर लगी होंगी। कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में भारत की मानसिकता पर सवाल पूछे जाने पर सूर्यकुमार ने कहा, हम पिछले दो-तीन साल से अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि हमने अपनी सोच बदली है। पहले हम द्विपक्षीय सीरीज और आईसीसी टूर्नामेंट अलग-अलग तरीके से खेलते थे, लेकिन अब चाहे आईसीसी टूर्नामेंट हो, एशिया कप हो या द्विपक्षीय मैच, हम हर जगह एक ही तरह से खेलने की कोशिश करते हैं। भारत ने 2024 टी20 विश्व कप जीतने के बाद सभी द्विपक्षीय टी20 सीरीज जीती हैं और पिछले साल एशिया कप का खिताब भी अपने नाम किया था। सूर्यकुमार ने कहा, इसी वजह से जब हम 2024 टी20 विश्व कप खेलने गए तो वह अलग महसूस नहीं हुआ। बल्कि ऐसा लगा जैसे हम पूरे एक साल से इसी तरह का क्रिकेट खेलते आ रहे हों। उन्होंने कहा, अब भी पिछले एक साल से हम जिस तरह का क्रिकेट खेल रहे हैं, टी20 विश्व कप में उसी तरह खेलने की कोशिश करेंगे। अगर हम अच्छा खेलेंगे, तो नतीजा भी हमारे पक्ष में होगा। भारतीय कप्तान ने कहा कि टीम वॉशिंगटन सुंदर को पूरी तरह फिट होकर मजबूत वापसी करने के लिए पर्याप्त समय देना चाहती है। उन्होंने कहा, तिलक वर्मा को ब्रेक मिला था। वह न्यूज़ीलैंड सीरीज नहीं खेल पाए थे और जब वापस आए तो बिल्कुल अलग खिलाड़ी नजर आए। उन्होंने ए सीरीज का एक मैच (भारत ए और अमेरिका के बीच अभ्यास मैच) खेला और कल (बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में) भी खेले। हमें उम्मीद है कि वॉशिंगटन भी उसी तरह वापसी करेंगे। उन्होंने कहा, वह काफी अच्छा कर रहे हैं। वह लगभग तैयार हैं। हम चाहते हैं कि जब वह लौटें तो पूरी तरह फिट हों। शत प्रतिशत। सूर्यकुमार ने यह भी कहा कि भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों में टीम को पहले रखने की सोच को मजबूती से स्थापित किया है। उन्होंने ईशान किशन का उदाहरण दिया जिन्होंने पिछले हफ्ते न्यूजीलैंड के खिलाफ छक्के के साथ अपना पहला टी20 शतक पूरा किया था। उन्होंने कहा, ड्रेसिंग रूम वही है, बस कुछ डिब्बे (ट्रेन के कोच की तरह) बदले हैं, लेकिन उनके आने के बाद से यह सफर शानदार रहा है। सबसे अहम चीज वह माहौल है जो उन्होंने ड्रेसिंग रूम में बनाया है कि यह एक टीम गेम है। उन्होंने कहा, उन्होंने यह सोच डाली है कि व्यक्तिगत उपलब्धियों को अलग रखा जाए और टीम के लक्ष्य सबसे ऊपर हों। उदाहरण के तौर पर तिरुवनंतपुरम में पिछले मैच में ईशान 90 के पार थे और उन्होंने छक्के के साथ अपना शतक पूरा किया। यही वह चीज है जिसे गंभीर ड्रेसिंग रूम में लाने की कोशिश कर रहे हैं, व्यक्तिगत उपलब्धियों से दूर रहकर टीम के लक्ष्य पर फोकस करना। उसके बाद बाकी सारी चीजें अपने आप आती हैं। सभी खिलाड़ियों को पूरी आजादी दी जाती है। क्रीज पर बल्लेबाजों को यह स्वतंत्रता होती है। ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत हल्का रहता है।

# कोचिंग में सुधार के प्रस्तावों पर चरणबद्ध अमल होगा : मांडविया

नयी दिल्ली। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय कोचिंग के इकोसिस्टम में बदलाव पर पुलेला गोपीचंद की अध्यक्षता वाले कार्यबल के सुझावों पर चरणबद्ध तरीके से अमल किया जायेगा और प्रारंभिक चरण में उनकी मान्यता और प्रशासन के लिये राष्ट्रीय बोर्ड का गठन शामिल है।

भारत में कोचिंग नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिये किये जा रहे प्रयासों के संदर्भ में राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में मांडविया ने कार्यबल द्वारा दिये गए सुझावों की जानकारी दी। मांडविया ने कहा कि कार्यबल के सुझावों पर चरणबद्ध तरीके से अमल होगा। पहला चरण एनसीएबी का गठन है इसके बाद लाइसेंसिंग और अलग अलग चरण तय किये जायेंगे। राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच गोपीचंद की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय कार्यबल ने भारत के कोचिंग इकोसिस्टम को बिखरा हुआ, अनिरंतर और संस्थागत ताकत की बजाय व्यक्तिगत प्रयासों पर निर्भर बताया था। कार्यबल ने अपनी 43 पन्नों की रिपोर्ट में इसमें सुधार के लिये गई सुझाव दिये थे। इसमें प्रमाणन बोर्ड की देखरेख में तीन स्तरीय व्यवस्था और कोचों के लिये भी सरकार द्वारा वित्तपोषित टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) शामिल है।

### वह हमेशा चाहते हैं कि हम आक्रामक खेलें, शनाका ने राठौड़ के बारे में कहा

कोलंबो। श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टी20 विश्व कप से पहले बल्लेबाजी सलाहकार विक्रम राठौड़ के टीम से जुड़ने की तारीफ करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उनके आक्रामक रवैया अपनाने पर जोर देने से बल्लेबाजों को ज्यादा स्वच्छंदता से खेलने में मदद मिली है। श्रीलंका रविवार को आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप का अपना पहला मैच खेलेगा। राठौड़ ने भारत के साथ अपने पांच साल के कार्यकाल के दौरान टीम को 2024 टी20 विश्व कप जीतने में मदद की थी। उन्हें पिछले महीने आईसीसी टूर्नामेंट के लिए श्रीलंका का बल्लेबाजी सलाहकार नियुक्त किया गया। भाग लेने वाली टीमों के सात अन्य कप्तानों के साथ कैप्टन्स डे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शनाका ने कहा, विक्रम राठौड़ का हमारी टीम से जुड़ना अच्छा है। उनका ज्ञान और उनका स्वभाव इस तरह का है, वह हमेशा चाहते थे कि हम आक्रामक होकर खेलें जिससे ज्यादातर खिलाड़ियों को खुद को स्वच्छंद बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है जो मुझे सच में पसंद है।

# लखनऊ के एसके श्रीवास्तव एकल व अनिल व शैलेंद्र युगल सेमीफाइनल में

## मिश्रित युगल में जॉन वेस्ले व प्रियंका पाण्डेय ने किया बड़ा उलटफेर, योनेक्स सनराइज यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026




लखनऊ। लखनऊ के एसके श्रीवास्तव ने अनिल कुमार ध्यानी की स्मृति में आयोजित योनेक्सझसनराइज यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में पुरुष एकल 55 वर्ष से अधिक के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी ओर पुरुष युगल 50 वर्ष से अधिक वर्ग में लखनऊ के अनिल कुमार सिंह व शैलेंद्र पावाह की जोड़ी ने अंतिम चार में जगह बनाई।

वहीं मिश्रित युगल 35 वर्ष से अधिक के क्वार्टर फाइनल में जॉन वेस्ले और प्रियंका पाण्डेय (प्रयागराज/लखनऊ) ने दूसरी वरीय विनय कुमार व रूमा की जोड़ी को हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में लखनऊ बैडमिंटन संघ के सचिव एवं ख्याति प्राप्त बैडमिंटन खिलाड़ी स्वर्गीय अनिल कुमार ध्यानी की स्मृति में इस चैंपियनशिप का आयोजन बीबीडी यूपी बैडमिंटन एकेडमी, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में किया जा रहा है। पहले दिन खेले गए मैचों में महिला एकल 45 वर्ष से अधिक के क्वार्टर फाइनल में गाजियाबाद की अनुराधा शर्मा ने लखनऊ की पूनम सिंह को 21-10, 21-3 से पराजित किया। पुरुष एकल 55 वर्ष से अधिक के क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीय कानपुर के पवन गुप्ता ने मेरठ के अरुण कुमार को 21-18, 18-21, 21-14 से हराया। वहीं लखनऊ के एसके श्रीवास्तव व वाराणसी के राजीव कुमार सिंह को वाकओवर मिला। पुरुष युगल 50 वर्ष से अधिक के क्वार्टर फाइनल में मेरठ के सोमेश जैन व सुनील राणा ने दूसरी वरीय राजीव सिंह व राणा राघवेंद्र कुमार सिंह को 21-18, 21-11 से हराया। वहीं लखनऊ के अनिल कुमार सिंह व शैलेंद्र पावाह की जोड़ी ने वाकओवर के सहारे जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मिश्रित युगल 35 वर्ष से अधिक के क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय यूपी पुलिस के अखिलेश यादव व भावना बालियान ने आसान जीत दर्ज की जिन्होंने कानपुर के आलोक मल्होत्रा व श्रुति मल्होत्रा को 21-6, 21-10 से हराया। यूपी पुलिस के आलोक कुमार मिश्रा व सीमा राय ने नोएडा के अजय शर्मा व पूर्वषा परीमल को 21-19, 21-11 से शिकस्त दी। इसी वर्ग में जॉन वेस्ले व प्रियंका पाण्डेय (प्रयागराज/लखनऊ) ने दूसरी वरीय यूपी पुलिस के विनय कुमार व रूमा को 9-21, 21-17, 21-16 से हराकर उलटफेर किया।

# भारत भी कुछ वस्तुओं पर आयात घटायेगा

## भारत, अमेरिका मार्च के मध्य तक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं: गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और अमेरिका मार्च के मध्य तक बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसके बाद अमेरिका, भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क कम कर देगा।

समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद भारत भी अमेरिका से आयातित कुछ वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करना शुरू करेगा। मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर एक संयुक्त बयान को चार से पांच दिन में अंतिम रूप देने और उस पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है, जिसके बाद अमेरिका द्वारा लगाया गया शुल्क घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। दोनों देशों ने इस सप्ताह की शुरुआत में समझौते को अंतिम रूप दिया। इसके तहत अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया जाएगा। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) का पहला चरण लगभग तैयार है और हमें उम्मीद है कि अगले चार से पांच दिन में हम अमेरिका तथा भारत के बीच एक संयुक्त बयान को अंतिम रूप देकर उस पर हस्ताक्षर कर देंगे। इसके आधार पर इस साझेदारी का पहला चरण शुरू होगा। गोयल ने कहा कि औपचारिक समझौते का मसौदा तैयार किया जा रहा है जिसमें एक या डेढ़ महीने का समय लग सकता है। संभवतः औपचारिक समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर हो जाएंगे। भारतीय वस्तुओं पर कम किए गए 18 प्रतिशत शुल्क अमेरिका के एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से लागू होंगे, जो संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने के एक या दो दिन बाद जारी किया जाएगा। गोयल ने साथ ही बताया कि इस समझौते में किसी भी प्रकार के निवेश की प्रतिबद्धता नहीं है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इस कानूनी समझौते से हमें अमेरिकी सामान पर शुल्क कम करने का अधिकार मिलेगा। अग्रवाल ने कहा, भारतीय शुल्क में कमी केवल एक कानूनी समझौते के बाद ही होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय शुल्क, एमएफएन (सबसे तरजीही राष्ट्र) शुल्क है जबकि अमेरिकी आयात शुल्क, कार्यकारी शुल्क हैं। गोयल ने कहा, हमें उम्मीद है कि हम चीजों को तेजी से आगे बढ़ा पाएंगे क्योंकि कानूनी समझौते के बाद हमें और भी रियायतें मिलेंगी। सौदे के 500 अरब अमेरिकी डॉलर के खरीद वाले हिस्से के बारे में मंत्री ने कहा कि भारत जिस तेजी से विकास कर रहा है, उसे देखते हुए देश को बड़ी मात्रा में ऊर्जा, डेटा सेंटर उपकरण और आईसीटी उत्पादों की आवश्यकता होगी। मंत्री ने कहा, हमारी इस्पात उत्पादन क्षमता वर्तमान के 14 करोड़ टन से बढ़कर अगले कुछ वर्षों में करीब 30 करोड़ टन हो जाएगी। इसलिए, जब हमने अमेरिका से अपनी आवश्यकताओं का अनुमान लगाया तो हम कम से कम 500 अरब डॉलर के आंकड़े पर पहुंचे। हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि अगले पांच वर्ष में हम अमेरिका से कितनी मात्रा में इस्पात प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि केवल भारत की विमानों की मांग, बोइंग को दिए गए और अभी दिए जाने वाले लेकिन तैयार ऑर्डर की संख्या करीब 70-80 अरब डॉलर है।



# बोलने नहीं देने पर विपक्ष ने वाकआउट किया : खरगे

नयी दिल्ली। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को कहा कि सत्तापक्ष ने पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं इंदिरा गांधी का अपमान किया और विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण के समय विपक्षी दलों ने उच्च सदन से बहिर्गमन किया।



प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दिया। हालांकि विपक्षी दलों के सदस्य सदन से बाहर चले गए। खरगे ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि आज राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा का उत्तर देने आए थे। हम उन्हें सुनना चाहते थे, लेकिन हम चार दिन से देख रहे हैं कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी जी को बोलने नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना था, हम संसद में लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, युवाओं के लिए रोजगार और डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर अपनी बात रखना चाहते थे। हम सभी विपक्षी दलों ने ये तय किया था कि अगर लोकसभा में नेता विपक्ष को बोलने दिया गया, तो हम प्रधानमंत्री की बात जरूर सुनेंगे। लेकिन ऐसा लगता है कि सत्ता पक्ष ने ठान लिया है कि दोनों सदनों में नेता विपक्ष को बोलने नहीं देना है। खरगे ने कहा, अगर मेरी बात सुनी जाती तो गतिरोध खत्म हो सकता था, लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मोदी सरकार हमारे नेताओं का अपमान करती है और विपक्ष को अपनी बात रखने नहीं देती, इसलिए हमने इसकी निंदा की और सदन से वॉकआउट कर दिया। उन्होंने कहा कि जिन महान नेताओं ने देश के लिए कुर्बानियां दीं और देश को आजादी दिलाई, उनके बारे में एक सांसद द्वारा अपशब्द कहा गया और पूरा सत्तापक्ष चुपचाप सुनता रहा। खरगे ने कहा, पंडित नेहरू जी ने आधुनिक भारत बनाया तो इंदिरा गांधी जी देश में जागृति लेकर आईं। ऐसे लोगों को सदन में भला-बुरा कहा जाता है, जिसका हम खंडन करते हैं।

## संक्षेप

### भूमि देने में कोई आपत्ति नहीं : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए भूमि देने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन केंद्र को पहले राज्य में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने के मनमाने फैसले को रद्द करना होगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा में चर्चा के दौरान बनर्जी ने केंद्र व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा राज्य सरकार पर सीमा बाड़ लगाने में बाधा डालने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि बीएसएफ सहित सभी केंद्रीय एजेंसियों को पहले ही भूमि आवंटित की जा चुकी है। राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा, भूमि कोई समस्या नहीं होगी। आपको भूमि मिल जाएगी, लेकिन पहले बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने के मनमाने नियम को बदलें। बाड़ लगाने में देरी, कथित अवैध प्रवासन और बांग्लादेश के साथ बंगाल की लंबी खुली सीमाओं के प्रबंधन को लेकर केंद्र और तृणमूल कांग्रेस में शुरू हुई जुबानी जंग के बीच बनर्जी की यह टिप्पणी आई है। राज्य ने कितनी जमीन पहले ही आवंटित की है।


# ओडिशा पुलिस ने कोरापुट जिले को नक्सल-मुक्त घोषित किया

भुवनेश्वर/कोरापुट। प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की एक एरिया कमेटी की सदस्य के आत्मसमर्पण किए जाने बाद ओडिशा पुलिस ने बृहस्पतिवार को कोरापुट जिले को नक्सल-मुक्त घोषित कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाली कार्यकर्ता की पहचान ममता पोडियामी (26) के रूप में हुई है जिसे मामिता और सोनी के नाम से भी जाना जाता है। वह छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले की निवासी है और उस पर 5.5 लाख रुपये का इनाम था। पुलिस उप महानिरीक्षक (दक्षिण-पश्चिमी रेंज) कंवर विशाल सिंह ने बताया कि महिला ने आत्मसमर्पण किया और एक एसएलआर राइफल भी सौंप दी। उप महानिरीक्षक (डीआईजी) ने कहा, उसे घोषित 5.5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता के साथ-साथ हथियार सौंपने के लिए अतिरिक्त 1.65 लाख रुपये भी मिलेंगे। इसके अलावा उसे राज्य की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत सभी लाभ प्राप्त होंगे। उसके आत्मसमर्पण के बाद कोरापुट अब नक्सल-मुक्त जिला है।

# जयशंकर ने महत्वपूर्ण खनिजों से जुड़ी चुनौतियों को रेखांकित किया

न्यूयॉर्क। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने महत्वपूर्ण खनिजों का कुछ ही जगहों पर अत्यधिक संकेंद्रण होने से संबंधित चुनौतियों का उल्लेख करते हुए बुधवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से आपूर्ति श्रृंखलाओं के समक्ष जोखिम को कम करना जरूरी है।

वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा आयोजित पहले क्रिटिकल मिनरल्स मिनिस्टीरियल सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने महत्वपूर्ण खनिजों से जुड़ी फोर्ज नामक पहल के प्रति भारत के समर्थन की भी जानकारी दी। जयशंकर ने सोशल



मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज वाशिंगटन डीसी में क्रिटिकल मिनरल्स मिनिस्टीरियल सम्मेलन को संबोधित किया। अत्यधिक संकेंद्रण से जुड़ी चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से आपूर्ति शृंखलाओं के जोखिम को कम करने के महत्व को रेखांकित किया। राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन समेत पहलों के जरिए अधिक लचीलापन हासिल करने की दिशा में भारत के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। मंत्रिस्तरीय सम्मेलन शुरू होने से पहले जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद और सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन समेत कई नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने नीदरलैंड्स, इटली, मलेशिया, बहरीन, मंगोलिया, पोलैंड, रोमानिया, इजराइल और उज्बेकिस्तान के अपने समकक्षों से भी बातचीत की।

# मणिपुर में सरकार गठन से दूर रहे कुकी विधायक

इंफाल। मणिपुर के कई कुकी संगठनों ने अपने समुदाय के विधायकों को राज्य में सरकार गठन की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेने की चेतावनी दी है। इसके साथ ही चुराचांदपुर में पूर्ण बंद और कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान भी किया गया है।

भारतीय जनता पार्टी के विधायक युमनाम खेमचंद सिंह ने बुधवार को मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने यह पदभार भाजपा नेता एन. बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के लगभग एक वर्ष बाद संभाला। राज्य में मेइती और कुकी समुदायों के बीच महीनों तक चली जातीय हिंसा के बाद राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। कुकी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली भाजपा विधायक नेमचा किपगेन और नगा पीपुल्स फ्रंट विधायक एल. दिखो ने मणिपुर के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। इस घटनाक्रम के बाद चुराचांदपुर जिले के आदिवासी संगठन जॉइंट फोरम ऑफ सेवन (जेएफ-7) ने शुक्रवार को सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक कुकी-जो बहुल इलाकों में पूर्ण बंद का आह्वान किया है।

# प. बंगाल के बजट में महिलाओं, युवाओं पर विशेष ध्यान

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 4.06 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट बृहस्पतिवार को पेश किया। इसमें आगामी विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं, युवाओं व अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को लक्षित करते हुए नकद सहायता एवं भत्ते में वृद्धि के प्रस्ताव शामिल किए गए हैं।

राज्य की करीब आधी आबादी महिलाओं की है जो लगातार चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की सबसे भरोसेमंद वोट बैंक बनकर उभरी हैं। इन महिलाओं के लिए राज्य सरकार ने इस साल फरवरी से लक्ष्मीर भंडार योजना में मासिक अनुदान में 500 रुपये की बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। सरकार ने इस योजना के लिए 15,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए बंगला युवा साथी नामक एक



योजना शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत 21-40 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार लोगों को नौकरी मिलने तक या अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए 1,500 रुपये का मासिक भत्ता प्रदान किया जाएगा। अगर तृणमूल कांग्रेस सत्ता में वापसी करती है तो यह योजना 15 योजना अगस्त से शुरू की जाएगी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायकों के भत्तों में 1,000 रुपये की वृद्धि की गई है। साथ ही उनकी मृत्यु होने पर उनके परिजन को पांच लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने का प्रस्ताव भी बजट में शामिल है। इसके लिए कुल 280 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। आशा कार्यकर्ताओं को भी प्रति माह 1,000 रुपये अतिरिक्त मिलेंगे। अंतरिम बजट में नागरिक स्वयंसेवकों और ग्रीन पुलिस कर्मियों के लिए 1,000 रुपये की मासिक वेतन वृद्धि की घोषणा की गई जिसके लिए 150 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। सरकारी कर्मचारी भी इससे अछूते नहीं रहे राज्य ने महंगाई भत्ते (डीए) में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की जो कर्मचारी संघों की लंबे समय से मांग रही है। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा बेरोजगारी और राज्य कर्मचारियों की कथित उपेक्षा को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर बार-बार हमले किए जाने के मद्देनजर यह बजट आलोचनाओं को कम करने और साथ ही महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ पार्टी के कल्याणकारी चुनावी वादों को मजबूत करने के लिए तैयार किया गया प्रतीत होता है।

# बांग्लादेश में हमले बढ़ने, राष्ट्रीय चुनाव नजदीक आने को लेकर हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय में डर का माहौल

ढाका। बांग्लादेश में हाल के महीनों में हिंदुओं पर हुए हमले को मानवाधिकार समूह और हिंदू नेता 12 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय चुनावों से पहले बढ़ते ध्रुवीकरण और इस्लाम समर्थकों के पुनरुत्थान के तौर पर देख रहे हैं। कपड़े की एक फैक्टरी में काम करने वाले दीपू चंद्र दास (27) पर दिसंबर में कई मुस्लिम सहकर्मियों ने पैगंबर मोहम्मद के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया था। इन आरोपों के बाद हिंसक भीड़ उसके कार्यस्थल पर उमड़ पड़ी और पीटकर हत्या कर दी। उसके शव को पेड़ से लटकाकर आग लगा दी गई। पूरे देश में, अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सदस्यों ने घटना के रिकॉर्ड किये गए दृश्यों को अपने मोबाइल फोन पर देखा और सहम गए। इस घटना को लेकर, ढाका और अन्य शहरों में विरोध प्रदर्शन भड़क उठे, प्रदर्शनकारियों ने न्याय और अधिक सुरक्षा की मांग की।

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने जांच के आदेश दिए और पुलिस ने कहा कि लगभग एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, मानवाधिकार समूहों और हिंदू नेताओं का कहना है कि यह हत्या कोई अलग-थलग घटना नहीं थी, बल्कि अल्पसंख्यक समुदाय पर हमलों में आई व्यापक वृद्धि का हिस्सा है, जिसे बढ़ते ध्रुवीकरण और इस्लामी कट्टरपंथियों के पुनरुत्थान ने हवा दी है। मुस्लिम बहुल देश में 12 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय चुनाव के मद्देनजर हिंदुओं में भय और भी गहरा गया है। बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी लगभग 1.31 करोड़ है, जो देश की 17 करोड़ आबादी का लगभग आठ प्रतिशत है, जबकि मुस्लिम आबादी 91 प्रतिशत है। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद अल्पसंख्यक समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक संगठन है।

## इंटरटेनमेंट...

# अरिजित सिंह के साथ कुछ तो हुआ : लकी अली

मुंबई। संगीतकार लकी अली ने करियर के चरम पर पहुंचने के बाद पार्श्व गायकी से संन्यास लेने वाले गायक अरिजीत सिंह का समर्थन किया और कहा कि उनके साथ कुछ न कुछ ऐसा हुआ है, जिसकी वजह से उन्हें यह फैसला लेना पड़ा।

खुद भी बॉलीवुड से अलग राह चुनने वाले अली ने कहा कि वह सिंह के इस फैसले का पूरी तरह से समर्थन करते हैं कि वह संगीत उद्योग की पाबंदियों से बाहर जाकर कुछ करें। अली (67) ने डिजिटल माध्यम से दिए साक्षात्कार में कहा आपको संगीतकार की जगह खुद को रखकर यह समझना होगा कि वह सच में क्या महसूस कर रहा है। अगर उसने इस दिशा में कदम उठाया है, तो जरूर उसके अंदर कुछ टूट गया होगा। मैं पूरी तरह से अरिजीत के फैसले से सहमत हूं। उन्होंने कहा वह निश्चित रूप से गाएंगे और खुद को व्यक्त करेंगे, लेकिन वह पहले जैसी परिस्थितियों में ऐसा नहीं करेंगे। आपको अपनी खुद की राह तय करनी होगी, जैसे हमने कीअ हमने अपनी खुद की राह बनाई। सिंह (38) ने पिछले महीने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिये संन्यास लेने की घोषणा करके अपने प्रशंसकों को हैरान कर दिया।



उन्होंने 27 जनवरी को एक पोस्ट में लिखा नमस्ते, आप सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं। इतने वर्षों तक श्रोताओं के रूप में मुझे इतना प्यार देने के लिए मैं आप सभी का धन्यवाद करना चाहता हूं। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मैं अब पार्श्व गायकी से विदा ले रहा हूं। मैं इसे अलविदा कह रहा हूं। यह सफर शानदार रहा। ओ सनम, एक पल का जीनौ औरै ना तुम जानो ना हमै जैसे हिट गानों के लिए मशहूर अली की रोमांस पर आधारित खुद की नयी एल्बमै तू जाने है कहाँ रिलीज हुई है। इस गीत को कौसर मुनीर ने लिखा है और इसे टिप्स म्यूजिक बैनर के तहत रिलीज किया गया है।

उन्होंने कहा अब हम किसी भी फिल्म या म्यूजिक कंपनी या किसी और पर निर्भर नहीं हैं, हम खुद ही कंपनी हैं। इसलिए, मूल रूप से यह खुद को अभिव्यक्त करने और समान सोच वाले लोगों के साथ काम करने की बहुत बड़ी आज़ादी है। सिंह के संन्यास के बाद काफी अटकलें लगाई जा रही हैं कि आखिर उन्हें यह फैसला लेने के लिए किस बात ने मजबूर किया। अपनी खुद की यात्रा के बारे में बताते हुए अली ने कहा कि हर नए कलाकार को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा आपको कुछ भी प्लेट में रखकर नहीं परोसा जाताअ आपको अपनी बात को सबसे अच्छे तरीके से पेश करना होता है और अपने किए हुए काम के प्रति खुद पर विश्वास करना होता है। एक बार जब आप ऐसा कर लेते हैं और उस बाधा को पार कर लेते हैं, तो चीजें थोड़ी आसान हो जाती हैं।

## बॉर्डर-2 ने की 315.10 करोड़ रुपये की कमाई

नयी दिल्ली। सनी देओल अभिनीत फिल्म बॉर्डर 2 ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म अब तक 315.10 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है।

फिल्म 23 जनवरी को रिलीज़ हुई थी, जिसका निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है। यह 1997 की सुपरहिट फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सनी देओल इसके पहले भाग बॉर्डर में भी थे। फिल्म ने रिलीज़ के पहले दिन 32.10 करोड़ रुपये और पहले सप्ताहांत में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 129.89 करोड़ रुपये की कमाई की। पहले सप्ताह के दौरान फिल्म की कमाई 244.97 करोड़ रुपये रही।

## रजनीकांत ने सफाईकर्मी को किया सम्मानित

चेन्नई। चेन्नई की एक सफाई कर्मचारी पद्मा ने कभी नहीं सोचा था कि वह तमिल फिल्म सुपरस्टार रजनीकांत से उनके आवास पर मिल सकेंगी, लेकिन ऐसा संभव हुआ और उन्हें अभिनेता से उपहार में सोने की चेन भी मिली।

पद्मा मंगलवार को अपने परिवार के साथ दिग्गज अभिनेता के पोएस गार्डन स्थित आवास पर गईं, जहां उनकी ईमानदारी के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। हाल ही में 45 सावरन (सॉवरेन) सोने के आभूषण उनके सही मालिक को लौटाने के सराहनीय कार्य के लिए, एक शीर्ष अभिनेता ने उन्हें सम्मान स्वरूप एक शॉल और दो सावरन के सोने की एक चेन भेंट की, जिसपर ॐ अंकित था।


# मुम्बई विश्वविद्यालय ने नसीरुद्दीन से वापस लिया निमंत्रण

मुंबई। प्रख्यात अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने दावा किया है कि मुंबई विश्वविद्यालय ने एक कार्यक्रम का निमंत्रण बिना किसी स्पष्टीकरण या माफी के अंतिम समय में वापस ले लिया। उन्होंने इसे अपमानजनक और निराशाजनक अनुभव बताया क्योंकि वह छात्रों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक थे।

नसीरुद्दीन शाह का लेख बृहस्पतिवार को इंडियन एक्सप्रेस अखबार में प्रकाशित हुआ। अभिनेता ने कहा कि वह विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग द्वारा एक फरवरी को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक थे। लेकिन 31 जनवरी की रात को सूचित किया गया कि उन्हें आने की आवश्यकता नहीं है। नसीरुद्दीन शाह ने लिखा मुंबई विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग ने एक फरवरी को जश्न-ए-उर्दू आयोजित किया था और इसके लिए उन्हें दिया गया निमंत्रण अंतिम समय में वापस ले लिया गया। यह एक ऐसा कार्यक्रम था जिसका मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा था क्योंकि यह छात्रों से संवाद के लिए मंच था। उन्होंने लिखा



विश्वविद्यालय ने मुझे (31 जनवरी की रात को) सूचित किया कि मुझे शिरकत करने की आवश्यकता नहीं है। इसके लिए माफी मांगने की तो बात तो छोड़ दें कारण भी नहीं बताया गया। जाहिर तौर पर क्या यह अपमानजनक नहीं था। अभिनेता ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय ने बाद में कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सूचित किया कि उन्होंने (अभिनेता ने) उसमें हिस्सा लेने से इनकार कर दिया था। नसीरुद्दीन शाह ने लिखा, यह कोई हैरानी की बात नहीं है कि उनमें सच कहने का साहस नहीं था - कि मैं खुले तौर पर देश के खिलाफ बयान देता हूं, (यदि ये बयान गुप्त होते तो शायद उन्हें कोई आपत्ति न होती। कम से कम, एक वरिष्ठ विश्वविद्यालय अधिकारी ने कथित तौर पर यही कहा था। उन्होंने कहा अगर वह सिर्फ दिखावा नहीं कर रहे हैं और वास्तव में उस बयान पर विश्वास करते हैं, तो मैं संबंधित सज्जन को चुनौती देता हूं कि वे मेरा एक भी ऐसा बयान पेश करें जिसमें मैंने अपने देश की निंदा की हो। निशांत, आक्रोश, जाने भी दो यारो, मासूम और स्पर्श जैसी चर्चित फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके नसीरुद्दीन शाह ने कहा कि वह सत्तारूढ़ दल द्वारा किए जाने वाले कई कार्यों की अक्सर आलोचना करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com